# बालाघाट एक्सप्रेस

हिन्दी दैनिक

E-mail: balaghatexpress@gmail.com

/padmeshmedia /padmeshmedia

epaper.balaghatexpress.in

बालाघाट
सोमवार 22 अप्रैल 2024
चैत्र शुक्ल 15 विक्रम सम्वत 2081
वर्ष 15, अंक 210
पृष्ठ 12
मूल्य ₹ 7.00


## राजस्थान के जालोर में प्रधानमंत्री ने कहा

# कांग्रेस ने देश को खोखला किया

जालोर। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि जिस पार्टी ने कभी 400 सीटें जीती थीं, आज वो 300 सीट पर चुनाव नहीं लड़ पा रही है। आज कांग्रेस की हालत ये है कि उन्हें उम्मीदवार नहीं मिल रहे हैं। इन्होंने अवसरवादी इंडी अलायंस बना लिया है। उसकी पतंग उडने् से पहले कट गई है। कहने को तो गठबंधन है, लेकिन अब हालत देखिए। कई राज्य हैं, जहां ये गठबंधन वाले ही आपस में लड़ रहे हैं। कांग्रेस के इतने हाल खराब है भाइयों। अब देखिए कांग्रेस ने देश पर 60 साल तक राज किया। इसी कांग्रेस ने हमारी माताओं-बहनों को शौचालय, गैस,बिजली-पानी, बैंक अकाउंट ऐसी छोटी-छोटी चीजों के लिए तरसाया। इसी कांग्रेस ने परिवारवाद और भ्रष्टाचार का दीमक फैलाकर देश को खोखला कर दिया और उनके इन्हीं पापों की सजा देश कांग्रेस को दे रहा है। मोदी भीनमाल (जालोर) में 72 जिनालय के सामने स्थित ग्राउंड पर जनसभा को संबोधित कर रहे थे।



पीएम ने कहा कि देश का युवा इतने गुस्से में है वो दोबारा कांग्रेस का मुंह नहीं देखना चाहता। उन्होंने कहा कि अस्थिरता की प्रतीक कांग्रेस पार्टी और उनका कुनबा देश को चला सकता है क्या। आज कांग्रेस की जो हालत हुई है, उसकी गुनहगार वो खुद है। देखिए आपके यहां से राज्यसभा में कांग्रेस के एक नेता दक्षिण के हैं, उन्हें भेजा। कभी उन्होंने एक भी बार राजस्थान की बात कही है। आपने उदारता पूर्वक भूतपूर्व पीएम मनमोहन सिंह को सम्मान में राजस्थान से राज्यसभा में भेजा। वो काफी समय बीमार रहे। क्या कभी राजस्थान में आपने उन्हें फिर से भेजा। अब उनके एक और नेता को बचाने की कोशिश की राजस्थान वालों ने। जो लोग चुनाव नहीं लड़ सकते, चुनाव जीत नहीं सकते, मैदान छोड़ कर इस बार राजस्थान से राज्यसभा में आए हैं। उन्होंने कहा कि इस लोकसभा के चुनाव में देश में पच्चीस प्रतिशत सीटें ऐसी हैं, जहां ये गठबंधन के लोग एक-दूसरे को मारने-काटने में लगे हैं। एक-दूसरे के खिलाफ चुनाव लड़ रहे हैं। अगर जिसमें चुनाव के पहले इतनी लड़ाई चल रही है तो चुनाव के बाद लूट के लिए कितनी ज्यादा लड़ाई लड़ेंगे, इसकी कल्पना कर सकते हैं। क्या ऐसे लोगों को इतना बड़ा देश सुपुर्द कर सकते हैं क्या।

### मैं भी आप ही की तरह सामान्य परिवार से आया हूं

मैं भी आप ही की तरह सामान्य परिवार से आया हूं। मैंने भी परिवार में देखा न बिजली होती थी न पानी होता था, घर में रसोई का चूल्हा धुएं से भर जाता था। बचपन ऐसे ही बिताकर आया हूं, लेकिन जब आज यहां पहुंचा हूं तो मेरे दिल में यही रहता है कि बचपन में जो कठिनाई अपनी मां को भुगतते देखता था मैं ऐसी कठिनाई मेरे देश की एक भी माता-बहन को भुगतते नहीं देखना चाहता। इसलिए मैं आपके बेटे की तरह, आपके भाई की तरह आपके दुख-दर्द को मिटाने के लिए दिन-रात दौड़ रहा हूं। अभी तक राजस्थान के करीब 19 लाख दलित, गरीब, पिछड़े, आदिवासी परिवारों के पक्के घर बन चुके हैं और इसमें एक लाख पक्के घर जालोर और सिरोही में बने हैं। एक घर बनाना होता है तो कितनी तकलीफ होती है ये आप भी जानते हैं, अकेले इस इलाके में मोदी ने एक लाख घर बना दिए। ऐसा इसलिए दिल में एक दर्द पड़ा हुआ है। संवेदना पड़ी हुई है। इसलिए मोदी लालायित रहता है।

### कांग्रेस सरकार रिमोट कंट्रोल से चलती थी

पहले चरण के मतदान में आधे राजस्थान ने कांग्रेस को बराबर की सजा दी है, उनको बराबर का सबक सिखाया है। राष्ट्रभक्ति से ओत-प्रोत राजस्थान ये जानता है कि कांग्रेस कभी भी मजबूत भारत बना ही नहीं सकती। देश को ऐसी कांग्रेस सरकार नहीं चाहिए। देश में 2014 से पहले के हालात वापस नहीं होने चाहिए। हर कोई कांग्रेस की कमजोर सरकार को धमकाते थे। हर कोई देश को लूटने में जुटा था। प्रधानमंत्री को तो कोई पूछता ही नहीं था। सरकार रिमोट कंट्रोल से चला करती थी।

### जालोर आना, अपने घर जैसा

मोदी बोले कि जालोर आना, हम गुजरात वालों को लगता है, अपने घर गए हैं। पार्टी संगठन का काम करता था तब भी और गुजरात में सीएम था तब भी अनेक बार आप सबके बीच आने का मुझे अवसर मिला है। कई परिवारों से भी मेरा परिचय रहा है। आपने हर बार भाजपा को भरपूर आशीर्वाद दिया है तो इस बार भी जालोर-सिरोही यही कह रहा है फिर एक बार मोदी सरकार।

## भाजपा की सुविधा के लिए 1 जून तक कराया जा रहा मतदान



कोलकाता। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने चुनाव आयोग को लपेटे में लिया है। उन्होंने आरोप लगाया कि भारतीय चुनाव आयोग ने पीएम नरेंद्र मोदी और बीजेपी के लोगों को आराम देने के लिए मतदान की तारीख 1 जून तक रखी है ताकि बीजेपी के लोगों देश के संसाधनों का जमकर उपयोग कर सकें और उन्हें चुनावी प्रचार का पूरा वक्त मिले।मालदा जिले के गाज़ोल में टीएमसी उम्मीदवार और पूर्व आईपीएस अधिकारी प्रसून बनर्जी के समर्थन में एक सार्वजनिक बैठक को संबोधित करते हुए ममता बनर्जी ने कहा कि 19 अप्रैल से 1 जून तक चुनाव निर्धारित किए गए हैं ताकि मोदी और उनके कैबिनेट सहयोगी विशेष विमानों से यात्रा कर सकें और जमकर प्रचार कर सकें। देश में हर चरण से पहले उन्हें विपक्ष पर हावी होना है।

पश्चिम बंगाल के भाजपा और कांग्रेस सांसदों पर हमला करते हुए , बनर्जी ने आरोप लगाया कि 2019 में राज्य से चुने जाने के बावजूद, उनमें से किसी ने भी मनरेगा धन जारी करने के संबंध में राज्य का मामला नहीं उठाया। उन्होंने कहा , हमारे (टीएमसी) सांसद जब पिछले साल नवंबर में मनरेगा की धनराशि जारी करने की मांग को लेकर दिल्ली गए थे तो उनके साथ दुर्व्यवहार किया गया और उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया। लेकिन कांग्रेस और भाजपा सांसदों ने गरीबों के लिए क्या किया है? कुछ भी नहीं। लेकिन, बंगाल भीख नहीं मांगेगा। मैं आपकी रॉयल बंगाल टाइगर हूं। हमें जितने अधिक सांसद मिलेंगे, उतना अधिक काम होगा। बनर्जी ने सीपीआई (एम) और कांग्रेस पर भाजपा को बढ़ावा देने का आरोप लगाया और लोगों से किसी भी गैर-टीएमसी उम्मीदवार को वोट नहीं देने का आग्रह किया। मैंने ही इंडिया ब्लॉक का नाम दिया था। लेकिन बंगाल में इंडिया गुट नहीं है। हमारे लिए, यह राज्य के बाहर है, अंदर नहीं। ममता बनर्जी ने आगे कहा, 卐पहले चुनाव मई तक समाप्त हो जाते थे, लेकिन इस साल, इसे 1 जून तक बढ़ा दिया गया है ताकि पीएम मोदी सैन्य विमानों पर विभिन्न स्थानों का दौरा कर सकें। जबकि, दूसरी तरफ हमें हेलीकॉप्टर अपने स्वयं की व्यवस्था से जुटाने करने के लिए कहा जा रहा है। इन हेलीकॉप्टरों को भी भाजपा नेता बुक करा रहे हैं ताकि हमें वो भी न मिल सकें। उन्होंने कहा, लोगों को चिलचिलाती गर्मी से काफी असुविधा हो रही है, लेकिन मोदी इससे बेपरवाह हैं क्योंकि वे (भाजपा नेता) सभी सुविधाओं के साथ चुनाव प्रचार कर रहे हैं।

## खास खबर

### हादसों में 8 की मौत, छात्र जिंदा जला

जबलपुर। रविवार का दिन मध्यप्रदेश के लिए हादसों से दिन रहा। सडक् हादसों में 8 लोगों की मौत हो गई। जबकि शनिवार रात सलकनपुर धाम से खंडवा लौट रहे तीन लोगों की मौत हो गई। रविवार सुबह जबलपुर में 18 साल का छात्र बाइक के साथ जिंदा जल गया। शहर में ही सुबह 8.30 बजे गेहूं काटने वाला हार्वेस्टर पुलिया से नीचे गिर गया। हरियाणा के रहने वाले तीन लोगों की मौत हो गई, एक घायल है। बड़वानी के सेंधवा में कार की टक्कर से बाइक सवार दंपती और दो बच्चों की मौके पर ही मौत हो गई। छतरपुर में भाजपा प्रत्याशी की कार की टक्कर से एक बच्ची घायल हो गई।

### मणिपुर में आज दोबारा होगी वोटिंग

इम्फाल। मणिपुर के मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने घोषणा की है कि मणिपुर लोकसभा क्षेत्र के 11 मतदान केंद्रों पर दोबारा वोटिंग की जाएगी। 22 अप्रैल को दोबारा वोटिंग कराई जाएगी। बता दें ?कि निर्वाचन आयोग ने 19 अप्रैल को इन मतदान केंद्रों पर हुई वोटिंग को अमान्य घोषित करने और दोबारा से मतदान कराने को कहा था, इसके बाद ही ये फैसला आया है मणिपुर निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि यहां के खुरई निर्वाचन क्षेत्र के मोइरंगकम्पु साजेब और थोंगम लीकाई, क्षेत्रीगाओ के 4, इंफाल पूर्वी जिले के थोंगजू में 1, उरीपोक में 3 और इंफाल पश्चिम जिले के कोंथौजम में 1 मतदान केंद्रों पर दोबारा से वोट डाले जाएंगे। 19 अप्रैल को हुई वोटिंग के दौरान जातीय संघर्ष के चलते तनाव ग्रसित चल रहे मणिपुर के इन केंद्रों से गोलीबारी, धमकी देने और कुछ बूथों पर ईवीएम में तोड़-फोड़ करने जैसे मामले दर्ज हुए थे। मणिपुर की दो लोकसभा सीट इनर मणिपुर और आउटर मणिपुर के लिए शुक्रवार 19 अप्रैल को लोकसभा के पहले चरण में मतदान हुआ था, इस दौरान 72 प्रतिशत वोटिंग हुई थी। मणिपुर में वोटिंग के दौरान हुई घटनाओं के मद्देनजर कांग्रेस ने मणिपुर के 47 मतदान केंद्रों पर फिर से वोटिंग कराए जाने की मांग की थी।

### शराब घोटाले मामले में रिटायर्ड आईएएस अधिकारी टुटेजा गिरफ्तार

रायपुर। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने कथित शराब घोटाले से जुड़े धनशोधन के एक मामले में छत्तीसगढ़ के सेवानिवृत्त आईएएस (भारतीय प्रशासनिक सेवा) अधिकारी अनिल टुटेजा को गिरफ्तार कर लिया है। अनिल टुटेजा पिछले साल प्रशासनिक सेवा से सेवानिवृत्त हुए थे। उच्चतम न्यायालय ने आयकर विभाग की शिकायत पर आधारित ईडी की प्राथमिकी को हाल में रद्द कर दिया था जिसके बाद संघीय एजेंसी ने कथित शराब घोटाला मामले में धनशोधन का एक नया मामला दर्ज किया था।

### कांग्रेस ने जारी की एक और सूची, चार उम्मीदवार किए घोषित

नई दिल्ली। लोकसभा चुनाव 2024 के पहले चरण का मतदान सम्पन्न हो चुका है और अगले चरण के मतदान के लिए पार्टियां अपने उम्मीदवारों की घोषणा कर ही हैं। वहीं आज कांग्रेस ने एक और सूची जारी की है। इसमें कांग्रेस ने चार उम्मीदवारों की घोषणा की है। कांग्रेस ने इस सूची में 3 ओडिशा और 1 पश्चिम बंगाल से उम्मीदवार घोषित किया है। पार्टी ने एक्स पर पोस्ट कर लिखा कि कांग्रेस के अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे की अध्यक्षता में आयोजित केंद्रीय चुनाव समिति की बैठक में लोकसभा चुनाव, 2024 के लिए ओडिशा और पश्चिम बंगाल के कांग्रेस उम्मीदवारों की लिस्ट जारी की गई।

# झारखंड में इंडिया गठबंधन का शक्ति-प्रदर्शन

## सुनीता केजरीवाल से लेकर अखिलेश-तेजस्वी तक, भाजपा पर जमकर बरसा विपक्ष

रांची। झारखंड की राजधानी रांची में रविवार को विपक्षी गठबंधन इंडिया गठबंधन ने एकजुटता दिखाई। झारखंड मुक्ति मोर्चा (जेएमएम) के नेतृत्व में यह रैली रांची के प्रभात तारा मैदान में हुई। रैली को दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की पत्नी सुनीता केजरीवाल ने संबोधित किया। उन्होंने कहा कि अरविंद केजरीवाल को सत्ता की कोई इच्छा नहीं है। वह सिर्फ देश की सेवा करना चाहते हैं। वह देश को नंबर 1 बनाना चाहते हैं। कई लोग कहते हैं कि ये मुश्किल है। जेल के ताले टूटेंगे, अरविंद केजरीवाल, हेमंत सोरेन छूटेंगे...।

उन्होंने कहा कि राजनीति बहुत गंदी चीज है, उनके खाने में कैमरा लगाया जा रहा है। वे शुगर के मरीज हैं। वे पिछले 12 वर्षों से प्रतिदिन 50 यूनिट इंसुलिन ले रहे हैं, लेकिन उन्हें जेल में इंसुलिन नहीं दी जा रही है। वे दिल्ली के सीएम को मारना चाहते हैं। वे बहुत बहादुर हैं। वह शेर हैं। उन्हें जेल में भी भारत माता की चिंता है।




### कल्पना सोरेन ने पढ़ा हेमंत का संदेश

रैली में झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की पत्नी कल्पना सोरेन ने उनका संदेश पढ़ा। उन्होंने कहा कि भाजपा विपक्ष शासित राज्यों में सरकारें गिराने का काम कर रही है, हम लोकतंत्र को विफल नहीं होने देंगे। हेमंत सोरेन ने जेल से अपने संदेश को पढ़ते हुए कल्पना ने कहा कि दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल और मेरे पति हेमंत सोरेन को चुनाव से ठीक पहले उन ताकतों ने जेल में डाल दिया, जो उनकी सरकारों के खिलाफ साजिश रच रहे थे। विपक्ष की आवाज को दबाने के लिए ईडी और सीबीआई जैसी केंद्रीय एजेंसियों का दुरुपयोग किया जा रहा है, लेकिन भाजपा और ऐसी ताकतों को झारखंड से बाहर कर दिया जाएगा। उन्होंने दावा किया कि अगर पार्टी मौजूदा चुनाव जीतती है तो यह आदिवासियों के लिए एक बड़ा खतरा होगा।

### भाजपा के लोग हमारी शक्ति को नहीं तोड़ सकते- खरगे

कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने भी भाजपा पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि वे 500, 400 सीटें कहते रहते हैं, लेकिन इस बार गठबंधन की शक्ति इतनी मजबूत है कि चाहे वह पीएम मोदी हों या कोई भी हो, भाजपा के लोग हमारी शक्ति को नहीं तोड़ सकते। वे हमें डराने की कोशिश कर रहे हैं।

### देश में बड़ा इंकलाब आने वाला है- मान


सभा को संबोधित करते हुए पंजाब के मुख्यमंत्री और आप नेता भगवंत मान ने कहा कि यह भारतीय जनता पार्टी नहीं है, बल्कि भारतीय जुमला पार्टी है। देश में बड़ा इंकलाब आने वाला है। आज जहां तक नजर जा रही थी वहां तक लोगों की भीड़ थी, लोगों में बहुत उत्साह था। जब बदलाव के लिए लोग चलते हैं तो ऐसी ही भीड़ दिखती है। इस दौरान आप सांसद संजय सिंह ने भी लोगों को संबोधित किया। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्र सरकार पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि इंडिया गठबंधन भारत के लिए काम करेगा और पीएम मोदी अदाणी के लिए काम करेंगे। भाजपा ने बंगाल में 400 पार, 200 पार, दिल्ली में 35 पार, झारखंड में 65 पार जैसे नारे देकर लोगों को गुमराह किया। 400 पार का नारा फर्जी है। इस बार आपको उन्हें ताड़ी पार, ताड़ी पार कहना चाहिए। संजय सिंह ने कहा कि पूरे हिंदुस्तान में बाबा साहेब डॉ. भीम राव अंबेडकर का संविधान चलता है और भारत तथा हम सब लोग उनके संविधान को मानते हैं। भाजपा नागपुर के संविधान को मानते हैं। नागपुर का संविधान कहता है कि दलितों का आरक्षण खत्म करो, आदिवासियों का आरक्षण खत्म करो, पिछड़ों का आरक्षण खत्म करो, चुनाव खत्म करो... मैं आपसे कहना चाहता हूं कि ये अंतिम चुनाव है और इस बार चुनाव में इनको हराने का काम करना और कहना कि हम देश का संविधान नहीं बदलने देंगे।

## सरकारी मशीनरी का दुरुपयोग कर रही महिला पुलिस अफसर को कोर्ट ने लगाई फटकार

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को राजस्थान की एक महिला पुलिस अधिकारी के पिता पर 5 लाख रुपये का जुर्माना लगाया। क्योंकि कोर्ट ने पाया कि उन्होंने अधिकारी के अलग हुए पति के खिलाफ दो बार वैवाहिक क्रूरता का मामला दर्ज करने के लिए राज्य मशीनरी का दुरुपयोग किया था। मामला राजस्थान का है।मामले की सुनवाई न्यायमूर्ति विक्रम नाथ और न्यायमूर्ति प्रशांत कुमार मिश्रा की पीठ कर रही थी। पीठ ने मामले में कई आपराधिक शिकायतों को आगे बढ़ने की अनुमति देने के लिए राजस्थान उच्च न्यायालय और राज्य पुलिस की भी आलोचना की। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि 'की गई कार्यवाही कानून की प्रक्रिया के दुरुपयोग के अलावा और कुछ नहीं है। महिला पुलिस अधिकारी एक के बाद एक शिकायतें दर्ज करके अपने आधिकारिक पद का दुरुपयोग कर रहे थे।' बार बेंच की रिपोर्ट के अनुसार,सुप्रीम कोर्ट ने आगे कहा कि 'हम गुप्त उद्देश्यों के लिए और दूसरे पक्ष को परेशान करने के लिए राज्य मशीनरी के दुरुपयोग की इस प्रथा की निंदा करते हैं।' मालूम हो कि अदालत भारतीय दंड संहिता की धारा 498ए (एक विवाहित महिला के प्रति क्रूरता) के तहत एक व्यक्ति के खिलाफ राजस्थान पुलिस द्वारा दर्ज मामले को रद्द करने से राजस्थान उच्च न्यायालय के इनकार को चुनौती देने वाली एक अपील पर सुनवाई कर रही थी। आरोपी व्यक्ति ने दावा किया कि उसके खिलाफ दो जिलों, उदयपुर (राजस्थान) और हिसार (हरियाणा) में एक ही आरोप में दो आपराधिक मामले दर्ज किए गए थे। शिकायतकर्ता एक पुलिस अधिकारी का पिता था जिसने 2015 में आरोपी व्यक्ति (अपीलकर्ता) से शादी की थी। महीनों बाद, अपीलकर्ता के खिलाफ हरियाणा में वैवाहिक क्रूरता का आरोप लगाने वाला एक आपराधिक मामला दर्ज किया गया।

## अधिकारों को छीनने की कोशिश कर रही भाजपा

बालोद। कांग्रेस की राष्ट्रीय महासचिव प्रियंका गांधी रविवार को बालोद जिले के दौरे पर रहीं। उन्होंने यहां हथौद मैदान में चुनावी सभा को संबोधित किया। प्रियंका गांधी ने कांकेर लोकसभा सीट से कांग्रेस प्रत्याशी बीरेश ठाकुर के पक्ष में माहौल बनाया। उन्होंने कहा कि अभी शादी का सीजन चल रहा है, भीषण गर्मी भी है, फिर भी इतनी संख्या में आप मुझे सुनने के लिए आए हैं, इसके लिए मैं आपकी आभारी हूं। प्रियंका गांधी ने कहा कि आपने ये प्रदेश अपनी मेहनत के दम पर बनाया है। यहां प्राकृतिक संसाधन प्रचुर मात्रा में हैं, इसके बावजूद यहां बेरोजगारी चरम पर है। आज हम अपने जीवन में संघर्ष कर रहे हैं। पैसे कमाते हैं, लेकिन बचता नहीं है। सबकुछ महंगा हो गया है। घर में कभी कोई जरूरत का वक्त आता है, तब हमें बेबस होना पड़ता है।



### आरजेडी में शामिल होते ही महबूब बोले 'चिराग गद्दार'



पटना । लोकसभा चुनाव के दौरान बिहार का सियासी मैदान दिन-ब-दिन गर्म होता जा रहा है। लोजपा से नाराज सांसद महबूब अली केसर ने चिराग पासवान को गद्दार करार दिया है। इसी के साथ उन्होंने तेजस्वी यादव की मौजूदगी में राजद का हाथ थाम लिया।

लोकसभा चुनाव 2024 में टिकट ना मिलने से नाराज महबूब अली केसर ने लोजपा छोड़ आज आरजेडी का हाथ थाम लिया। आरजेडी ने प्रेस कॉन्फ्रेंस करके महबूब अली केसर का पार्टी में स्वागत किया। लोक जनशक्ति पार्टी के सिटिंग सांसद महबूब अली कैसर ने चिराग पासवान पर आरोप लगते हुए कहा की उन्होंने मेरे साथ गद्दारी की है। महबूब अली कैसर का कहा कि हमने घर वापसी की है, जिसकी मुझे बहुत खुशी है। तेजस्वी यादवकी तारीफ करते हुए उन्होंने कहा की 17 महीने में तेजस्वी यादव ने लोगों को 5 लाख नौकरी दी। इसलिए मैं तेजस्वी यादव का बहुत बड़ा फैन हूं। जब मेरी जान रहेगी तब तक मैं राजद की मजबूती के लिए काम करुंगा।

## दूरदर्शन लोगो का रंग बदलने पर विवाद छिड़ा

### -विपक्ष ने कहा चुनाव आचार संहिता का उल्लंघन

नई दिल्ली। यहां देश में लोकसभा चुनाव 2024 के प्रथम चरण का मतदान हुआ है वहीं दूसरी तरफ दूरदर्शन के भगवा रंग में रंगे नए लोगो को लेकर सियासी विवाद भी गहरा गया है। दरअसल दूरदर्शन के नीले रग वाले लोगो को बदल कर नारंगी रंग का लोगो कर दिया गया है, जिस पर विवाद छिड़ा हुआ है। भाजपा सरकार के फैसले का बचाव करते हुए कह रही है कि जो रंग 1982 में इंदिरा गांधी द्वारा डीडी चैनल के लिए चुना गया था उसे ही बहाल किया गया है। वहीं दूसरी तरफ विपक्ष ने इसे चुनाव आचार संहिता का उल्लंघन बताया है।

दूरर्शन का लोगो कलर चेंज होने के साथ ही खबर यह आ रही है कि यदि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अगुवाई में एक बार फिर एनडीए की सरकार बनती है तो सूचना और प्रसारण मंत्रालय और प्रसार भारती में और भी अहम बदलाव देखने को मिल सकते हैं, जिसकी योजना तैयार कर ली गई है। सूत्रों की मानें तो दूरदर्शन को 15 देशों में ब्यूरो के साथ एक वैश्विक ब्रांड के तौर पर विस्तारित करने की योजना है। बताया जा रहा है कि प्रसार भारती के शब्द पोर्टल को विदेशी आउटलेट्स सहित एक हजार से ज्यादा मीडिया संस्थाओं को शामिल कर वैश्विक समाचार एजेंसी के तौर पर विकसित किया जाएगा।

## वोटिंग से पहले कांग्रेस ने गंवाई सूरत लोकसभा सीट, निलेश कुंभाणी का नामांकन हुआ रद्द

अहमदाबाद। कांग्रेस ने दक्षिण गुजरात की सूरत लोकसभा सीट मतदान से पहले ही गंवा दी है। सूरत से कांग्रेस उम्मीदवार निलेश कुंभाणी का निर्वाचन अधिकारी ने आज पर्चा रद्द कर दिया। चर्चा है कि इस मामले में कांग्रेस अब हाईकोर्ट के द्वार खटखटाएगी। दूसरी ओर निलेश कुंभाणी का पर्चा रद्द होने के बाद कांग्रेस में ही आरोप प्रत्यारोप शुरू हो गए हैं। कांग्रेस के नेता ही निलेश कुंभाणी पर भाजपा से रुपए लेने का आरोप लगाया है। निलेश कुंभाणी की भाजपा के सेटिंग की वजह से कांग्रेस को एक सीट गंवानी पड़ी। कांग्रेस नेताओं का आरोप है कि आखिर किस प्रकार अपने परिवार के लोग विश्वासघात कर सकते हैं और यह मामला जांच का विषय है। गवाह तो निलेश कुंभाणी के संबंधी थे और वह किसी प्रकार विश्वासघात कर सकते हैं।



कांग्रेस नेत असलम साइकलवाला ने बीते दिन के घटना के लिए भाजपा और निलेश कुंभाणी की सोची समझी साजिश थी। निलेश कुंभाणी के जो गवाह थे वह कांग्रेस पार्टी और जिम्मेदार व्यक्ति नहीं थे। गवावों में निलेश कुंभाणी के सगे बहनोई, सगा भांजा और दो व्यवसायी साझीदार थे। इसलिए पूरे मामले के लिए निलेश कुंभाणी स्वयं जिम्मेदार हैं। क्योंकि निलेश कुंभाणी को कांग्रेस ने संगठन के गवाहों को रखने की सलाह दी थी। लेकिन निलेश कुंभाणी ने पार्टी की सलाह को अनसुनी कर अपने निजी व्यक्तियों को गवाह बनाया। असलम साइकिल वाला ने कांग्रेस हाईकमान से अनुरोध किया है कि इस पूरे मामले में जो भी कोई दोषी है उसके खिलाफ तत्काल प्रभाव से कार्यवाही की जानी चाहिए। बता दें कि निलेश कुंभाणी के फार्म में गवाहों के फर्जी हस्ताक्षर आरोप लगाते हुए भाजपा आपत्ति दर्ज कराई थी। निलेश कुंभाणी के गवाहों ने निलेश कुंभाणी के फार्म में अपने हस्ताक्षर होने से साफ इंकार कर दिया और इसके लिए हलफनामा भी दिया था। हांलाकि निर्वाचन अधिकारी ने कांग्रेस उम्मीदवार को आज यानी 21 अप्रैल की सुबह 11 बजे तक अपने गवाहों के साथ पेश होने का समय दिया था। लेकिन आज सुबह 11 बजे तक निलेश कुंभाणी एक भी गवाह पेश नहीं कर पाए। जिसकी वजह निलेश कुंभाणी का नामांकन रद्द हो गया है।

# कक्षा 10वीं 12वीं बोर्ड परीक्षा का परिणाम जारी ?

## अफवाहों का बाजार गर्म असमंजस्य में विद्यार्थी, अधिकारियों ने अफवाहों का किया खंडन , बोले 26 के बाद कभी भी आ सकता है परीक्षा परिणाम

बालाघाट ( पदमेश न्यूज़ )।

**बालाघाट सहित संपूर्ण प्रदेश में 5 और 6 फरवरी से शुरू हुई कक्षा 10वीं कक्षा 12वीं की बोर्ड परीक्षा का परिणाम घोषित कर दिया गया है। कुछ ऐसी ही अफवाह जिले में पिछले दो दिनों से उड़ाई जा रही है। जहां जिले भर में बोर्ड परीक्षा के परिणाम जारी होने को लेकर अफवाहों का बाजार गर्म है जिसके चलते इस वर्ष कक्षा दसवीं और कक्षा 12वीं की परीक्षा देने वाले जिले के करीब 43 487 विद्यार्थी, परीक्षा परिणाम को लेकर असमंजस की स्थिति में है और वे परीक्षा परिणाम को लेकर चिंतीत नजर आ रहे हैं। हालांकि जिला शिक्षा विभाग से जुड़े अधिकारियों ने इन बातों को सिर्फ एक अफवाह बताया है। जहां उन्होंने परीक्षा परिणाम जारी होने को लेकर उड़ाई जा रही अफवाहों का खंडन करते हुए स्पष्ट कर दिया कि माध्यमिक शिक्षा मंडल मध्य प्रदेश भोपाल द्वारा फिलहाल कक्षा दसवीं और कक्षा 12वीं के परीक्षा परिणाम घोषित नहीं किए गए हैं। जिन्होंने 25 अप्रैल के बाद कभी भी परीक्षा परिणाम घोषित होने की जानकारी दी है।**


### 10 वी की 5 फरवरी से, तो वही 12 वी 06 फरवरी से

### शुरू हुई थी परीक्षा

आपको बताएं कि माध्यमिक शिक्षा मंडल मध्य प्रदेश भोपाल द्वारा जारी किए गए टाइम टेबल के अनुसार इस वर्ष कक्षा दसवीं की बोर्ड परीक्षा 5 फरवरी से, तो वही कक्षा 12वीं की बोर्ड परीक्षा की शुरुवात 06 फरवरी से की गई थी। इन परीक्षाओं को संपन्न करने के लिए जिले में 133 परीक्षा केंद्र बनाए गए थे। जिसमें बोर्ड परीक्षा संपन्न कराई गई थी। जहां उत्तर प्रदेश बोर्ड के परीक्षा परिणाम जारी होने के बाद लगातार जिले में भी यह अफवाह उड़ाई जा रही है कि माध्यमिक शिक्षा मंडल मध्य प्रदेश भोपाल द्वारा भी परीक्षा परिणाम जारी कर दिया गया है। जिसको लेकर जहां एक ओर विद्यार्थी असमंजस की स्थिति में नजर आ रहे हैं तो वहीं दूसरी ओर इस अफवाह से जुड़े सवालों का जवाब देते देते शिक्षा विभाग से जुड़े अधिकारी भी काफी परेशान है।

### 43,487 बच्चे परीक्षा में हुए थे शामिल

माध्यमिक शिक्षा मंडल मध्य प्रदेश भोपाल के निर्देशानुसार 5 और 6 फरवरी से शुरू हुई कक्षा दसवीं कक्षा बारहवीं की परीक्षाओं को संपन्न करने के लिए जिले में 133 परीक्षा केंद्र बनाए गए थे। जहां 43 हजार से अधिक बच्चे बोर्ड परीक्षा में शामिल हुए थे इसमें हाई स्कूल कक्षा दसवीं के 22,308 नियमित बच्चे, तो वही हाई सेकेंडरी स्कूल



कक्षा 12वीं के 18,228 बच्चे परीक्षा में शामिल हुए थे। तो वहीं कक्षा दसवीं के 1514 स्वाध्याय बच्चे और कक्षा 12वीं के 1437 स्वाध्यायी बच्चो ने भी नियमित विघार्थियों के साथ विभिन्न परीक्षा केंद्रों पर प्रश्न पत्र हल किया था। इस तरह वर्ष 2024 में आयोजित कक्षा दसवीं कक्षा 12वीं की इस बोर्ड परीक्षा में 43,487 बच्चे शामिल हुए थे।

### एक महा पूर्व हो चुका है मूल्यांकन

आपको बताएं कि इस वर्ष आयोजित कक्षा दसवीं कक्षा बारहवीं की परीक्षा के साथ-साथ पर कॉपियों का मूल्यांकन कार्य भी शुरू कर दिया गया था। जहां 5 और 6 फरवरी से शुरू हुई इन परीक्षाओं के जल्द से जल्द परीक्षा परिणाम घोषित करने को लेकर माध्यमिक शिक्षा मंडल मध्य प्रदेश भोपाल द्वारा 23 फरवरी से कापियों के मूल्यांकन का कार्य शुरू कराया गया था। जहां 23 फरवरी से शुरू हुआ यह मूल्यांकन कार्य 28 मार्च तक चला था। जहां 28- 29 मार्च तक सभी कॉपियों का मूल्यांकन कार्य संपन्न कर मंडल को ऑनलाइन और ऑफलाइन के माध्यम से प्राप्तांक भेज दिए गए थे। जहां रिजल्ट बनाने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई थी। इस मूल्यांकन कार्य को लगभग एक महा बीत जाने के बाद भी अब तक कक्षा दसवीं कक्षा 12वीं के परीक्षा परिणाम घोषित नहीं किए गए हैं वहीं दूसरे राज्यों में कक्षा दसवीं कक्षा कक्षा 12वीं की परीक्षा परिणाम घोषित किया जा रहे हैं। जिसको लेकर बच्चों में कहीं ना कहीं मायूसी देखने को मिल रही है। तो वही बोर्ड परीक्षा में शामिल होने वाले बच्चे अगली कक्षा में प्रवेश लेकर अगली कक्षाओं की पढ़ाई भी नहीं कर पा रहे हैं।

### अफवाहों को लेकर पिछले दो दिनों से आ रहे फोन कॉल -शाहिद सिद्दीकी

इस पूरे मामले को लेकर दूरभाष पर की गई चर्चा के दौरान जिला शिक्षा विभाग के परीक्षा विभाग प्रमुख शाहिद सिद्दीकी ने बताया कि पिछले दो दिनों से जिले में यह चर्चा चल रही है कि कक्षा दसवीं कक्षा बारहवीं का परीक्षा परिणाम घोषित कर दिया गया है। बच्चे और उनके अभिभावक स्कूलों व इंटरनेट कैफे में जाकर लगातार परेशान हो रहे हैं। हमें भी पिछले दो दिनों से लगातार फोन कॉल्स आ रहे हैं और वे यही पूछ रहे हैं की परीक्षा परिणाम जारी हुआ है या नहीं। जिसका जवाब दे-दे कर हम थक चुके हैं। हमने मामले की पुष्टि करने के लिए दो से तीन बार माध्यमिक शिक्षा मंडल मध्य प्रदेश भोपाल में फोन कॉल कर मामले की पुष्टि की है। उन्होंने भी स्पष्ट कर दिया है कि फिलहाल परीक्षा परिणाम जारी नहीं किया गया है । हम भी लोगों को समझा समझा के थक चुके हैं फिर भी लोग फोन करके परीक्षा परिणाम के बारे में पूछते हैं।

### 25 अप्रैल के बाद कभी भी आ सकता है परीक्षा परिणाम- उपाध्याय

वही इस पूरे मामले को लेकर दूरभाष पर की गई चर्चा के दौरान प्रभारी जिला शिक्षा अधिकारी अश्विनी कुमार उपाध्याय ने बताया कि माध्यमिक शिक्षा मंडल मध्यप्रदेश भोपाल द्वारा कक्षा दसवीं कक्षा 12वीं का परीक्षा परिणाम जारी नहीं किया गया है। जब भी परीक्षा परिणाम जारी होगा इसकी सूचना जिले के सभी के संकुलों के माध्यम से सभी निजी शासकीय स्कूलों में पहुंचा दी जाएगी। वही परिणाम घोषित होते ही इंटरनेट पर भी रिजल्ट आ जाएगा।बावजूद इसके भी बच्चे व अभिभावक परेशान हो रहे हैं। उन्होंने आगे बताया कि 25 अप्रैल के बाद कभी भी परीक्षा परिणाम घोषित किया जा सकता हैं।



# सकल जैन समाज ने महावीर जयंती पर किया भंडारे का आयोजन

वारासिवनी ( पद्मेश न्यूज ) । सकल जैन समाज के तत्वाधान में अंबेड़कर चौक में २१ अप्रैल को भंडारे का आयोजन किया गया। इस भंडारे का आयोजन शाम ५ बजे से किया गया जो ७ बजे तक चला। इस दौरान नगर ही नही क्षेत्र के लोग भी शामिल हुये जिन्होने भंडारा ग्रहण कर पुण्य लाभ अर्जित किया। सकल जैन समाज द्वारा महावीर स्वामी की जयंती के अवसर पर इस भंडारे का आयोजन किया गया था। पद्मेश को जानकारी देते हुये सकल जैन समाज के पदाधिकारी हिमांशु संचेती ने बताया कि यह भंडारे का कार्यक्रम भगवान महावीर स्वामी की जयंती के अवसर पर किया गया है। जिसमें पुलावा व मीठे के रूप में बूंदी का वितरण किया गया है।साथ ही स्वच्छ पानी की सुविधा भी रखी गई है। हमने ५ बजे से भंडारे का आयोजन किया था जिसका समापन शाम ७ बजे किया गया है। इस आयोजन में नगर सहित क्षेत्र के श्रृध्दालु भक्तों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई है। बहरहाल इस आयोजन के दौरान सकल जैन समाज के पदाधिकारी व सदस्य बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।



# हनुमान जन्मोत्सव पर निकाला जायेगा पानीपत की तर्ज पर हनुमान जी का चल समारोह


बालाघाट(पदमेश न्यूज़) । हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी जिले में पूरे धूमधाम के साथ हनुमान जन्मोत्सव का कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है जिसमें अलग-अलग समिति अपने-अपने स्तर पर हनुमान जन्मोत्सव को लेकर कार्यक्रम आयोजित कर रहे हैं तो वही श्री हनुमान सेवा दल समिति द्वारा त्रिपुर सुंदरी मंदिर से पानीपत की तर्ज पर हनुमान जी का स्वरूप धारण किए हुए चल समारोह निकाला जाएगा जिसकी सारी तैयारी समिति द्वारा कर ली गई है इस बार वीर हनुमान जी का स्वरूप भक्त आकाश रंगलानी के द्वारा धारण किया गया है। आपको बता दे की वीर हनुमान जी के जन्मोत्सव पर शहर में अलग-अलग मंदिरों व धार्मिक संस्थाओं में हनुमान जी महाराज का जन्मोत्सव का कार्यक्रम समितियों और श्रद्धालु अपने-अपने स्तर पर आयोजित कर रहे हैं जिसमें त्रिपुर सुंदरी मंदिर जयस्तंभ चौक से श्री हनुमान जी सेवादल समिति द्वारा पानीपत की तर्ज पर हनुमान जी महाराज का स्वरूप धारण किए



हुए चल समारोह निकाला जाता है जिसमें इस बार हनुमान जी महाराज का स्वरूप भक्त आकाश रंगलानी के द्वारा धारण किया गया है जिन्होंने हनुमान जी महाराज का पाठ पूरे 40 से 45 दिन तक किये है एवं इसके लिए हनुमान जी महाराज का ट्रायल भी अभी चैत्र नवरात्रि की नवमी में लिया गया था जिसमें हनुमान जी का स्वरूप धारण किए आकाश रंगलानी द्वारा नवमी के अवसर पर ट्रायल के माध्यम से त्रिपुर सुंदरी मंदिर से एक चल समारोह जैसा ट्रायल लिया गया जो जिला पंचायत के सामने से होता हुआ काली पुतली चौक पहुंचा जहां से वह हनुमान मंदिर पहुंचे जहां पर पूजा अर्चना के बाद यह ट्रायल पुन: मंदिर में आकर समाप्त हुआ एवं 23 अप्रैल को पूरे विधि विधान के साथ पानीपत की तर्ज पर वीर हनुमान जी महाराज का स्वरूप निकाला जाएगा जिसमें समिति के सदस्यों द्वारा बताया गया कि 23 अप्रैल को शाम 6:00 बजे से ही इसकी तैयारी प्रारंभ कर दी जाएगी और शाम 7:00 बजे हनुमान जी महाराज का चल समारोह निकाला जाएगा जो की त्रिपुर सुंदरी मंदिर से काली पुतली होते हुए मेन रोड से शहर का भ्रमण करते हुए यह चल समारोह हनुमान चौक पहुंचेगा और हनुमान चौक से पुन: गोंदिया रोड के रास्ते मां त्रिपुर सुंदरी मंदिर में आकर यह चल समारोह समाप्त होगा इसके लिए अभी से ही शहर में बैनर पोस्टर लगा दिए गए हैं तो वहीं प्रचार वाहन से भी इस चल समारोह के विषय में जानकारी दी जा रही है।

# अगर इस सरकार को आप फिर वापस ले आए तो ये लोकतंत्र को खत्म कर देंगे - मल्लिकार्जुन खड़गे

सतना। सतना में आयोजित सभा में कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे एवं मध्य प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने कांग्रेस के सतना से उम्मीदवार सिद्धार्थ कुशवाहा के समर्थन में सभा को संबोधित किया। कार्यक्रम में पूर्व केंद्रीय मंत्री अरुण यादव,राज्य सभा सांसद विवेक तंखा, पूर्व मंत्री कमलेश्वर पटेल, सी. पी. मित्तल, जिलाध्यक्ष दिलीप मिश्रा सहित अन्य कांग्रेस एवं इंडिया गठबंधन के नेता उपस्थित रहे। कांग्रेस राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने अपने संबोधन में कहा कि मैं आपको विश्वास दिलाता हूं कि 102 सीटों पर जो वोटिंग हो गई है, उसमें इंडिया गठबंधन को भारी बहुमत मिलेगा। आज लोगों के प्रमुख मुद्दे महंगाई और बेरोजगारी हैं जिससे सब पीड़ित हैं केवल एक आदमी उससे पीड़ित नहीं और वो हैं मोदी जी। कांग्रेस ने हमें जनता के लिए काम किए, देश के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू की योजनाओं में आपको हर क्षेत्र का विकास दिखेगा। जिस देश में एक सुई नहीं बनती थी, वहां उन्होंने विज्ञान और तकनीक को बढ़ावा देकर रॉकेट तक बनाने का काम किया वहीं भाजपा केवल कांग्रेस को गाली एवं संविधान का सत्यनाश करने का काम कर रही है। भाजपा के सांसद का कहना है कि हम संविधान बदलना चाहते हैं इसलिए 400 सीटें चाहिए। श्री खड़गे ने कहा कि प्रधानमंत्री बहुत झूठ बोलते है जैसे उन्होंने कहा था कि विदेशों से काला धन लाऊंगा, सबके खाते में 15 लाख आएंगे, हर साल 2 करोड़ नौकरियां दूंगा, किसानों की आय दोगुनी करूंगा के वादे किए थे परंतु लेकिन



किसी को कुछ नहीं मिला। लेकिन हम जो वादे करते हैं उन्हें पूरा कर दिखाते हैं। कांग्रेस ने मनरेगा, खाद्य सुरक्षा अधिनियम जैसे कानून बनाए और गरीबों के हितों की रक्षा की। वहीं नरेंद्र मोदी बोलते हैं कि मैं गरीबों को मुफ्त राशन दे रहा हूं लेकिन भूल जाते हैं कि ये तो कांग्रेस का बनाया कानून है, जिसमें हम गरीबों को राशन देते आ रहे हैं। श्री खड़गे ने कहा कि हमारी सरकार ने 72 हजार करोड़ रुपए का किसानों का कर्ज माफ किया था, इन्होंने केवल अमीरों को बैंक से कर्ज दिलाया और उन्हें भगाया। एक तरफ 400 की बात करते हैं वहीं दूसरी तरफ जिन्हें भ्रष्टाचारी कहते थे, अब उन्हें अपने साथ बैठा रहे हैं ऐसा इसलिए क्योंकि गृहमंत्री के पास एक बहुत बड़ी 'वाशिंग मशीन' है, जिसमें कपड़ों के बजाय आदमी को डालकर साफ कर दिया जाता है। श्री खड़गे ने कहा कि अगर इस सरकार को आप फिर वापस ले आए तो ये लोकतंत्र को खत्म कर देंगे तथा बाबा साहब के बनाए गए संविधान को खत्म कर देंगे अगर उसको जिंदा रखना चाहते हैं, अगर अपने वोट के अधिकार को सुरक्षित रखना चाहते हैं तो कांग्रेस पार्टी को वोट दीजिए एवं सिद्धार्थ कुशवाहा को विजय बनाइए। मध्य प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने अपने संबोधन में कहा कि राहुल जी का स्वास्थ्य ठीक ना होने के कारण उन्होंने श्री खड़गे जी से आग्रह किया कि वे सतना की इस सभा को संबोधित करें, मैं दोनों ही नेताओं का दिल से धन्यवाद देता हूं, जोरदार तालियों से स्वागत करने का आग्रह श्री पटवारी ने किया।

# कूनो में खुले रिसोर्ट, आदिवासी युवा बने वेटर और गाइड चीता प्रोजेक्ट के कारण हो रहा स्थानीय विकास

भोपाल। 75 साल बाद भारत में लाए गए चीतों ने क्या बदला. कहने को कह सकते हैं कुछ नहीं, लेकिन जमीनी हकीकत नकारात्मक बिलकुल नहीं है, कम से कम उस क्षेत्र की जहां चीतों का बसेरा है। देश की अति पिछड़ी विशिष्ट जनजाति सहरिया के कारण पांचवीं अनुसूची में शामिल श्योपुर जिले के कराहल ब्लाक का नाम पहले कुपोषण और पेयजल समस्या का पर्याय था। अब यह भारत में चीता के घर के रूप में जाना जाता है। कूनो पतझड़ वन कहलाता है। यहां जितने नीरस वन दिखाई दे रहे हैं उतने ही लोकसभा चुनाव लेकिन स्थानीय मुद्दों पर आदिवासी समाज मुखर होकर बात करता है। पिछले लोकसभा चुनाव में इस क्षेत्र से अधिकांश आदिवासी वोट कांग्रेस को गए थे इस बार मामला इतना सीधा नहीं है उसके दो कारण है एक तो चीता प्रोजेक्ट के कारण हो रहा स्थानीय विकास और दूसरा केंद्रीय योजनाओं का आदिवासियों को मिल रहा लाभ।

### रिसार्टों में आसपास के गांवों के युवा हैं कर्मचारी

कराहल ब्लाक के सेसईपुरा कस्बे से होते हुए टिकटौली गांव के द्वार से ही कूनो नेशनल पार्क में सफारी के लिए पर्यटक प्रवेश करते हैं। डेढ़ साल पहले पीएम नरेन्द्र मोदी जब चीतों को यहां छोडऩे पहुंचे तब यहां सडक़ भी बन गई। इसके कारण कूनो पार्क के अलावा इन गांवों तक पहुंचना भी आसान हो गया है। मोरावन गांव में कच्चे घरों के बीच शानदार रिसोर्ट दिखाई दिया द पालपुर फोर्ट रिसार्ट। थोड़ी दूरी पर ही नदी किनारे कूनो जंगल रिसार्ट बना हुआ है। पालपुर रिसार्ट मैनेजर महेश शर्मा से सपाट सवाल पूछा- चीतों के आने से यहां कुछ बदला है या नहीं? जवाब आया- बहुत बदला है। इस रिसार्ट में माली, वेटर से लेकर अधिकांश कर्मचारी इन्हीं गांवों के युवा ही हैं जिन्हें प्रशिक्षण दिया गया है।

### आदिवासी युवाओं ने स्वरोजगार की राह पकड़ ली है

टिकलौटी गेट की ओर बढ़े तो देखा कि आवागमन बढ़ा तो गांव के आदिवासी युवाओं ने स्वरोजगार की राह पकड़ ली है। सडक़ किनारे छोटी-छोटी दुकानें खोलकर उसमें ब्रांडेंड पानी, शीतय पेय और पर्यटकों के उपयोगी सामान रख लिए हैं। गांव में घरों के सामने सडक़ के नीचे बाहर निकली नीली पाइप लाइन दिखाई दे रही है, यह केंद्र की नल-जल योजना के पहुंचने की गवाही देती है। वायरलेस आपरेटर, चीता ट्रैकिंग टीम, गाइड के रूप में करीब 100 स्थानीय युवक काम कर रहे हैं।

# अर्जुननाला में आज मनाई जाएगी अंबेडकर जयंती

कटंगी (पद्मेश न्यूज़)। कटंगी शहर के अर्जुननाला में स्थित ऐतिहासिक धम्म भूमि बौद्ध विहार में आज संविधान शिल्पकार डॉ बाबा साहब अंबेडकर की 133 वीं जन्म जयंती मनाई जाएगी। जयंती समारोह में महापुरुषों पर आधारित सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति भी होगी। जिसमें प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान हासिल करने वाले विजेताओं को पुरस्कार प्रदान किया जाएगा। इसके अलावा अन्य सांत्वना पुरस्कार भी प्रदान किए जाएंग। जिला बौद्ध संघ जिलाध्यक्ष अधिवक्ता संजय खोब्रागड़े की अध्यक्षता और क्षेत्रीय विधायक गौरव सिंह पारधी के मुख्य आतिथ्य में जयंती समारोह का आयोजन होगा। पंचशील महिला मंडल बौद्ध विहार समिति अर्जुननाला की ओर से जयंती समारोह का आयोजन करवाया गया है। जिसमें नगर परिषद अध्यक्ष योगेन्द्र ठाकुर, पूर्व नपा उपाध्यक्ष योगेन्द्र रांहगडाले, देवानंद मेश्राम, संतोष बंसोड़, विशेष अतिथि होगें. वहीं पार्षद श्रीमती सुनीता दिमागचंद टेम्भरे, गायत्री योगराज ठाकरे, रामसिंह नागेश्वर, दिनेश कोहरे, आंनद सहारे, हिरालाल मात्रे, जगत मेश्राम, हरिलाल खरोले, हरिचंद दरवड़े, दिनेश तुरकने बतौर अतिथि के रुप में शामिल होगें। उक्ताशय की जानकारी अरविंद दरवड़े ने दी। उन्होंने तमाम बौद्ध उपासक-उपासिकाओं और अंबेडकर अनुयाईयों से जयंती समारोह में शामिल होने की अपील की है।


लामता में ''पद्मेश''
इंटरनेट (ब्राडबेंड) एवं केबल टीवी कनेक्शन के लिये संपर्क करें
Mo. 8319969927

परसवाड़ा में ''पद्मेश''
इंटरनेट (ब्राडबेंड) एवं केबल टीवी कनेक्शन के लिये संपर्क करें
Mo. 8319969927

बारबेड वायर (कांटेदार तार) एवं चेन लिंक जाली उचित दाम पर उपलब्ध
लघु उद्योग निगम भोपाल से संबद्ध
निर्माता
तिरूपति इंजीनियरिंग वर्क्स
मयूर टॉकिज के सामने हनुमान चौक, बालाघाट
फोन:- 07632-243531
मो:- 8989976858, 9425139998

## मतदान की गोपनीयता भंग करने वाले वायरल वीडियो पर
# कोतवाली पुलिस ने की चार लोग पर एफआईआर दर्ज

बालाघाट(पदमेश न्यूज़)। मतदान के दौरान मतदान केंद्र की गोपनीयता भंग करने के मामले में कोतवाली पुलिस द्वारा बीते दिनों दो लोगों पर एफआईआर दर्ज की गई थी तो वहीं अब गोपनीयता भंग करने वाले मामले में कोतवाली पुलिस ने और दो लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है तो वहीं सोशल मीडिया पर हो रहे वीडियो की और पहचान कर सत्यता का पता लगाया जा रहा है तो वही बताया जा रहा है कि इस मामले में और भी आरोपी की संख्या बढ़ सकती हैं पुलिस से मिली जानकारी अनुसार बताया जा रहा है कि 19 अप्रैल को हुए लोकसभा चुनाव 2024 के प्रथम चरण के मतदान को लेकर कुछ लोगों द्वारा मतदान के दौरान मतदान की प्रक्रिया की गोपनीयता भंग करते हुए वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल किए थे जिसमें बालाघाट एसडीएम गोपाल सोनी द्वारा 19 अप्रैल को ही दो लोगों के खिलाफ कोतवाली में एफआईआर दर्ज करवाई गई थी तो पुन: 21 अप्रैल को पुलिस द्वारा प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया जा रहा है कि गोपनीयता भंग करने वाले मामले में और दो लोगों पर मामला पंजीबद कर लिया गया है तो अब तक इसमें तीन आरोपी पर नामजद एफआईआर हुई है तो वही एक अन्य की पहचान की जा रही है अब तक इस विषय में कोतवाली पुलिस द्वारा चार लोगों पर मामला पंजीबद कर लिया गया है और बताया यह जा रहा है कि और अन्य सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे वीडियो की पहचान कर इस मामले में आरोपियों की संख्या और बढ़ सकती है।



### इन लोगों पर हुआ मामला दर्ज

आपको बता दे की जिले मे लागू आदर्श आचार संहिता एवं धारा 144 CRPC के अंतर्गत स्पष्ट निर्देश थे कि, निर्वाचन प्रक्रिया मे इस प्रकार की गतिविधि पर धारा 188 IPC एवं अन्य प्रावधानों के तहत कानूनी कार्यवाही की जावेगी। पुलिस अधीक्षक बालाघाट समीर सौरभ द्वारा लोकसभा निर्वाचन मे, सोशल मीडिया साइट्स पर नजर रखने हेतु साइबर टीम का गठन किया गया था, जो लगातार सोशल मीडिया साइट्स पर वायरल अवैध गतिविधियों पर नजर बनाए हुई थी अत: वोट डालते हुए, श्व.ङ्क.रू मशीन का वीडियो वायरल होने पर तत्काल कार्यवाही के निर्देश देने पर, थाना कोतवाली मे 03 एवं थाना कटंगी 01 अपराध पंजीबद्ध किया गया। तकनीकी माध्यमों से तीन आरोपीयों की पहचान कर पूछताछ की जारी है। जबकि 1 आरोपी की पहचान नही हो पाई है। जिसमे ग्राम जाम थाना कटंगी में रहने वाले शुभम पिता लोकेन्द्र पटले द्वारा शासकीय प्राथमिक शाला कटंगी के मतदान केंद्र से मतदान की गोपनीयता भंग की गई थी, तो वहीं शबजाद अहमद पिता जहीरूद्दीन अहमद निवासी कुम्हारी मोहल्ला बालाघाट द्वारा शासकीय नेहरू नवींन कक्ष के मतदान केंद्र का वीडियो वायरल किया गया था, ग्राम पंचायत गर्रा से मोनू उर्फ जितेन्द्र भगत पिता स्व. युवराज भगत द्वारा शासकीय प्राथमिक शाला गर्रा के मतदान केंद्र का वीडियो बनाकर वायरल किया गया था वही एक आरोपी द्वारा पॉलिटेक्निक कॉलेज के मतदान केंद्र का वीडियो बनाकर मतदान की गोपनीयता भंग की गई थी जिस पर धारा 188 भदवि एवं 128 लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम के तहत कार्रवाई की गई है तो अन्य हो रहे सोशल मीडिया पर वीडियो की भी पहचान कर कोतवाली पुलिस द्वारा उन पर भी कार्रवाई की जाएगी।

### शहबाज़ अहमद को छोड़ा गया मुचलके पर

आपको बता दे की 19 अप्रैल को कांग्रेस पदाधिकारी शहबाज़ अहमद जो कि जिला कांग्रेस कमेटी मे आईटी एवं सोशल मीडिया सेल के अध्यक्ष के पद पर कांग्रेस कमेटी में पदाधिकारी है, जिन पर पुलिस द्वारा मतदान के दिन मतदान की गोपनीयता भंग करने के मामले में उन पर कोतवाली पुलिस द्वारा मामला कायम करते हुए प्रकरण बनाया गया था, जिस पर 21 अप्रैल को उन्हें कोतवाली पुलिस द्वारा उन्हें मुचलके पर छोड़ दिया गया है उन्होंने बताया कि उन पर कोतवाली पुलिस ने जो मामला कायम किया था उस पर उनके पार्टी के सभी पार्टी पदाधिकारी और उनके साथियों के अथक प्रयासों से वह आज मुचलके पर छुट गए हैं।

# जिला बदर अब नगर में आकर कर रहे हैं वारदात

## एक युवक को शराब पीने रुपए नहीं देने पर की मारपीट, दी जान से मारने की धमकी, जिला बदर रिजवान उर्फ कंघी खान सहित दो के विरुद्ध अपराध दर्ज

बालाघाट(पदमेश न्यूज़)। अब नगर में जिला बदर ,जिला दंडाधिकारी के आदेश का उल्लंघन कर नगर में आकर मारपीट और अवैध वसूली की वारदात को अंजाम देने लगे। बीती रात नगर की जामा मस्जिद चौक में स्थित शाहरुख नाई की दुकान के सामने जिला बदर रिजवान उर्फ कंघी खान ने अपने एक साथी के साथ एक युवक को शराब पीने 500 रुपये रुपए नहीं देने पर हाथ बुकको और ईट से मारपीट की और जान से मार डालने की धमकी देते हुए दोनों फरार हो गए । कोतवाली पुलिस ने रेहान खान पिता अब्दुल सुल्तान 26 वर्ष वार्ड नंबर 3 रजा नगर बालाघाट निवासी द्वारा की गई रिपोर्ट पर जिला बदर रिजवान उर्फ कंघी खान और अकील कुरैशी के विरुद्ध अवैध वसूली और मारपीट करने के आरोप में अपराध दर्ज कर दोनों की तलाश शुरू की है। प्राप्त जानकारी के अनुसार रिजवान खान उर्फ कंघी खान को उसकी अपराधी गतिविधियों के देखते हुए जिला दंडाधिकारी द्वारा उसे 1 वर्ष की अवधि के लिए बालाघाट जिला से निष्कासित किया गया है। किंतु जिला बदर रिजवान उर्फ कंघी खान जिला दंडाधिकारी के जिला बदर आदेश का उल्लंघन कर बालाघाट नगर में आकर अवैध वसूली और मारपीट की वारदात को अंजाम देते आ रहा है। रेहान खान रजा नगर निवासी ड्राइविंग का काम करते हैं। 20 अप्रैल को रेहान खान पवन बस से सिवनी जाने के लिए घर से निकले थे और बस स्टैंड पहुंचे थे । तभी बस छूट जाने के कारण रेहान खान पैदल घर वापस आ रहा था। उस समय रात्रि के 11.45 बज रहे थे। नगर के जामा मस्जिद चौक शाहरुख नाई की दुकान के सामने रेहान खान अपने दोस्तो के साथ खड़े थे। तभी रिजवान खान उर्फ कंघी खान अपने साथी अकील कुरैशी के साथ आए और रेहान खान को बोले कि तू ट्रक चला कर बहुत कमाई कर रहा है और रिजवान उर्फ कंघी ने रेहान खान से शराब पीने के लिए 500 रुपये मांगे रेहान खान ने उसे रुपए देने से मना किया तब रिजवान उर्फ कंघी खान ने अपने साथी अकील कुरैशी के साथ रेहान खान को अश्लील गालियां देने लगे। रेहान खान ने उन्हें गाली देने से मना किया तो अकील कुरैशी ने रेहान खान की गर्दन पकड़ लिया और रिजवान उर्फ कंघी खान ने उसे हाथ बुकके से मारपीट करने लगा रिजवान उर्फ कंघी ने हाथ में रखी ईट के टुकड़ा से मारपीट कर दिया। जिससे रेहान खान घायल हो गया। बीच बचाव रेहान खान के दोस्तों ने किया। इसके बाद रिजवान उर्फ कंघी खान और उसके दोस्त अकील कुरैशी ने वहा से भागने लगे जिन्होंने दोबारा रुपया नहीं देने पर रेहान खान को जान से मार डालने की धमकी दे दी। इसके बाद रेहान खान रिपोर्ट करने के लिए कोतवाली पहुंचे। कोतवाली पुलिस ने रेहान खान द्वारा की गई रिपोर्ट पर रिजवान उर्फ कंघी खान वार्ड नंबर 3 रजानगर बालाघाट और अकील कुरैशी गड्डा मोहल्ला बालाघाट निवासी के विरुद्ध 294 323 506 327 34 भादवि के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना शुरू की है। घटना के बाद से दोनों आरोपी फरार है जिनकी तलाश की जा रही है।

# वैनगंगा नदी के रेलवे पुल से कूद कर मृत लड़की की हुई शिनाख्त

## बालाघाट में किराए से रहकर नीट की तैयारी कर रही थी योगिता तुरकर किस वजह से रेलवे पुल से कूद कर आत्महत्या की जांच कर रही है कोतवाली पुलिस

बालाघाट(पदमेश न्यूज़)। बैनगंगा नदी के रेलवे पुल से छलांग लगाने से मृत लड़की की शिनाख्त योगिता पिता सुरेंद्र तुरकर17वर्ष 4 माह ग्राम थानेगांव थाना वारासिवनी निवासी के नाम से उसके परिजनों ने की। कोतवाली पुलिस ने इस लड़की की लाश पोस्टमार्टम करवा कर उसके परिजनों को सौंप दिया है । इस लड़की ने किस वजह से रेलवे पुल से कूद कर आत्महत्या की स्पष्ट नहीं हो पाया है।आगे मर्ग जांच कोतवाली पुलिस द्वारा की जा रही है। प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम थानेगांव निवासी सुरेंद्र तुरकर जो अपने परिवार के साथ खेती किसानी करते हैं। जिनके दो बच्चे हैं एक बेटा और एक बेटी है। जिसमें योगिता तुरकर बड़ी हैऔर वह अपनी चचेरी बहन के साथ गोंदिया रोड बालाघाट में किराए से कमरा लेकर नीट की तैयारी कर रही थी। जिसकी चचेरी बहन प्रतिदिन गोंदिया पढ़ने जाती है। 20 अप्रैल को सुबह 7:30 बजे को योगिता की चचेरी बहन गोंदिया चली गई थी। उस समय योगिता अपने कमरे में ही थी। जिसके जाने के बाद 4:00 बजे करीब योगिता अपने रूम से निकल कर सीधे वैनगंगा नदी के रेलवे पुल के ऊपर गर्रा तरफ से पहुंची थी। उस समय रेलवे पुल के नीचे नदी में कुछ लोग नहा रहे थे। तभी इस लड़की ने देखते देखते ही नदी में छलांग लगा दी । जो रेलवे पुल से पानी में ही गिरी। इस लड़की को पूल से छलांग लगाते देख वहा नहाने वाले भाग खड़े हो गए । जब ये लोग कुछ देर बाद पहुंचे । तब तक इस लड़की की मौत हो चुकी थी। जिसकी सूचना मिलते ही नगर निरीक्षक प्रकाश वास्कले उपनिरीक्षक दीपसिंह परमार सहित अन्य पुलिस कर्मचारी मौके पर पहुंचे । उस समय यह लड़की अज्ञात थी। जिसकी लाश मौके से उठवा कर जिला अस्पताल के फ्रीजर में सुरक्षित रखवा दिया गया था। इधर रात्रि 8 बजे करीब जब योगिता की चचेरी बहन रूम पहुंची उस समय योगिता रूम में दिखाई नहीं थे। जिसका मोबाइल भी रुम में ही था। तब इस लड़की ने पास पड़ोस में योगिता की खोजबीन की किंतु योगिता नहीं मिली। जिसके बाद इस लड़की ने मोबाइल से अपने परिवार वालों को योगिता के रूम में नहीं होने के संबंध में जानकारी दी। इधर एक लड़की के रेलवे पुल से कूदने की खबर सोशल मीडिया में फैल चुकी थी। खबर मिलते ही 21 अप्रैल को सुबह योगिता के परिवार के लोग कोतवाली पहुंचे और कोतवाली पुलिस ने जिला अस्पताल ले जाकर योगिता की शिनाख्त कार्यवाही की। सुरेंद्र तुरकर ने मृतिका की पहचान अपनी बेटी योगिता तुरकर के नाम से की । उपनिरीक्षक दीप सिंह परमार ने पंचनामा कार्यवाही पश्चात योगिता तुरकर की लाश पोस्टमार्टम करवा कर उसके परिजनों को सौंप दिये। इस लड़की ने किस वजह से रेलवे पुल से खुद कर आत्महत्या की अभी स्पष्ट नहीं हो पाया है आगे जांच कोतवाली पुलिस द्वारा की जा रही है।

### मृतिका योगिता के शव का पोस्टमार्टम करवा कर परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया है- उप निरीक्षक दीप सिंह परमार

उपनिरीक्षक दीप सिंह परमार ने बताये कि कल दिनांक को एक महिला का शव वैनगगा नदी के रेलवे पुल के नीचे गिरे होने की सूचना प्राप्त हुई थी। मौके पर जाकर महिला का शव बरामद करके पोस्टमार्टम संबंधित कार्रवाई की गई। मृतिका की शिनाख्त वारासिवनी क्षेत्र की योगिता पिता सुरेंद्र तुरकर के नाम से की गई जो बालाघाट के गोंदिया रोड में किराए से कमरा लेकर नीट की परीक्षा की तैयारी कर रही थी और वह अपनी चचेरी बहन के साथ रहती थी। मृतिका का शव पोस्टमार्टम करवा कर उसके परिजनों सुपुर्द किया गया है। मृतका के परिजनो का बयान लेकर आगे कार्रवाई की जाएगी। मृतिका का मोबाइल अभी जप्त नहीं किया गया है। मर्ग जांच में जो भी आगे तथ्य आएंगे उसके आधार पर कार्यवाही की जाएगी।

# विकल्प के रूप में बनाया गया बाईपास नहीं झेल पा रहा यातायात का दबाव

## सड़कों पर बने बड़े-बड़े गड्ढे ,बीते दिनों अधिकारियों ने भी कर लिया है निरीक्षण पर नहीं हुई कोई कार्रवाई

बालाघाट(पदमेश न्यूज़)। सरेखा रेलवे क्रॉसिंग पर बन रहे ओवरब्रिज और अंडरपास का काम इन दिनों काफी धीमी रफ्तार से चल रहा है भले ही यह माना जा रहा था कि लोकसभा चुनाव को देखते हुए कार्य की रफ्तार धीमी चल रही थी और कलेक्टर गिरीश कुमार मिश्रा द्वारा भी पिछली बार अपने बयान में कहा गया था कि चुनाव के बाद निर्माण कार्य रफ्तार पकड़ेगा तो वही विकल्प के रूप में डायवर्ट किया हुआ मार्ग नवेगांव रेलवे अंडरपास के पास से गोंगलाई धान मंडी तक काफी अधिक खस्ताहाल हो चुका है एवं सड़कों पर बड़े-बड़े गड्ढे बन गए हैं और यह मार्ग अब भारी वाहनों का दबाव नहीं झेल पा रहा है, जबकि बीते दिनों अधिकारी एवं कलेक्टर गिरीश कुमार मिश्रा द्वारा इस मार्ग का निरीक्षण भी किया गया था और अधिकारी कर्मचारी को निर्देश भी दिए गए थे कि मार्ग पर तुरंत ही कार्य किया जाए किंतु कलेक्टर के भी आदेशों का पालन अभी तक नहीं हुआ है और मार्ग की स्थिति दिन प्रतिदिन बिगड़ते जा रही है तो वहीं अंडरपास बनने की भी दी गयी गाइडलाइन खत्म हो रही है पर अंडर पास कब बनेगा यह कहा नहीं जा सकता। आपको बतादे की एक महीने से शासकीय अमला आदर्श आचार संहिता के पालन और चुनावी कार्यों में व्यस्त रहा, जिसके कारण कई निर्माण कार्य रुके रहे। पहले चरण का लोकसभा चुनाव जिले में शांतिपूर्ण हो चुका है। अब आम जनता की आस अधूरे कामों के पूरा होने की है। खासकर सरेखा रेलवे ओवरब्रिज से जुड़े अधूरे कामों को पूरा होने व सुधार कार्य की ज्यादा जरूरत है। क्योंकि इससे रोजाना सैकड़ों लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। ओवरब्रिज निर्माण के दौरान भारी वाहनों के लिए बनाए गए बायपास मार्ग की हालात दिनों-दिन खराब होती जा रही है। नवेगांव स्कूल के सामने से बायपास के रूप में बनाए गए इस वैकल्पिक मार्ग में रेलवे अंडरपास के बाद से गोंगलई कृषि मंडी तक सड़क की हालत बेहद खराब है। रोज भारी वाहनों की आवाजाही से रोड की हालत और खराब हो रही है, जिससे न सिर्फ वाहन चालकों को परेशानी उठानी पड़ रही है बल्कि अगल-बगल में रहने वाले लोगों को दिनभर धूल के गुबार का सामना करना पड़ रहा है। इससे उनकी सेहत पर भी असर पड़ रहा है।



### कलेक्टर के आदेश का नही हो रहा पालन

सरेखा रेलवे ओवरब्रिज निर्माण के वक्त प्रशासन ने गोंदिया की दिशा से आने वाले भारी वाहनों के गुजरने के लिए नवेगांव से गोंगलई, गायखुरी, जागपुर घाट रोड, डेंजर रोड होते हुए बायपास मार्ग घोषित किया था। इस मार्ग की स्थिति सुधारने और सुधार की जरूरत को परखने के लिए तीन-चार बार प्रशासनिक अधिकारियों ने दल-बल के साथ इस मार्ग पर निरीक्षण भी किया और संबंधित विभागों को मार्ग सुधारने के लिए निर्देशित भी किया था, लेकिन कलेक्टर के कई आदेशों का अब तक सही ढंग से पालन नहीं हो सका है। नवेगांव स्कूल से करीब 200 मीटर दूर रेलवे अंडरपास ब्रिज के बाद से गोंगलई मंडी तक सड़क की हालत खस्ताहाल हो चुकी है। सड़क पर बने बड़े-बड़े गड्ढे, उखड़ चुकी गिट्टी हादसों का कारण बन रही है। बैठकों में इसे लेकर उच्च अधिकारियों ने सुधार कार्य की जरूरत महसूस तो की, लेकिन अपनी कथनी को करनी में अब तक नहीं बदल सके।

### नही बन पायेगा 15 मई तक अंडरपास

सरेखा रेलवे ओवरब्रिज से जुड़ा एक और काम आम लोगों के साथ प्रशासन के लिए भी महत्वपूर्ण है। वह है अंडरपास का बनना, लेकिन अंडरपास निर्माण की मौजूदा गति बताती है कि 15 मई तक इसका तैयार होना मुश्किल है। बता दें कि रेलवे इंजीनियर विभाग के अधिकारियों ने सरेखा अंडरपास को 15 मई तक पूरा करने का दावा किया है। इससे पहले भी अलग-अलग समय पर रेलवे इंजीनियरों ने अंडरपास तैयार करने के दावे किए थे, जो अब तक विफल साबित हुए हैं। जिला कलेक्टर ने पूर्व में किए निरीक्षण के दौरान रेलवे इंजीनियरों को 30 अप्रैल तक की मोहलत दी थी, लेकिन आने वाले आठ दिनों में ये काम होना असंभव है। वहीं, रेलवे इंजीनियरों ने कुछ दिन पहले 15 मई तक काम खत्म करने की बात कही थी। ये डेडलाइन भी पूरी होती दिखाई नहीं दे रही है।

### अंडरपास बनना और बायपास मार्ग की प्रमुख है आवश्यकता

ओवरब्रिज निर्माण की रफ्तार से लोग संतुष्ट हैं। अगर काम यही रफ्तार रही तो सालों से शहर में रेलवे ओवरब्रिज का सपना जून 2025 में पूरा हो सकता है, लेकिन लोगों का कहना है कि राहगीरों की सहूलियत और शहर की अच्छी यातायात व्यवस्था के लिए जल्द से जल्द अंडरपास बनाने के साथ जर्जर बायपास मार्ग को सुधारना चाहिए। वही आने जाने वाले लोगो ने बताया कि अब तक अंडरपास का काम पूरा हो जाना चाहिए था, लेकिन ये अब तक नहीं हुआ है। अंडरपास बनने से बायपास मार्ग पर यातायात का दबाव थोड़ा कम होगा। लोगों का कहना है कि जब प्रशासन ने नवेगांव, गोंगलई, डेंजर रोड को वैकल्पिक मार्ग बनाया था, तो पहले इसे दुरुस्त किया जाना चाहिए था। बायपास मार्ग में प्रशासन ने कहीं काम कराया है, तो कहीं सड़क की खराब हालत अब भी जस की तस है। इस संबंध में कलेक्टर डा गिरीश कुमार मिश्रा से संपर्क किया गया, लेकिन उनसे संपर्क नहीं हो सका।

# 7 ए साइड फुटबॉल प्रतियोगिता का हुआ आगाज

## पहले दिन सम्पन्न कराए गए 3 मैच, प्रतियोगिता का फाईनल मैच आज, डायमंड रॉक एकेडमी और पुलिस लाइन बालाघाट के बीच होगा खिताबी मुकाबला

**बालाघाट( पदमेश न्यूज़ )। झारखंड के जमशेदपुर में 27 अप्रैल से आयोजित इंडिया फुटबॉल लीग टूर्नामेंट की तैयारी को लेकर जिला फुटबाल संघ द्वारा रविवार को 7ए साइट फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। दो दिवसीय आयोजित इस प्रतियोगिता के पहले दिन रविवार को तीन मैच संपन्न कराए गए। जिसमें डायमंड रॉक एकेडमी निलजी और पुलिस लाइन बालाघाट ने पहले दिन का मैच जीत कर प्रतियोगिता कि पहले दिन का मैच अपने नाम कर लिया तो वही पुलिस बॉयज बालाघाट को पहले दिन के सभी मैच में हार का सामना करना पड़ा। इसी तरह अयोजित प्रतियोगिता के दूसरे व अंतिम दिन आज सोमवार को 7ए साइड फुटबॉल प्रतियोगिता का फाइनल मैच खेला जाएगा। जिसमें डायमंड रॉक एकेडमी निलजी और पुलिस लाइन बालाघाट के बीच खिताबी मुकाबला देखने को मिलेगा।**

### पुलिस बॉयज बालाघाट की टीम नही दिखा सकी पैरों का जादू

रविवार को नगर के पुलिस ग्राउंड में आयोजित इस प्रतियोगिता में जिले की 3 फुटबॉल टीमें शामिल हुई । जिनके बीच 3 मैच कराए गए। पुलिस लाइन में आयोजित इस प्रतियोगिता में भरवेली इलेवन, की टीम नही पहुच सकी ।जिसके चलते पुलिस बॉयज बालाघाट, डायमंड रॉक एकेडमी निलजी और पुलिस लाइन फुटबॉल एकेडमी बालाघाट के बीच 25-25 मिनट के मैच कराए गए। जिसमें डायमंड रॉक एकेडमी ने पहला मैच 07 तो वही दूसरा मैच 02 गोल से अपने नाम कर प्रतियोगिता के फाइनल में प्रवेश किया, तो वही इस प्रतियोगिता में पुलिस लाइन बालाघाट की टीम ने पहला मैच 02 से अपने नाम कर प्रतियोगिता में बढ़त बनाते हुए फाइनल में प्रवेश किया।वहीं पुलिस बॉयज बालाघाट की फुटबॉल टीम इस प्रतियोगिता में कुछ खास प्रदर्शन नहीं कर पाई। जिसके चलते उसे दोनों मैच में हार का सामना करना पड़ा और पुलिस बॉयज बालाघाट की टीम प्रतियोगिता से बाहर हो गई। आज सोमवार को प्रतियोगिता के दूसरे दिन सुबह 8 बजे नगर के पुलिस लाइन ग्राउंड में प्रतियोगिता का फाइनल मैच डायमंड रॉक एकेडमी निलजी और पुलिस लाइन बालाघाट के मध्य खेला जाएगा।

### प्रतियोगिता का फाइनल मैच आज

आपको बताएं कि झारखंड के जमशेदपुर में 27 अप्रैल से 1मई तक इंडिया फुटबॉल लीग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है।आयोजित इस प्रतियोगिता में जिले से डायमंड रॉक एकेडमी टीम का चयन किया गया है। जहां इस प्रतियोगिता में शामिल होने बालाघाट से यह टीम 24 अप्रैल को जमशेदपुर के लिए रवाना होगी। इसी की तैयारी को लेकर 7 ए साइड प्रतियोगिता का आयोजन नगर के पुलिस लाइन ग्राउंड में किया गया है । जिसका फाइनल मैच आज सोमवार को संपन्न करा कर प्रतियोगिता का समापन किया जाएगा ।



### प्रतियोगिता में डायमंड रॉक एकेडमी की दिख रही बढ़त

नगर के पुलिस ग्राउंड में आयोजित 7 ए साइड फुटबॉल प्रतियोगिता में डायमंड रॉक एकेडमी निलजी की लगातार बढ़त देखने को मिल रही है जहां प्रतियोगिता के पहले दिन रविवार को दिन का पहला मैच पुलिस बॉयज बालाघाट बनाम डायमंड रॉक एकेडमी निलजी के मध्य खेला गया। जहां खेले गए दिन के इस पहले मैच में पुलिस बॉयज बालाघाट की टीम अपने पैरों का जादू नहीं दिखा सकी। जहां खराब प्रदर्शन के चलते पुलिस बॉयज बालाघाट की टीम अपनी प्रतिद्वंदी टीम डायमंड रॉक एकेडमी के खिलाफ एक गोल भी नहीं दाग सकी।तो वही 25 मिनट के इस खेल में डायमंड रॉक एकेडमी निलजी के खिलाड़ियों ने अपने खेल का उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए पुलिस बॉयज बालाघाट के खिलाफ एक के बाद एक 07 गोल-दागकर दिन का पहला मैच अपने नाम करते हुए प्रतियोगिता में बढ़त बनाई। तो वही दिन का दूसरा मैच पुलिस लाइन बालाघाट बनाम पुलिस बॉयज बालाघाट के मध्य खेला गया जहां इस मैच में भी पुलिस बॉयज बालाघाट की टीम अपने खेल का उत्कृष्ट प्रदर्शन नहीं कर सकी जबकि पुलिस लाइन बालाघाट के खिलाड़ियों ने अपने पैरों का जादू दिखाते हुए पुलिस बॉयज के खिलाफ दो गोल-दागकर प्रतियोगिता का दूसरा मैच अपने नाम कर लिया। जहां प्रतियोगिता में दो मैच खेलने के बावजूद भी पुलिस बॉयज बालाघाट की टीम दोनों मैच हार गई,जिन्हें अपने प्रतिद्वंद्वी टीम के खिलाफ एक गोल दागने में भी कामयाबी नहीं मिल सकी, जिसके चलते पुलिस बॉयज बालाघाट को प्रतियोगिता से बाहर होना पड़ा।तो वही रविवार को दिन का तीसरा व अंतिम मैच पुलिस लाइन बालाघाट बनाम डायमंड रॉक एकेडमी निजली के मध्य खेला गया।इस अंतिम मैच में पुलिस लाइन बालाघाट की टीम अपने उत्कृष्ट खेल का प्रदर्शन नहीं कर सकी।जिसे लाख कोशिशों के बावजूद भी एक गोल दागने में भी कामयाबी नहीं मिली, तो वही डायमंड रॉक एकेडमी में के खिलाड़ियों ने अपने उत्कृष्ट खेल का प्रदर्शन करते हुए पुलिस लाइन बालाघाट के खिलाफ दो गोल दागकर दिन का तीसरा व अंतिम मैच भी अपने नाम कर लिया। इसी तरह प्रतियोगिता में दो-दो मैच जीतने पर डायमंड रॉक एकेडमी निलजी और पुलिस लाइन बालाघाट की टीम ने फाइनल में प्रवेश किया। जिनका फाइनल मैच सोमवार सुबह 8 बजे पुलिस लाइन ग्राउंड में कराया जाएगा। जहां फाइनल मैच के बाद पुरस्कार वितरण, और खिलाड़ियों के सम्मान के साथ ही 7ए साइड फुटबॉल प्रतियोगिता का समापन होगा। जिसकी तमाम जानकारी जिला फुटबाल संघ सचिव सुनील यादव द्वारा दी गई है।

# एक महिला की कुएं में गिरने से मौत


बालाघाट(पदमेश न्यूज़)। ग्रामीण थाना क्षेत्र में आने वाले ग्राम पंचेरा में इसी ग्राम की एक महिला ठमन बाई पति गणेश मड़ावी 40 वर्ष की कुँए से मैं गिरने से मौत हो गई। 21 अप्रैल को 1:00 बजे करीब यह घटना उस समय हुई जब यह महिला कुएं से पानी निकाल रही थी जो असंतुलित होकर के कुएं में गिर गई। ग्रामीण पुलिस ने इस महिला की लाश मोके से बरामद की और पंचनामा कार्यवाही पश्चात पोस्टमार्टम हेतु जिला अस्पताल लाये किंतु शाम होने से पोस्टमार्टम नहीं होने पर लाश जिला अस्पताल के फ्रीजर में रखवा दी गई है। जिसका पोस्टमार्टम 22 अप्रैल को किया जाएगा। प्राप्त जानकारी के अनुसार ठमन बाई खेती मजदूरी करती थी। जिसके पति की मौत हो चुकी है ।परिवार में एक बेटी की शादी हो चुकी है और एक बेटी और एक बेटा छोटे हैं। बताया गया कि 21 अप्रैल को 1:00 बजे करीब ठमन बाई अपने घर के बगल में स्थित कुएं में पानी लेने के लिए गई थी जो कुँए से पानी निकलते समय अचानक असंतुलित होकर के कुएं में गिर गई। ठमन बाई के कुएं में गिरने की आवाज सुनकर उसके परिवार वालों ने सुने और जाकर देखें। उन्होंने ठमन बाई को निकालने का प्रयास किया किंतु वह कुएं में डूब चुकी थी। सूचना मिलते ही ग्रामीण पुलिस थाने से सहायक उप निरीक्षक विनोद ठाकुर अपने स्टाफ के साथ मौके पर पहुंचे और उन्होंने ग्रामीणों की मदद से ठमन बाई की लाश कुएं से बाहर निकलवाई और पंचनामा कार्यवाही पश्चात ठमन बाई की लाश पोस्टमार्टम हेतु जिला अस्पताल भिजवाए। शाम हो जाने के कारण ठमन बाई की लाश का पोस्टमार्टम नहीं पाया है । जिसका पोस्टमार्टम 22 अप्रैल को किया जाएगा। आगे मर्ग जांच सहायक उप निरीक्षक विनोद ठाकुर द्वारा की जा रही है।

# कभी भी ढह सकता है वैनगंगा बड़ी नहर एवं सर्राटी नदी के ऊपर बना लोहे का पुल

## देख-रेख के अभाव में पुल क्षतिग्रस्त हो चुका है एवं लोहे के एंगल की हो रही चोरिया, मामला - ग्राम अमोली व बेलगांव के बीच से गुजरी सर्राटी नदी वैनगंगा बड़ी नहर के ऊपर बने लोहे के पुल का

**लालबर्रा (पद्मेश न्यूज)। नगर मुख्यालय से सटी ग्राम पंचायत अमोली-आमाटोला ददिया पहुंच मार्ग में सर्राटी नदी एवं वैनगंगा बड़ी नहर के ऊपर अंग्रेजों के शासनकाल में बनाया गया लोहे का पुल जर्जर हो चुका है। जिसके कारण राहगीरों व ग्रामीणों को आने-जाने में खासा परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। साथ ही पुल में जगह-जगह गड्ढे बन चुके है एवं लोहे की चादर भी फटने लगी है और सुरक्षा की दृष्टि से पुल के दोनों साईड बड़े ओवरलोड़ वाहनों पर प्रतिबंध लगाने के लिए लगाये गये लोहे के बेरिगेट के साथ ही लोहे के एंगल की भी चोरियां हो चुकी है। जबकि यह पुल छोटे वाहनों के लिए बनाये गये है परन्तु रेत, मिट्टी के बड़े वाहन सहित अन्य वाहन गुजर रहे है जिसके कारण लोहे की चादर फटने लगी है। अगर कोई बड़ा वाहन क्षतिग्रस्त पुल के ऊपर से गुजरता है जो पुल किसी भी समय टूट (ढह) सकता है और वे वाहन सहित पुल के नीचे करीब २५ से ३० फीट नीचे गिर सकते है जिससे बहुत बड़ा हादसा घटित हो सकता है और पुल क्षतिग्रस्त होने से हर समय बड़ी दुर्घटना होने की संभावना बनी हुई है। साथ ही लंबे समय से ग्रामीण व राहगीरों के द्वारा क्षतिग्रस्त पुल का मरम्मत कार्य करवाने की मांग जिम्मेदारों से की जा रही है परन्तु कोई ध्यान नही दिया जा रहा है जिससे ग्रामीणजनों व राहगीरों में शासन-प्रशासन के प्रति भारी आक्रोश व्याप्त है। ग्रामीण व राहगीरों ने वैनगंगा बड़ी नहर सर्राटी नदी के ऊपर बने क्षतिग्रस्त लोहे के पुल का जल्द मरम्मत कार्य करवाने की मांग शासन-प्रशासन से की है। वहीं जल संसाधन विभाग के एसडीओं दिलीप परते से दूरभाष पर वैनगंगा बड़ी नहर सर्राटी नदी के ऊपर बने लोहे के क्षतिग्रस्त पुल का मरम्मत कार्य करवाने के संबंध में चर्चा करने का प्रयास किया गया परन्तु संपर्क नही हो पाया।**





### क्षतिग्रस्त पुल दुर्घटना को दे रहा आमंत्रण, जिम्मेदार मौन

आपकों बता दे कि अंग्रेजों के शासनकाल में ढूटी वीयर वैनगंगा बड़ी नहर का निर्माण किया गया है और यह नहर अमोली व बेलगांव के बीच से सर्राटी नदी के नीचे से गुजरी है। इस नहर के माध्यम से खैरलांजी क्षेत्र तक पानी पहुंचता है, साथ ही अमोली-बेलगांव की सीमा सर्राटी नदी गाडर के बीच में नदी होने के कारण आवागमन करने में होने वाली परेशानी को देखते हुए अंग्रेजों के शासनकाल में लोहे का पुल का निर्माण किया गया था। जिसके ऊपर से चौपहिया, दुपहिया वाहन सहित अन्य वाहनों से ग्रामीणजन, राहगीर व किसान आना-जाना करते है परन्तु लंबे समय से लोहे के बने पुल का किसी प्रकार का मरम्मत कार्य नही होने के कारण पुल क्षतिग्रस्त होने लगा है और सुरक्षा की दृष्टि से पुल के दोनों साईड में लोहे के एंगल लगाये गये है जिसकी अज्ञात चोरों के द्वारा चोरियां की जा रही है एवं पुल के ऊपर जो लोहे की चादर बिछाई गई है वह खराब होने के कारण जगह-जगह से फटने भी लगी है। जिसके कारण वह कमजोर हो चुकी है, ऐसी स्थिति में अगर कोई बड़ा वाहन पुल के ऊपर से गुजरता है तो पुल टूट (ढह) सकता है। साथ ही वाहन व बाईक अनियंत्रित होने से वे सीधे सर्राटी नदी के नीचे गिर सकते है जिससे उनकी जान भी जा सकती है क्योंकि पुल के नीचे रेत कम और पत्थर अधिक है। साथ ही जिस स्थान से लोहे की चादर फट चुकी है वह बड़ा सा छेद हो गया है उक्त स्थान से अगर मवेशी गुजरते है और उन्हे लोहे के चादर के बने छेद दिखाई नही देता है तो उनके पैर उसमें जाने से वे चोटिल भी हो सकते है एवं पुल क्षतिग्रस्त होने से हर समय दुर्घटना होने की संभावना बनी हुई परन्तु जिम्मेदारों के द्वारा कोई ध्यान नही दिया जा रहा है जिससे ऐसा लग रहा है कि प्रशासन किसी बड़े हादसे का इंतेजार कर रहा है। चर्चा में ग्रामीणों ने बताया कि १०० साल पहले अंग्रेजों के शासनकाल में वैनगंगा ढूटी वीयर बड़ी नहर का निर्माण के साथ ही पुल-पुलियों का भी निर्माण किया गया था। जिसके बाद विगत वर्ष पूर्व नहर का करोड़ों रूपयों की लागत से सीमेन्ट्रीकरण किया गया है परन्तु पुल का निर्माण नही करवाया गया है। साथ ही यह भी बताया कि अमोली-आमाटोला पहुंच मार्ग के बीच से वैनगंगा ढूटी वीयर बड़ी नहर गुजरी है जो आगे बैलगांव होते हुए मिरेगांव, निलजी सहित अन्य ग्रामों की जो जाती है और ढूटी बांध का पानी नहर के माध्यम से क्षेत्र के किसानों के खेतों में पहुंचता है। जिससे फसल की सिंचाई होती है परन्तु अमोली-बेलगांव की सीमा सर्राटी नदी गाडर के बीच में नदी होने के कारण आवागमन करने में परेशानी को देखते हुए अंग्रेजों के शासनकाल में लोहा का पुल का निर्माण किया गया था परन्तु समय-समय पर मरम्मत कार्य नही होने एवं रोजाना ट्रेक्टर, पीकअप व अन्य भारी वाहनों के आवागमन के कारण पुल क्षतिग्रस्त हो चुका है जो कभी भी क्षतिग्रस्त हो सकता है इसलिए पुल का जल्द मरम्मत कार्य शासन-प्रशासन को करवाना चाहिए।

### दर्जनों ग्रामों को आपस में जोड़ता है पुल - सुखलाल

सुखलाल माते ने बताया कि अमोली-बेलगांव के बीच सर्राटी नदी के नीचे से वैनगंगा बड़ी नहर गुजरी है और उसके ऊपर से आने-जाने के लिए लोहे का पुल १०० साल पहले का बना हुआ है और यह पुल लालबर्रा, अमोली, बेलगांव, खारी सहित दर्जनों ग्रामों को आपस में जोड़ता है जिससे रोजाना बड़ी संख्या में ग्रामीणजन, राहगीर व किसान आना-जाना करते है परन्तु वर्तमान में पुल क्षतिग्रस्त होने लगा है। अगर बड़े ओवरलोड़ वाहन पुल के ऊपर से गुजरते है तो वह टूट भी सकता है और वाहन के गुजरते समय पुल टुटता है तो वाहन सहित व्यक्ति ३० फीट नीचे गिरेगे जिससे उसकी जान भी जा सकती है इसलिए पुल का जल्द मरम्मत कार्य प्रशासन को करवाना चाहिए।



### क्षतिग्रस्त पुल दुर्घटना को दे रहा आमंत्रण - इमरान

इमरान खान ने बताया कि पुल का निर्माण अंग्रेजों के शासनकाल में किया गया है जो लोहे के बना हुआ है परन्तु वर्तमान में पुल की स्थिति जर्जर होने लगी है, दीवारों में दरारे आने लगी है एवं पुल पर बिछाई गई लोहे के चादरे फटने के साथ ही उसमें छेद (बड़ा सा होल) हो चुका है। साथ ही सुरक्षा की दृष्टि से लगाये गये लोहे के एंगलों की भी चोरियां हो रही है ऐसी स्थिति में अगर पुल के ऊपर से ओवरलोड वाहन गुजरता है तो पुल टूटकर ढह जायेगा जिससे बड़ी दुर्घटना घटित हो सकती है और क्षतिग्रस्त पुल दुर्घटना को आमंत्रण दे रहा है। श्री खान ने बताया कि पुल के दोनों साईड ओवरलोड़ वाहनों पर रोक लगाने के लिए बेरिगेट लगाये गये थे वह भी गायब हो चुके है इसलिए जल संसाधन विभाग से मांग है कि क्षतिग्रस्त पुल का जल्द मरम्मत कार्य करवाने के साथ ही पुल के दोनों साईड बेरिगेट लगाये।



### पुल का जल्द किया जाये मरम्मत कार्य - बालकरण

अमोली पूर्व सरपंच बालकरण पंचेश्वर ने बताया कि अमोली के आमाटोला ददिया पहुंच मार्ग के बीच से ढूटीवीयर वैनगंगा बड़ी नहर सर्राटी नदी के नीचे से गुजरी है जिसे हम लोग गाडर बोलते है और नदी के दुसरे साईड में ग्राम बेलगांव है परन्तु नदी में पुल नही होने से आवागमन में हो रही परेशानियों को देखते हुए अंग्रेजों के शासनकाल में लोहे के पुल का निर्माण किया गया है। जिससे ग्रामीणजन, किसान एवं राहगीर आना-जाना करते है परन्तु पुल क्षतिग्रस्त हो चुका है एवं जगह-जगह से लोहे के एंगल की चोरियां हो रही है व लोहे की चादर फटने लगी है जिसके कारण चौपहिया, दुपहिया व पैदल आने-जाने वाले लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है और किसी भी समय दुर्घटना घटित हो सकती है। श्री पंचेश्वर ने बताया कि पुल क्षतिग्रस्त होने के संबंध में जल संसाधन विभाग के अधिकारियों से संपर्क करने का प्रयास किया जा रहा है परन्तु संपर्क नही हो पा रहा है एवं जिम्मेदार अधिकारियों के द्वारा ध्यान भी नही दिया जा रहा है, क्षतिग्रस्त पुल का मरम्मत कार्य नही करवाया गया तो किसी भी समय पुल टुटकर ढह सकता है जिससे बहुत बड़ी दुर्घटना घटित हो सकती है इसलिए शासन-प्रशासन से मांग है जल्द पुल का मरम्मत कार्य करवाये।



# सूर्य की तपन से लोग बेचैन, शीतल पेय पदार्थों की बढ़ी मांग

लालबर्रा (पद्मेश न्यूज)। नगर मुख्यालय सहित ग्रामीण इलाकों में गर्मी अपने शबाब पर है और गर्मी से लोग हलाकान होते नजर आये है। साथ ही गांव से शहर की ओर आने वाले लोग तेज धुप व उमस भरी गर्मी से बचने के लिए दोपहर के समय छाव की तलाश करते हुए नजर आ रहे है। वहीं तेज धूप के कारण शीतल पेय पदार्थों की भी मांग बढ़ने लगी है। सूर्य देव की कहर से बचने के लिए क्षेत्र की युवतियां व महिलाएं अपने चेहरों एवं हाथों को स्कार्प, दस्तानों से पुरी तरह बांधकर निकल रही है एवं तेज धूप व उमस भरी गर्मी लगने के साथ ही कुलर, पंखा रिपेयर्स, खस विक्रताओं की दुकानों में लोगों की भीड़ बढ़ने के साथ ही उनका व्यापार में उछाल आ गया है। तेज धूप लगने पर क्षेत्र में दोपहर १ बजे के बाद सड़कों पर सन्नाटा पसरा नजर आ रहा है एवं गर्मी से राहत पाने के लिए लोग पंखे, कुलर, एसी चलाना शुरू कर दिये है। साथ ही पंखे, कुलर व एसी की दुकानों में लोगों की भीड़ देखी जा रही है एवं पेय पदार्थों की मांग बढ़ने लगी है। तेज धूप व उमस भरी गर्मी में चौक-चौराहों पर फलों के रस, लस्सी, गन्ना रस और कोल्ड्रीग्स सहित अन्य पेयजल पदार्थों का सेवन कर लोग गर्मी से राहत महसुस करने का प्रयास करते हुए नजर आ रहे है। वहीं तेज गर्मी बढ़ते ही बाजारों में चश्मे, टोपी व गमछों की दुकानों में भीड़ बढ़ने लगी है और धुप से बचने के लिए लोग उक्त सामग्री की खरीददारी कर रहे है।



### देशी फ्रीज की बढ़ी मांग

गर्मी की दस्तक होने के साथ ही जैसे-जैसे गर्मी अपने शबाब में आते जा रही है लोग हलाकान होते नजर आ रहे है और गर्मी बढ़ने के साथ ही लोगों की प्यास बुझाने वाली देशी फ्रीज (मिट्टी के घड़े) बाजारों में बिकने आने लगी है और जिसकी मांग बढ़ने लगी है। नगर मुख्यालय के कुम्हारी मोहल्ला व क्षेत्र के कुम्हारों के द्वारा इस वर्ष बढ़ी संख्या में देशी फ्रिज मिट्टी के घंड़ों का निर्माण कर दुकानें सजा ली गई है जहां से क्षेत्रीयजन खरीदी कर देशी फ्रिज का ठंडा पानी पी रहे है और मिट्टी के घड़ों की कीमत में पिछले वर्ष की अपेक्षा इस वर्ष बढ़ोत्तरी हुई है।

# विधायक अनुभा मुंजारे ने मुरलीखाम-जामरेटोला नाले पर बन रहे पुलिया का किया निरीक्षण

## निर्माण कार्य गुणवत्तापूर्ण नही होने एवं अधुरा काम होने पर जताई नाराजगी, ठेकेदार व विभागीय अधिकारी को पुल का निर्माण कार्य गुणवत्तापूर्ण करवाने की निर्देशित





लालबर्रा (पद्मेश न्यूज)। नगर मुख्यालय से सटी ग्राम पंचायत औल्याकन्हार के अंतर्गत आने वाले ग्राम मुरलीखाम एवं जामरेटोला के बीच स्थित नाले में आने-जाने के लिए पुलिया का निर्माण लाखों रूपयों की लागत से किया जा रहा है परन्तु पुलिया का निर्माण ठेकेदार के द्वारा कछुआ गति से करवाया जा रहा है एवं अनियमितता भी बरती जा रही है साथ ही गत करीब दो माह से निर्माण कार्य बंद है। जिसके कारण अब तक पुलिया बनकर तैयार नही हुआ है जिससे ग्रामीणों में शासन-प्रशासन के प्रति आक्रोश व्याप्त है। वहीं पुलिया का निर्माण नही होने से ग्रामीणजन व किसानों को हो रही समस्या को प्रमुखता से उठाते हुए बालाघाट एक्सप्रेस अखबार में गत दिवस कछुआ गति से हो रहा पुलिया का निर्माण कार्य, ग्रामीणजनों में आक्रोश व्याप्त नामक शीर्षक से समाचार प्रकाशित किया गया था। साथ ही ग्रामीणजनों ने भी पुलिया का निर्माण कछुआ गति एवं निर्माण कार्य में अनियमितता बरतने की शिकायत बालाघाट विधायक श्रीमती अनुभा मुंजारे से भी की गई थी। साथ अखबार में पुलिया निर्माण को लेकर समाचार प्रकाशित होने के बाद बालाघाट विधायक श्रीमती अनुभा मुंजारे शनिवार को आरईएस विभाग से लाखों रूपये से मुरलीखाम से जामरेटोला नाले के बीच में बन रहे पुलिया का निरीक्षण किया। इस दौरान ग्रामीण व किसानों ने विधायक को बताया कि पुलिया का निर्माण कार्य विगत २ वर्ष से किया जा रहा है परन्तु यह कार्य कछुआ गति से हो रहा है साथ ही निर्माण कार्य करीब दो माह से बंद है और बरसात के पूर्व पुलिया का निर्माण नही हुआ तो किसानों के साथ ही जामरेटोला में निवासरत लोगों को बेहद ही परेशानियों का सामना करना पड़ेगा। वहीं निरीक्षण में विधायक श्रीमती मुंजारे ने पाया कि पुलिया का निर्माण कार्य में निर्माण एजेंसी के द्वारा अनियमितता बरती जा रही है और मोगें डालकर पुलिया बनाया जा रहा है जो जल्द ही खराब हो सकती है। जबकि पुलिया की ऊंचाई अधिक होनी चाहिए और निर्माण कार्य बंद है एवं निर्माण कार्य में अनियमितता बरतने पर नाराजगी व्यक्त करते हुए विभागीय अधिकारी से दुरभाष पर चर्चा कर बंद काम को जल्द शुरू करवाकर गुणवत्तापूर्ण कार्य करवाने निर्देशित की है। अब देखना है कि विधायक श्रीमती अनुभा मुंजारे के निरीक्षण के बाद विभागीय अधिकारी एवं ठेकेदार पुलिया का काम तीव्र गति व गुणवत्तापूर्ण कार्य करवाते है या फिर जैसे काम चल रहा है उसी तरह से करते है। वहीं ग्रामीणजनों ने पुलिया का निर्माण कार्य जल्द पूरा करने की मांग शासन-प्रशासन से की है।

### पुलिया नही बनने पर बरसात के दिनों में होगी सबसे अधिक परेशानी

आपकों बता दे कि ग्राम पंचायत औल्याकन्हार के अंतर्गत आने वाली ग्राम मुरलीखाम एवं जामरेटोला के बीच से नाला गुजरा है परन्तु दोनों ग्रामों के लोगों को बरसात के दिनों नाले में अधिक पानी बहने से आवागमन करने में खासा परेशानियों का सामना करना पड़ता है। साथ ही नाले में बाढ़ आने पर जामरेटोला के ग्रामीणजन अपने गांव में ही कैद हो जाते है इसलिए लंबे समय से ग्रामीणजन नाले पर पुलिया निर्माण की मांग कर रहे थे। जिसके बाद लाखों रूपयों की लागत से नवीन पुलिया का निर्माण कार्य आरईएस विभाग से स्वीकृत हुआ है और पुलिया का दो वर्ष से निर्माण कार्य किया जा रहा है परन्तु अब तक बनकर तैयार नही हुआ है और निर्माण कंपनी के द्वारा अधुरा निर्माण कर काम बंद कर दिया गया है जिससे ग्रामीणजनों में शासन-प्रशासन के प्रति आक्रोश व्याप्त है। वहीं पुलिया का निर्माण नही होने से परेशान मुरलीखाम व जामरेटोला के ग्रामीणों ने बालाघाट विधायक श्रीमती अनुभा मुंजारे को शिकायत की थी। जिसके बाद विधायक श्रीमती मुंजारे शनिवार को मुरलीखाम पहुंचकर ग्रामीणों के साथ पुलिया निर्माण कार्य का निरीक्षण किया तो उन्होने पाया कि निर्माण कार्य में अनियमितता बरती गई है और अधुरा निर्माण कार्य कर काम बंद कर दिया गया है। जिस पर नाराजगी व्यक्त करते हुए संबंधित विभाग के अधिकारी को जल्द काम शुरू करवाकर गुणवत्तापूर्ण पुलिया का निर्माण कार्य बरसात के पूर्व करने की हिदायत दी है। साथ ही कार्य में सुधार नही होने पर निर्माण कंपनी सहित विभागीय अधिकारियों पर कार्यवाही किये जाने की बात कही है। चर्चा में बालाघाट विधायक श्रीमती अनुभा मुंजारे ने बताया कि मुरलीखाम से जामरेटोला के बीच नाले के बीच में पुलिया का निर्माण किया जा रहा है परन्तु निर्माण कंपनी के द्वारा कार्य में अनियमितता बरती जा रही है जिसकी शिकायत ग्रामीणों के द्वारा की गई थी। शनिवार को मेरे द्वारा ग्रामीणों के साथ निरीक्षण किया गया है जिसमें ग्रामीणों की शिकायत सही पाई गई है इसलिए विभागीय अधिकारी एवं ठेकेदार से कहा गया है कि शासकीय राशि का सही उपयोग कर निर्माण कार्य गुणवत्तापूर्ण करवाये उसके बाद भी कार्य में सुधार नही होगा तो कार्यवाही की जायेगी। इस निरीक्षण के दौरान विधायक श्रीमती अनुभा मुंजारे के साथ उनके

# धूमधाम से मनाया गया भगवान महावीर स्वामी का जन्म कल्याणक महोत्सव

## महावीर स्वामी की निकाली गई शोभायात्रा, मंदिर में हुए विविध धार्मिक कार्यक्रम

लालबर्रा (पद्मेश न्यूज)। नगर मुख्यालय में दिगम्बर जैन मंदिर एवं श्वेतांबर जैन मंदिर के संयुक्त तत्वाधान में २१ अप्रैल को भगवान महावीर स्वामी का जन्म कल्याणक महोत्सव धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर दोनों मंदिरों में सुबह से विविध धार्मिक कार्यक्रम संपन्न हुए जिसके बाद प्रात: १० बजे भव्य बाईक रैली निकाली गई जो नगर मुख्यालय के विभिन्न चौक-चौराहों का भ्रमण करते हुए मंदिर पहुंची जहां भगवान महावीर स्वामी की पूजा अर्चना की गई। जिसके बाद शाम ४ बजे भगवान महावीर स्वामी की शोभायात्रा निकाली गई जो नगर मुख्यालय, बस स्टैण्ड, हाई स्कूल मार्ग का भ्रमण करते हुए वापस मंदिर पहुंची। इस शोभायात्रा में बज्चों ने नृत्य भी किया एवं रात ८ बजे महाआरती कर प्रसादी का वितरण किया गया। चर्चा में दिगम्बर जैन मंदिर अध्यक्ष प्रशांत जैन ने बताया कि भगवान महावीर स्वामी का २६२३ वीं जयंती हर्षोल्लास के साथ मनाई गई और इस जयंती के अवसर पर प्रात: से ही मंदिर में विविध धार्मिक कार्यक्रम आयोजित कर भगवान की आराधना की गई एवं प्रात: १० बजे संयुक्त रूप से बाईक रैली निकाली गई। जिसके बाद शाम ४ बजे भगवान महावीर स्वामी की शोभायात्रा निकालकर नगर भ्रमण किया गया और यह रैली मंदिर पहुंची जहां पूजन अर्चन एवं प्रसादी वितरण कर कार्यक्रम का समापन गया। साथ ही यह भी बताया कि इस जयंती के अवसर पर भगवान महावीर के जीयों और जीने दो के संदेश को आगे बढ़ाते हुए काम करना है। इस अवसर पर दिगम्बर व श्वेताम्बर जैन मंदिर के पदाधिकारी व स्वजातीय बंधु उपस्थित रहे।



कंजई में "पद्मेश"
इंटरनेट (ब्राडबेंड) एवं केबल टीवी कनेक्शन के लिये संपर्क करें
Mo. 8319969927

# वन विभाग के जिम्मेदार कर्मचारियों को गिरफ्तार किया जायें-विवेक पटेल

## वन विभाग के कर्मचारियों की ग्रामीणों ने पुलिस थाने में की शिकायत







**वारासिवनी( पद्मेश न्यूज )। वारासिवनी जनपद पंचायत अंतर्गत ग्राम पंचायत रमरमा में एक देव स्थान है। जहां पहाड़ पर गुफा में विराजित भगवान महादेव के मंदिर में लाखों लोगों की आस्था जुड़ी हुई हैं। यहां पर बहता झरना लोगों को अपने ओर आकर्षित करता है,इसी महादेव मंदिर परिसर में बीती रात्रि को डिप्टी रेंजर, वन रक्षक सहित अमले ने तोड़फोड़ की घटना को अंजाम दिया है। इस देव स्थान पर की गई तोड़फोड़ से ग्रामीणों व श्रद्धालुओं की आस्था बेहद आहत हुए और ग्रामीण लोग आक्रोशित हैं। वन विभाग के कर्मियों ने नशे में चूर होकर कुर्सियां ,दुकानें सहित अन्य सामानों को तोड़फोड़ करने की बात सामने आई हैं। घटना की जानकारी लगते ही मौके पर वारासिवनी विधायक विवेक पटेल, कटंगी विधायक गौरव सिंह पारधी और वन विभाग वारासिवनी रेंजर मौके पर पहुंचे। जहां ग्रामीणों को समझाई दी गई लेकिन आक्रोशित ग्रामीणों ने दोषियों पर कार्रवाई की मांग की गई हैं।**

### बैठने वाली कुर्सी सहित अन्य सामानों को तोड़ फोड़ कर दिया गया- ग्रामीण

रमरमा के ग्रामीणों ने बताया कि २० अप्रैल की देर रात्रि को वारासिवनी वन परिक्षेत्र अंर्तगत रमरमा वन क्षेत्र में महादेव पाहाड़ी में भगवान शिवशंकर का मंदिर है। ग्रामीणों और हर हर महादेव समिति निरंतर कार्य किए जा रहे हैं। समिति के सहगोग तथा वन विभाग की सहमति से महादेव मंदिर जों पहाड़ के उपर चोटी में स्थित है । वहां श्रध्दालुओं के आने जाने और अपने सुविधा के लिए बैठने जगह जगह बनाई गई जहां पर सीमेंट की कुर्सी लगाया गया था। जहां पर १५ सीमेंट की बैठने वाली कुर्सी को तोड़ फोड़ कर दिया गया है। और एक जगह पर राख पडा दुआ है जों प्रतित होता है कि वह भगवान शिव शंकर के झण्डे की राख हैं। ग्रामीणों ने बताया कि यह तोड़फोड़ वारासिवनी रेंज के डिप्टी रेंजर राजेन्द्र बिसेन ,बिटगार्ड अशोक परते, राजा माड़वी और रविंद्र लड़कर के द्वारा तोड़फोड़ करना बताया गया है। जिसको लेकर रमरमा महादेव समिति ने थाना प्रभारी वारासिवनी और डीएफ ओ बालाघाट को इस मामले में लिखित शिकायत दी है।

### इनका कहना है

दुरभाष से चर्चा में बताया कि जैसे ही मुझे घटना की जानकारी मिली तो मैं तुरंत ही रमरमा के घटना स्थल पर पहुँचा। ये जो घटना कारित हुई है विक्रष्ठ मानसिकता के कर्मचारियों ने किया है ये बर्दाश्त नही किया जायेगा। इसके पूर्व भी ऐसी घटना धार्मिक स्थल पर हो चुकी है। इस घटना की जानकारी की शिकायत पुलिस थाना वारासिवनी और वन विभाग के वन परिक्षेत्र अधिकारी और डीएफओ को भी दी गई है। यह जो घटना वन विभाग के कर्मचारियों ने की है तो उसे गिरफ्तार कर कार्यवाही होनी ही है और अगर कार्यवाही नही की जाती है तो इस मामले को लेकर उच्च अधिकारियों से भी शिकायत की जायेगी।

**गौरवसिंह पारधी**
**विधायक कटंगी**

मुझे ग्रामीणों के द्वारा फोन कर बताया गया की वन विभाग के कर्मचारियों के द्वारा शराब पीकर महादेव पहाड़ी पर उत्पाद मचाया गया है और तोड़फोड़ की गई है। और जो जिम्मेदार कर्मचारियों के द्वारा घटना कारित की गई है। जिस पर मैं मौके पर पहुँचा और घटना का जायजा लिया गया। वन विभाग के जिम्मेदार कर्मचारियों के द्वारा जो धार्मिक स्थल पर जो घटना कारित की गई है उन सभी कर्मचारियों पर कार्यवाही किया जाना चाहियें।

**विवेक पटेल**
**विधायक वारासिवनी**

उक्त विषय को लेकर मौका निरीक्षण करने के उपरांत पंचनामा तैयार कर प्रत्यक्षदर्शियों के बयान दर्ज कर लिये गये है। मामले में प्रकरण तैयार कर वरिष्ठ अधिकारियों को अग्रीम कार्यवाही के लिये प्रेषित कर दिया गया है। इस मामले में हम कठोर कार्यवाही करने का प्रयास कर रहे है ताकि इस प्रकार के मामलों की पुर्नावृत्ति ना हो।

**छत्रपाल सिंह जादौन**
**रेंजर वन परिक्षेत्र कार्यालय वारासिवनी**

# भारती हाई स्कूल रामपायली का परीक्षा परिणाम रहा शत प्रतिशत

रामपायली/वारासिवनी(पद्मेश न्यूज)। रामपायली के भारती इंग्लिश हाई स्कूल में २०२३-२४ का वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। विद्यालय के प्राचार्य टी सी बिसेन ने सर्वप्रथम मां सरस्वती का पूजन अर्चन वंदन कर वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित करने का श्री गणेश किया। जिसमें शिक्षक शिक्षिकायें एवं पालकों की उपस्थिति में कक्षा नर्सरी से नवमी तक के परीक्षा परिणाम घोषित किए गए। जिसमें अंग्रेजी माध्यम में कक्षा नर्सरी से युवांश लोधी ७५ प्रतिशत, आदिक अग्रवाल ७५ प्रतिशत, लियान पटले ७५प्रतिशत, एएल केजी से प्रथम अर्चित भारतीया ९८.५, द्वितीय धन्वी हनवत ९६.५, जियांशी ९६.२५, कक्षा के जी वन से प्रथम जिर्ष्ट गौतम ९९, द्वितीय तेजल भगत ९८, आरव हनवत ९७, तृतीय विशेष माहुले ९८ ,काव्या पटले ९८.२५, नित्या ठाकरे ९७.२५, कक्षा प्रथम से अनन्या लिल्हारे ९८, द्वितीय हयाती डाहके ९६.४, गुंजन राऊत ९६, कक्षा दूसरी में प्रथम नमामि सोनवाने ९५.८ प्रतिशत ,काव्य ठाकरे ९५.८, आलिया बंसोड ९४.६,हिमांशी बारसागडे ९६.६ प्रतिशत ,अंजनेय दमाहे ९८,ओझल पटले ९७,अवी शरणागत ९६.६, कक्षा चौथी से अर्पिता दमाहे ९८.४,अर्पितसिंह बैंस ९७.२, पुनीत राऊत ९५.४ प्रतिशत, कक्षा छठवीं से अदिति डहाके ९७,सोनाली डोहरे ९०.१, ज्योति सहारे ९०, कक्षा सातवीं में पारुल गजभिए ९७.५, ऋषिकेश शाम कुंवर ९६.५, अनीश हनवत ९५.३, प्रतिशत कक्षा नवमी में सरयू लांजेवार ९५.८०, प्रतिशत सजल भिवगडे ९३.६० ,अमित राऊत ९०.२० प्रतिशत । इसी तरह हिंदी माध्यम में शिक्षा ग्रहण करने वाले बच्चों में प्रथम क्लास में तासीम शेख ६५.२, अनिकेत नेवारे ५१.२, ऋषिका मडांवी ४८.२,कक्षा दूसरी में प्रथम नैतिक सेंडे ९७.६,अरनव पालेवार ८५, दिव्यांशी मुरकुरे ७४.४, कक्षा तीसरी में आर्या खोबरागड़े ९६.८, पवनी कटरे ७४ प्रतिशत ,माही यादव ७२.८, प्रतिशत कक्षा चौथी में प्रथम आनंदी बेलेकर ९४.६, रिहाली पाटणकर ९०.२, पावनी बढ़नेकर ८८.२, कक्षा छठवीं में दिव्य निधि ९२.१, सावनी निवारे ८७, वैशाली मडांवी ८७,सौम्या पटेल ७७.८३, प्रतिशत कक्षा सातवीं में मयंक माहुरकर ९६, भावना सोनबिरसे ९०, आदर्श तुरकर ८६.६ प्रतिशत ,कक्षा नवमी में प्रथम प्रीति डहरवाल ९६.७, प्रतिशत अंजलि राऊत ९६.२०,सुजल अटराहे ९३.४० विद्यालय के छात्र.छात्राओं द्वारा वार्षिक परीक्षा परिणाम में सफलता अर्जित कर विद्यालय एवं नगर को गौरवान्वित किया है । जिसमें संस्था के अध्यक्ष रविंद्र सिंह बैस ,उपाध्यक्ष नरेंद्र सिंह चौहान ,सचिव संदीप बाग मारे ,कोषाध्यक्ष अमित सिंह बैंस ,शाला व्यवस्थापक राजेंद्र सिंह चौहान के द्वारा छात्र.छात्राओं के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए उन्हें बधाई दी है।





# धार्मिक रूप से मनाई गई महावीर स्वामी की जयंती

## मंदिर से निकली विशाल शोभायात्रा





वारासिवनी (पद्मेश न्यूज)। २१ अप्रैल को भगवान महावीर स्वामी की २६ सौ २२ वी जयंती समारोह पूर्वक नगर में मनाई गई। इस दौरान दिगम्बर समाज के मंदिर से एक विशाल शोभायात्रा निकाली गई जिसमे श्रीजी महाराज की प्रतिमा के साथ नगर भ्रमण किया गया। इस दौरान समाज के महिला पुरूष बड़ी संख्या में इस शोभायात्रा में शामिल हुये। यह शोभायात्रा गोलीबारी चौक, अंबेडकर चौक, नेहरू चौक व जयस्तंभ चौक तक भ्रमण कर पुन: मंदिर में लौटी जहां विविध धार्मिक अनुष्ठान के बाद धार्मिक कार्यक्रम संपन्न हुये।

### शोभायात्रा का जगह जगह हुआ स्वागत

प्रात:काल ८.३० बजे से निकली इस शोभायात्रा का जगह जगह स्वागत किया गया। इस दौरान पालकी में विराजमान श्रीजी महाराज को देखने अन्य समाज के लोग भी एकत्रित हुये ओर उन्होने भी पूजा अर्चना की साथ ही पुष्प वर्षा करते हुये क्षेत्र व देश में अमन शांति के लिये कामना की।

### कई जगह में सामाजिक संगठनों के द्वारा की गई पानी व शर्बत की व्यवस्था

गर्मी के माहौल को देखते हुये नगर के सामाजिक व श्वेतांबर एवं दिगम्बर समाज के द्वारा कई जगह स्वच्छ पानी व शर्बत का इंतजाम किया गया था। ताकि शोभायात्रा में शामिल लोगो को किसी प्रकार की कोई परेशानी न हो।

### महावीर स्वामी के बताये गये मार्ग पर चलने का दिया गया संदेश

यहां यह बताना लाजमी है कि इस दौरान भगवान महावीर स्वामी की जयंती के पावन अवसर पर निकली शोभायात्रा में उनके अनुनायियों ने उनके संदेश का वाचन किया वही सभी लोगों से उनके बताये हुये मार्ग पर चलने का अनुरोध किया। इस दौरान पूरा नगर महावीर स्वामी के भक्तिमय गुंजायमन नारो से गूंज उठा। खासकर अहिंसा परमो धर्मा का नारा सबसे ज्यादा गूंजा।

### भगवान महावीर स्वामी के दिये गये संदेश का करे हम सभी पालन- संजय कॉसल

इस संबंध में दिगम्बर जैन समाज के अध्यक्ष संजय कॉसल ने पद्मेश को बताया कि २१ अप्रैल को प्रात:काल ८.३० बजे मंदिर से शोभायात्रा निकाली गई। इस भव्य शोभायात्रा में महिला पुरूष व बच्चे बड़ी संख्या में शामिल हुये। इस दौरान भगवान महावीर स्वामी के संदेश दिये गये है। हम यही चाहते है कि हमारे क्षेत्र व देश की जनता भगवान महावीर स्वामी के दिये गये उपदेशो को अपने जीवन में चरितार्थ करे ताकि अंहिसा परमो धर्म का नारा हमारे मन मतष्कि में बैठे। प्रात:काल के समय यह शोभायात्रा निकाली गई थी जो नगर के प्रमुख चौक चौराहे का भ्रमण कर मंदिर में पहॅुची थी जहां विविध धार्मिक कार्यक्रम का आयोजन हुआ। वही संध्याकाल में विशाल बाईक रैली निकाली जायेगी। जो नगर का भ्रमण करेगी तत्पश्चात भजन कीर्तन सहित अन्य धार्मिक कार्यक्रम आयोजित होंगे। साथ ही २२ अप्रैल को बच्चो के सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया है।

# मोटर साईकिल रैली निकालकर किया गया फल वितरण

## महावीर जयंती के पावन अवसर पर हुआ आयोजन

वारासिवनी (पद्मेश न्यूज)। २१ अप्रैल की देर शाम दिगम्बर जैन समाज द्वारा स्थानीय शासकीय सिविल अस्पताल तक दिगम्बर मंदिर से मोटर साईकिल रैली निकालकर रोगियों को फल वितरण किया। इस दौरान समाज अध्यक्ष संजय कॉसल सहित समाज के वरिष्ठ नागरिक व पदाधिकारी उपस्थित रहे। इस मोटर साईकिल रैली में महिलाओं ने भी अपनी हिस्सेदारी निभाई व सभी समाज को जागरूप करते हुये भगवान महावीर स्वामी के अहिंसा परमो धर्मा का नारा लगाते हुये गोलीबारी चौक, अंबेड़कर चौक, नेहरू चौक, जयस्तंभ चौक होते हुये लालबर्रा वार्ड क्रमांक ६ का भ्रमण किया। शाम को निकली इस रैली ने नगर के अन्य वार्डों में भी अपनी उपस्थिति दर्ज कराई ओर सीधे मंदिर के समक्ष पहॅुची जहां मोटर साईकिल रैली का समापन किया गया। इस दौरान समाज के महिला पुरूष व बच्चे बड़ी संख्या में उपस्थित रहे जिन्हे सामाजिक व समाज के संगठनों द्वारा पानी की सुविधा प्रदान की गई। गौरतलब है कि प्रतिवर्ष भगवान महावीर स्वामी की जयंती सहित अन्य अवसरो पर जैन समाज के लोगो के द्वारा मोटर साईकिल रैली निकालकर स्थानीय शासकीय सिविल अस्पताल में फल वितरण किया जाता है।



खैरलांजी में ''पद्मेश''
इंटरनेट (ब्राडबेंड) एवं केबल टीवी कनेक्शन के लिये संपर्क करें
Mo. 8319969927

भोरगढ़ में ''पद्मेश''
इंटरनेट (ब्राडबेंड) एवं केबल टीवी कनेक्शन के लिये संपर्क करें
Mo. 8319969927

कटंगी में ''पद्मेश''
इंटरनेट (ब्राडबेंड) एवं केबल टीवी कनेक्शन के लिये संपर्क करें
Mo. 8319969927

# फिलिस्तीन और संयुक्त राष्ट्र

जैसे-जैसे इजराइल और ईरान के बीच, इरादे या गलत अनुमान के हिसाब से, टकराव की चिंताएं बलवती होती जा रही हैं, संयुक्त राष्ट्र में फिलिस्तीन को पूर्ण सदस्य का दर्जा देने के संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) के प्रस्ताव की खबर को उतनी तवज्जो नहीं मिली, जितना कि उसे मिलनी चाहिए थी। संयुक्त राज्य अमेरिका ने इस प्रस्ताव को वीटो कर दिया। अल्जीरिया द्वारा लाया गया यह प्रस्ताव 1947 में किए गए उस वादे को पूरा करने की दिशा में इस वैश्विक संस्था का एक और कदम था, जिसे संयुक्त राष्ट्र महासभा के मूल रूप से तत्कालीन फिलिस्तीन को दो राष्ट्रों, एक यहूदी और एक अरब, में विभाजित करने के प्रस्ताव को अपनाते समय दिया गया था। वर्ष 949 में सिर्फ इजराइल ही संयुक्त राष्ट्र का पूर्ण सदस्य बना। "फिलिस्तीन का सवाल" दशकों से उछाला जाता रहा है और भले ही फिलिस्तीन राष्ट्र को 2012 में स्थायी पर्यवेक्षक का दर्जा हासिल हुआ तथा 2019 में जी-77 एवं चीन वाले समूह के अध्यक्ष के रूप में इसके कार्यकाल के दौरान पूर्ण सदस्य की अस्थायी शक्तियां मिलीं, लेकिन उसे अब तक पूर्ण सदस्य के रूप में मान्यता नहीं दी गई है। गुरुवार के यूएनएससी के प्रस्ताव, जिसे यूएनएससी के 15 में से 12 सदस्यों ने समर्थन दिया था, को वीटो करते हुए अमेरिका ने कहा कि उसका मानना ??है कि फिलिस्तीन को संयुक्त राष्ट्र प्रक्रिया के जरिए नहीं, बल्कि "संबंधित पक्षों के बीच सीधी बातचीत" के जरिए सदस्यता प्रदान की जानी चाहिए। इजरायली राजदूत ने कहा कि हमास द्वारा किए गए सात अक्टूबर के आतंकवादी हमलों के छह महीने बाद इस समय फिलिस्तीन को पूर्ण सदस्य का दर्जा देना "सबसे घृणित अपराधों के लिए सबसे घृणित इनाम" जैसा होगा। यह भी तर्क दिया जा सकता है कि यह फिलिस्तीन के लंबे समय से वंचित अधिकार को मान्यता देने का सही समय है – खासकर सात अक्टूबर के बाद, जब इजराइल ने गाजा पट्टी और पश्चिमी किनारे (वेस्ट बैंक) में फिलिस्तीनियों पर अंधाधुंध बमबारी की है। यूएनएससी के युद्धविराम के प्रस्ताव, जिस पर अमेरिका ने भी हस्ताक्षर किए हैं, के बावजूद इजराइल का अपना अभियान जारी रखना तथा अब राफा पर एक और हमले की धमकी देना, यह दर्शाता है कि फिलिस्तीनी राष्ट्र को इस बहुपक्षीय मंच पर ज्यादा मजबूत आवाज की सख्त जरूरत है।

अमेरिका को सभी मुद्दों पर इजरायली नजरिए को इस तरह के व्यापक संरक्षण देने के अपने रवैये पर गंभीरता से पुनर्विचार करना चाहिए। फिलिस्तीन सिर्फ "संबंधित पक्षों के बीच बातचीत" के जरिए ही एक राष्ट्र हो सकता है वाले तर्क में एक खोट है- यह इजरायली प्रधानमंत्री नेतन्याहू ही हैं जिन्होंने जनवरी में यह ऐलान किया था कि वह कभी भी एक फिलिस्तीनी राष्ट्र को स्वीकार नहीं करेंगे और उनका इरादा "जॉर्डन के पश्चिम में स्थित तमाम इलाकों पर पूर्ण इजरायली सुरक्षा नियंत्रण" बनाए रखना है। संयुक्त राष्ट्र में फिलिस्तीन का शामिल होना यह भी सुनिश्चित करेगा कि नया राष्ट्र संयुक्त राष्ट्र के सभी सदस्यों के दायित्वों से बंधा होगा। सभी फ़िलिस्तीनियों को हमास द्वारा किए गए आतंकवादी कृत्यों के साथ जोड़ना एक घोर अन्याय है – लड़ाकों एवं गैर-लड़ाकों के बीच अंतर करने से इनकार करने से हिंसा के सभी पीड़ितों का दर्द और भी हाशिए पर चला जाता है। एक ऐसे समय में जब अंतरराष्ट्रीय व्यवस्था दरक रही है, एक वैश्विक नेता के रूप में अमेरिका को एक देश का पक्ष लेने वास्ते आम सहमति को तोड़ने के बजाय उसे बनाने की कोशिश करनी चाहिए। ऐसा करना संयुक्त राष्ट्र के 'सभी राष्ट्र की संप्रभुता की समानता' के मूल सिद्धांत के उलट चलना और इसके बजाय "ताकतवर ही सही हो सकता है" के घोर आदिम सिद्धांत को मानने जैसा है।

# दलबदलू : हमको उनसे वफ़ा की है उम्मीद ?

वर्तमान दौर में हमारे देश में राजनीतिज्ञों की छवि ऐसी बन चुकी है कि यदि आप किसी भी अभिभावक से पूछें कि क्या वह अपनी संतान को नेता बनाना पसंद करेगा ? तो शायद ही इसके जवाब में कोई %हाँ% कहता दिखाई दे। दरअसल आम तौर से राजनीति में तीन श्रेणियों के लोग ही सक्रिय दिखाई देते हैं। पहली श्रेणी उन लोगों की जिन्हें राजनीति पारिवारिक विरासत में मिली है। सरल भाषा में जिन्हें परिवारवादी राजनीतिज्ञ कहा जाता है। दूसरी श्रेणी के वह लोग जो छात्र राजनीति या गांव पंचायत की सियासत से निकलकर आये हैं। और अफ़सोस के साथ कहना पड़ता है कि तीसरी श्रेणी में वह लोग आते हैं जो अपने जीवन के किसी भी क्षेत्र में सफल नहीं हो पाते और पूर्णतय: अयोग्य होते हैं। इसी श्रेणी प्राय: सम्प्रदायवादी,जातिवादी,क्षेत्रवादी राजनीति कर सफलता का शार्ट कट अपनाते हैं। बाहुबली व दबंग छवि के लोग भी प्राय: इसी श्रेणी में गिने जा।अपवाद स्वरूप कुछ ही लोग राजनीति में ऐसे होते हैं जो उच्च शिक्षा ग्रहण कर और अंतरात्मा से देश की सेवा करने की ग़रज़ से राजनीति में पदार्पण करते हैं। चूँकि ऐसे लोगों की संख्या कम होती है इसलिये कुल मिलकर नाकारे राजनीतिज्ञों का वर्ग इनपर भी हावी हो जाता है। और इसी दुर्भाग्यशाली परिस्थितियों का ही परिणाम है कि हमारा देश की राजनीति में इस समय चरित्रवान व विचारवान लोगों की कमी है जबकि अपराधी,स्वार्थी,चरित्रहीन, साम्प्रदायिकतावादी ,जातिवादी,मक्कार,झूठे,बेईमान,दलबदलू,अवसरवादी तथा पूर्वाग्रही लोगों की भरमार है। आपने देखा होगा कि कभी पत्रकार ने किसी एम एल ए से ही रूरू का फ़ुल फ़ार्म पूछा और वह नहीं बता पाया। दूसरों को वन्देमातरम जबरन पढ़ाने के लिये मर मिटने के लिये तैयार कई लोगों से कैमरे के सामने लाईव डिबेट में जब वन्देमातरम सुनाने के लिये कहा गया तो वह स्वयं नहीं सुना पाया। अधिकांश नेताओं में जहालत के ऐसे अनेक प्रमाण सुनने को मिल जायेंगे।

जब ऐसे लोगों के राजनीति करने का मक़सद ही धनार्जन,स्वार्थ, और अपने राजनैतिक भविष्य को सुरक्षित रखना हो तो ज़ाहिर है वहां विचारधारा या वैचारिक प्रतिबद्धता नाम की चीज़ कोई महत्व रखती। ऐसे ज़मीर फ़रोशों और मौक़ा परस्तों को भले ही जनता पहचानने में चूक कर देती हो और उनके %वैचारिक धर्म परिवर्तन% या दलबदल के




बाद यहां तक कि कल के नंगे भूखे नेताओं के धनाढ्य बन जाने के बाद भी बार बार जनता उन्हें निर्वाचित भी करती रहती हो। परन्तु उनके इस चरित्र से उस दल के नेता भी भली भाँती वाक़िफ़ होते हैं जहाँ वे अपने स्वार्थवश व अपना राजनैतिक भविष्य संवारने के नाम पर पनाह लेते हैं। ऐसे दलों के नेता चतुराई वश अपना कुंबा बढ़ाने की ग़रज़ से उन्हें पनाह देकर उनके जनाधार का लाभ तो उठा लेटे हैं परन्तु दल बदल या विचार परिवर्तन की इस स्वार्थपूर्ण प्रक्रिया में वह नेता यह भूल जाता है कि उसपर %दलबदलू % होने का ठप्पा भी लग चुका है। राष्ट्रीय व क्षेत्रीय स्तर पर ऐसे तमाम स्वार्थी व मौक़ापरस्त नेता मिल जायेंगे जिन्हें आज वही पार्टियां दूध की मक्खी की तरह निकाल कर फेक चुकी हैं जिनका या तो मक़सद पूरा हो चुका है या अब उनकी वहाँ कोई ज़रुरत नहीं। वर्तमान चुनाव में भी ऐसे अनेक नेता दर दर भटकते दिखाई दे रहे हैं जिन्हें उनकी पार्टी ने इस बार प्रत्याशी नहीं बनाया। जबकि कल उन्होंने यही सोच कर दल बदल किया था कि नये दल में उनका राजनैतिक भविष्य सुरक्षित रहेगा। यहां मैं बिना नाम लिये एक उदाहरण देना चाहूंगा। एक व्यक्ति को कांग्रेस ने पहले जज फिर एक राज्य का मुख्यमंत्री बनाया। जबकि उसमें मुख्यमंत्री बनने का कोई गुण नहीं था सिवाए इसके कि उसके पिता बड़े राजनेता थे। बाद में वह सज्जन भाजपा में चले गये। आज चूँकि भाजपा वहां संघ पृष्ठभूमि के नेताओं को पूरी तरह आगे ला चुकी है इसलिये उस राज्य में उसे आयातित नेताओं या दलबदलुओं अथवा विचार परिवर्तन करने वालों की फ़िलहाल कोई ख़ास ज़रुरत नहीं इसलिये भाजपा ने उन पूर्व मुख्यमंत्री महोदय को "पन्ना प्रमुख" बना कर उनकी राजनैतिक हैसियत का अंदाज़ा करा दिया है।

दलबदलुओं ख़ासकर विपरीत विचारधाराओं में दलबदल करने वाले नेताओं के साथ एक और %खेल% खेला जाता है। उन्हें सार्वजनिक रूप से उस विचारधारा के विरुद्ध मुखरित होकर बोलने को कहा जाता है जिसे वे छोड़ कर आये हैं। और मजबूरी वश चूँकि उसे अपने राजनैतिक भविष्य की चिंता होती है इसलिये वह पार्टी के मूल नेताओं से भी ज़्यादा मुखरित होकर बोलता है। यहाँ कुछ उदाहरण पेश हैं। जैसे हिमंत विस्वा सरमा। यह पहले कांग्रेस के विश्वस्त नेताओं में थे। परन्तु जब से भाजपा में गए हैं तब से इनकी कारगुज़ारियां,इनके वक्तव्य सब कुछ भाजपाई या संघ संस्कारित नेताओं से कहीं बढ़कर हैं। ऐसा इसलिये है कि इन्हें अपनी मुख्यमंत्री की कुर्सी बचाये रखने के लिये स्वयं को यह प्रमाणित करना है कि वे संघ व भाजपा की सभी उम्मीदों पर खरे उतरेंगे। इसी तरह शहज़ाद पूनेवाला जैसे दलबदलुओं को भाजपा, प्रवक्ता बनाकर कांग्रेस पर उसी के शस्त्र से प्रहार करवाती है। पिछले दिनों कांग्रेस के ही एकऔर प्रवक्ता गौरव बल्लभ भाजपा में शामिल हुये। कल तक उन्हें देश में कांग्रेस से बड़ी कोई भी धर्मनिरपेक्ष पार्टी नज़र नहीं आती थी। परन्तु पार्टी छोड़ते ही उन्होंने भाजपा की भाषा बोलते हुये कांग्रेस को सनातन विरोधी बताना शुरू कर दिया।

दरअसल इसमें ज़मीरफ़रोश नेताओं की ग़लती कम जबकि इन्हें समर्थन देने वाली आम जनता की ग़लती ज़्यादा है। विचार परिवर्तन यानी वैचारिक यू टर्न लेने के बावजूद तथा यह समझने के बावजूद कि अमुक नेता ने केवल पार्टी प्रत्याशी न बनाये जाने के लिये दलबदल किया है यानी वह नेता स्वार्थी है फिर भी जनता उसके पीछे लगी रहती है ? लोगों को पता है कि अमुक नेता भ्रष्टाचारी है और केवल अपने आप को सुरक्षित रखने के लिये सत्ता की शरण में जा रहा है,फिर भी ऐसे नेता के समर्थक उसकी जयजयकार करते रहते हैं ? जनता ने ख़ुद सोचना पड़ेगा कि जो नेता उस पार्टी के वफ़ादार न हुये जिसमें रहकर उन्हें मान,नाम,इज़्ज़त,शोहरत,पद रुतबा पहचान आदि वह सब कुछ मिला जिसकी वजह से ही कोई दूसरा दल आज उनकी 'क़ीमत' लगा रहा है, वह स्वार्थी नेता भला जनता,अपने मतदाताओं व अपने वादों के प्रति कैसे वफ़ादार हो सकता है ? बक़ौल मिर्ज़ा ग़ालिब – हमको उनसे वफ़ा की है उम्मीद ? जो नहीं जानते वफ़ा क्या है।।

**- तनवीर जाफ़री**

# आखिर क्यों धधक रही है पृथ्वी?

न केवल भारत में बल्कि वैश्विक स्तर पर तापमान में लगातार हो रही बढ़ोतरी तथा मौसम का निरन्तर बिगड़ता मिजाज गंभीर चिंता का सबब बना है। हालांकि जलवायु परिवर्तन से निपटने के लिए विगत वर्षों में दुनियाभर में दोहा, कोपेनहेगन, कानकुन इत्यादि बड़े-बड़े अंतर्राष्ट्रीय स्तर के सम्मेलन होते रहे हैं किन्तु उसके बावजूद इस दिशा में अभी तक ठोस कदम उठते नहीं देखे गए हैं। दरअसल वास्तविकता यही है कि राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय मंचों पर प्रकृति के बिगड़ते मिजाज को लेकर चर्चाएं और चिंताएं तो बहुत होती हैं, तरह-तरह के संकल्प भी दोहराये जाते हैं किन्तु सुख-संसाधनों की अंधी चाहत, सकल घरेलू उत्पाद में वृद्धि, अनियंत्रित औद्योगिक विकास और रोजगार के अधिकाधिक अवसर पैदा करने के दबाव के चलते इस तरह की चर्चाएं और चिंताएं अर्थहीन होकर रह जाती हैं।

प्रकृति पिछले कुछ वर्षों से बार-बार भयानक आंधियों, तूफान और ओलावृष्टि के रूप में यह गंभीर संकेत दे रही है कि विकास के नाम पर हम प्रकृति से भयानक तरीके से जिस तरह का खिलवाड़ कर रहे हैं, उसके परिणामस्वरूप मौसम का मिजाज कब कहां किस कदर बदल जाए, कुछ भी भविष्यवाणी करना मुश्किल होता जा रहा है। ग्लोबल वार्मिंग के चलते दुनियाभर में मौसम का मिजाज किस कदर बदल रहा है, इसका अनुमान इसी से लगाया जा सकता है कि उत्तरी ध्रुव के तापमान में एक-दो नहीं बल्कि बड़ी बढ़ोतरी देखी गई। मौसम की प्रतिकूलता साल दर साल किस कदर बढ़ती जा रही है, यह इसी से समझा जा सकता है कि कहीं भयानक सूखा तो कहीं बेमौसम अत्यधिक वर्षा, कहीं जबरदस्त बर्फबारी तो कहीं कड़ाके की ठंड, कभी-कभार ठंड में गर्मी का अहसास तो कहीं तूफान और कहीं भयानक प्राकृतिक आपदाएं, ये सब प्रकृति के साथ हमारे खिलवाड़ के ही दुष्परिणाम हैं और हमें यह सचेत करने के लिए पर्याप्त हैं कि अगर हम इसी प्रकार प्रकृति के संसाधनों का बुरे तरीके से दोहन करते रहे तो हमारे भविष्य की तस्वीर कैसी होने वाली है।

हालांकि प्रकृति कभी समुद्री तूफान तो कभी भूकम्प, कभी सूखा तो कभी अकाल के रूप में अपना विकराल रूप दिखाकर हमें चेतावनी भी देती रही है किन्तु जलवायु परिवर्तन से निपटने के नाम पर वैश्विक चिंता व्यक्त करने से आगे हम शायद कुछ करना ही नहीं चाहते। हिन्दी अकादमी दिल्ली के सौजन्य से प्रकाशित पुस्तक 'प्रदूषण मुक्त सांसें' के अनुसार हम यह समझना ही नहीं चाहते कि पहाड़ों का सीना चीरकर हरे-भरे जंगलों को तबाह कर हम जो कंक्रीट के जंगल विकसित कर रहे हैं, वह वास्तव में विकास नहीं बल्कि विकास के नाम पर हम अपने विनाश का ही मार्ग प्रशस्त कर रहे हैं। पहाड़ों में बढ़ती गर्माहट के चलते हमें अक्सर घने वनों में भयानक आग लगने की खबरें सुनने को मिलती रहती हैं। पहाड़ों की इसी गर्माहट का सीधा असर निचले मैदानी इलाकों पर पड़ता है, जहां का पारा अब हर वर्ष बढ़ता जा रहा है।

धरती का तापमान यदि इसी प्रकार साल दर साल बढ़ता रहा तो आने वाले वर्षों में हमें इसके बेहद गंभीर परिणाम भुगतने को तैयार रहना होगा क्योंकि हमें यह बखूबी समझ लेना होगा कि जो प्रकृति हमें उपहार स्वरूप शुद्ध हवा, शुद्ध पानी, शुद्ध मिट्टी तथा ढ़ेरों जनोपयोगी चीजें दे रही है, अगर मानवीय क्रियाकलापों द्वारा पैदा किए जा रहे पर्यावरण संकट के चलते प्रकृति कुपित होती है तो उसे सब कुछ नष्ट कर डालने में पल भर की भी देर नहीं लगेगी। करीब दो दशक पहले देश के कई राज्यों में जहां अप्रैल माह में अधिकतम तापमान औसतन 32-33 डिग्री रहता था, अब वह 40 के पार रहने लगा है। मौसम विभाग का तो अनुमान है कि अगले तीन दशकों में इन राज्यों में तापमान में वृद्धि 5 डिग्री तक दर्ज की जा सकती है और इसी प्रकार तापमान बढ़ता रहा तो एक ओर जहां जंगलों में आग लगने की घटनाओं में बढ़ोतरी होगी, वहीं धरती का करीब 20-30 प्रतिशत हिस्सा सूखे की चपेट में आ जाएगा तथा एक चौथाई हिस्सा रेगिस्तान बन जाएगा, जिसके दायरे में भारत सहित दक्षिण पूर्व एशिया, मध्य अमेरिका, दक्षिण आस्ट्रेलिया, दक्षिण यूरोप इत्यादि आएंगे।

सवाल यह है कि धरती का तापमान बढ़ते जाने के प्रमुख कारण क्या हैं? 'प्रदूषण मुक्त सांसें' पुस्तक के मुताबिक इसका सबसे अहम कारण है ग्लोबल वार्मिंग, जो तमाम तरह की सुख-सुविधाएं व संसाधन जुटाने के लिए किए जाने वाले मानवीय क्रियाकलापों की ही देन है। पैट्रोल, डीजल से उत्पन्न होने वाले धुएं ने वातावरण में कार्बन डाईऑक्साइड तथा ग्रीन हाउस गैसों की मात्रा को खतरनाक स्तर तक पहुंचा दिया है। विशेषज्ञों का अनुमान है कि वातावरण में पहले की अपेक्षा 30 फीसदी ज्यादा कार्बन डाईऑक्साइड मौजूद है, जिसकी मौसम का मिजाज बिगाड़ने में अहम भूमिका है। पेड़-पौधे कार्बन डाईऑक्साइड को अवशोषित कर पर्यावरण संतुलन बनाने में अहम भूमिका निभाते रहे हैं लेकिन पिछले कुछ दशकों में वन-क्षेत्रों को बड़े पैमाने पर कंक्रीट के जंगलों में तब्दील किया जाता रहा है। एक और अहम कारण है बेतहाशा जनसंख्या वृद्धि। जहां 20वीं सदी में वैश्विक जनसंख्या करीब 1.7 अरब थी, अब बढ़कर 8 अरब से भी ज्यादा हो चुकी है। अब सोचने वाली बात यह है कि धरती का क्षेत्रफल तो उतना ही रहेगा, इसलिए कई गुना बढ़ी आबादी के रहने और उसकी जरूरतें पूरी करने के लिए प्राकृतिक संसाधनों का बड़े पैमाने पर दोहन किया जा रहा है, इससे पर्यावरण की सेहत पर जो जबरदस्त प्रहार हुआ है, उसी का परिणाम है कि धरती बुरी तरह धधक रही है। ब्रिटेन के प्रख्यात भौतिक शास्त्री स्टीफन हॉकिंग की इस टिप्पणी को कैसे नजरअंदाज किया जा सकता है कि यदि मानव जाति की जनसंख्या इसी कदर बढ़ती रही और ऊर्जा की खपत दिन-प्रतिदिन इसी प्रकार होती रही तो करीब 600 वर्षों बाद पृथ्वी आग का गोला बनकर रह जाएगी। धरती का तापमान बढ़ते जाने का ही दुष्परिणाम है कि ध्रुवीय क्षेत्रों में बर्फ पिघल रही है, जिससे समुद्रों का जलस्तर बढ़ने के कारण दुनिया के कई शहरों के जलमग्न होने की आशंका जताई जाने लगी है। बहरहाल, अगर प्रकृति से खिलवाड़ कर पर्यावरण को क्षति पहुंचाकर हम स्वयं इन समस्याओं का कारण बने हैं और हम वाकई गंभीर पर्यावरणीय समस्याओं को लेकर चिंतित हैं तो इन समस्याओं का निवारण भी हमें ही करना होगा ताकि हम प्रकृपि के प्रकोप का भाजन होने से बच सकें अन्यथा प्रकृति से जिस बड़े पैमाने पर खिलवाड़ हो रहा है, उसका खामियाजा समस्त मानव जाति को अपने विनाश से चुकाना पड़ेगा।

**- योगेश कुमार गोयल**

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार, पर्यावरण मामलों के जानकार तथा पर्यावरण पर बहुचर्चित पुस्तक 'प्रदूषण मुक्त सांसें' के लेखक हैं)

# इस्सयोगना भूतो ना भविष्यतिः एक आध्यात्मिक क्रान्ति

महात्मा सुशील कुमार जी का महा निर्वाण महोत्सव के महायज्ञ में अपनी अपनी श्रद्धा समपर्ण जी समिधा डालने हेतू भारत के अलावे सम्पूर्ण विश्व से इस्सयोगी आ रहें है।ज्ञात्वय रहे कि सन 2002 के अप्रैल माह के 23 - 24 तारीख की मध्य रात्रि में महात्मा जी अपने पार्थिक शरीर को त्याग अखिल ब्रहामाण्ड में समाहित हो गए थें * धन्य वह धरा जहाँ पति पावनी गंगा सदियों से निरंतर र्निविघ्न बह रही है।इस पवित्र को अनेक संत महापुरुषों नें विभिन्न युग में स्वयं अवतरित हो कर जगत का कल्याण किया है।इसी क्रम में आज आप के समक्ष ऐसे महापुरुष की चर्चा करने जा रहा हूँ जिन्होंने संपूर्ण मानव जाति के कल्याण हेतू एक सहज सरल सुगम पथ ना केवल निमार्ण किया बल्कि सम्पूर्ण मानव जाति को त्रितापों से त्राण दिलाने हेतु, 'इस्सयोग' साधना पथ बिना किसी भेद भाव आम आदमी सौगात स्वरूप उपलब्ध कराया है।एक दिव्य और चमत्कारिक शक्ति और औषधि देने वाले कोई साधारण संत नही बल्कि इस युग मे युग अवतार सद्गुरुदेव महात्मा सुशील कुमार जी के रूप अवतरित हुए।आप का जन्म बिहार प्रांत के भोजपुर ज़िला निवासी ब्रहमलीन महापुरुष श्री श्रीशचंद्र शास्त्री एवं कर्पूर कमला के एक मात्र पुत्र के रूप में 13जुलाई1938 को हुआ था। आपने 1961 में बी एस सी इंजीनियरिंग(सिविल)तथा 1971में 'बैचलर औफ़ लौ' की उपाधि प्राप्त की।आप बिहार सरकार के पथ निर्माण विभाग में विभागाध्यक्ष के पद से1998में सेवा निवृत हुए।सर्वोतकृष्ट कार्यों एवं उपलब्धियों के लिए,आपको 'इंदिरा गाँधी प्रियदर्शिनी सम्मान 1997' से विभूषित भी किया गया था।महात्मा जी को अध्यात्म विरासत में मिला था।उनके पिता प्रात:स्मरणीय शास्त्री जी चारों वेदों के ज्ञाता और भाष्य-कार थे। वे कठोर कर्म-कांडी और सपत्नी पक्के आर्य समाजी थे।आर्य समाज के आचार्य के रूप में, उनकी समाज में बड़ी प्रतिष्ठा थी तथा वे भारत सरकार की ओर से विदेशों में(थाईलैंड,श्रीलंका आदि देशों में )संस्कृत एवं वेदों की शिक्षा देने हेतु सादर भेजे जाते थे।शास्त्री जी ने गर्भाधान से लेकर महात्मा जी के आगे के सभी संस्कार वेदोक्त विधि से कराए थे।उनकी माता पूजनीयाँ कर्पूर कमला जी,सामाजिक सरोकारों से जुड़ीं विदुषी और तेजस्वीनी महिला थीं।अस्तु बाल्य काल से हीं,महात्मा जी में आध्यात्मिक संस्कार पड़ने लगे थे।शिशु पर वैदिक संस्कार पड़े, इस हेतु,पिताश्री किंचित लोभ देकर गायत्री मंत्र आदि रटाते थे। शास्त्री जी ने उन्हें कह रखा था कि,जब'गायत्री-मंत्र' का पाठ किया जाता है,तो सभी इच्छित फल प्राप्त होते हैं।उन्हें किसी वस्तु की इच्छा होती थी तो उनसे यह कहा जाता था कि,"आँखों को बंद कर 'गायत्री मंत्र' का जप करो, तुम्हें वह अवश्य प्राप्त होगा।"महात्मा जी तदनुसार करते थे,फिर उनके हाथों में वह वस्तु पड़ी मिलती।(इच्छित वस्तु पिताश्री तैयार रखा करते थे।) ।वयस्क होने पर महात्मा जी में स्वतंत्र विचार आने लगे तथा उनका आध्यात्मिक-चिंतन बदलने और परिष्कृत होने लगा। वय और अनुभूतियों के बढ़ने के साथ-साथ ,'परम-तत्त्व' की खोज की अभिलाषा उत्कंठा बनती गयी और उन्होंने जीवन के कर्मों का निबटारा करते हुए 'सत्य की खोज' जारी रखी।जैसा कि पूर्व में निवेदन किया जा चुका है कि, महात्मा जी ने सिविल अभियंत्रण में स्नातक की उपाधि प्राप्त की थी,सो अपनी लौकिक वृति 1963 में बिहार सरकार के लोक निर्माण विभाग में अवर प्रमंडल पदाधिकारी के पद से प्रारम्भ की। 1963से 65तक वे बिहारशरीफ़ में रहे तथा1966 से69 तक राँची में।तब बिहार का विभाजन नही हुआ था।पटना-हाजीपुर को जोड़ने के लिए बनाए जा रहे गंगा सेतु(महात्मा गाँधी सेतु)के निर्माण में उन्होंने निर्माता-कंपनी 'गैमन इंडिया' के साथ अपना विशेष योगदान1970-71में दिया था।वर्ष 1972 से 74तक बोकारो में एच एस सी एल में ज़ोनल इंजीनियर के पद पर उन्होंने कार्य किया और इस काल का उल्लेखनीय पक्ष यह था कि आप हीं के नेतृत्व में अत्यंत महत्वाकांक्षी 'कोल्ड रोलिंग मिल की कमीशनीग' संपन्न हुई थी।इसके बाद से, 1979 तक आपने राजधानी (पटना)के विभिन्न कार्य-प्रक्षेत्रों में,अपना उल्लेखनीय योगदान दिया।इसके बाद आपको,आपके कुशल प्रशासनिक और प्रभावकारी व्यक्तित्व के महत्त्व को रेखांकित करते हुए आपको नक्सल प्रभावित उन क्षेत्रों में विशेष कार्यों के लिए भेजा गया, जहाँ से दूसरे अधिकारी और विशेषज्ञ परहेज़ रखना चाहते थे।लेकिन आप भला किससे भय रखते!आपने सुदूरवर्ती ग्रामीण क्षेत्रों में जाकर अपने कर्तव्य पूरे किए तथा इस दौरान अनेक स्थानों पर हरिजन-छात्रावास एवं शैक्षणिक संस्थानों के निर्माण सहित विभिन्न विकास कार्यों को पूरा किया।1998 में अपने विभाग के अध्यक्ष पद से सेवा निवृत होने से पहले आपने पटना क्षेत्रीय प्राधिकार के ट्रिब्यूनल में अपनी सेवाएँ दी।पटना में अतिक्रमण हटाने हेतु न्यायिक फ़ैसले लेने के लिए दो माननीय न्यायाधीशों के साथ आपकी अभियुक्ति और अनुशंसा महत्त्वपूर्ण मानी जाती थी।पटना के सौंदर्यीकरण के लिए भी आपके प्रयास सराहनीय रहे।उपरोक्त कुछ संदर्भ इस आशय के लिए, लिए गए कि,यह प्रमाणित हो कि महात्मा जी,जो कहते थे, वह अपने जीवन में पालन भी करते थे।उन्होंने संसार को पूरा जिया,और वहीं पूरी तरह विरक्त भी रहे।आध्यात्मिक धारा में बहते हुए भी,संसार छोड़ने की बात कभी नहीं की।वे कहा करते थे कि, .सत्य की खोज और तत्त्व-ज्ञान के लिए संसार को छोड़ना अनावश्यक है।सच्चा मार्ग और सच्चा गुरु पाकर गृहस्थ जीवन में हीं आध्यात्मिक उपलब्धियाँ पायी जा सकती है। गृहस्थ-आश्रम साधना का श्रेष्ठ आश्रम है।इसी तरह उन्होंने, समय आने पर विवाह भी किया। वर्ष1963 के18मई को जब आपका विवाह संपन्न हुआ,उस समय आपकी नव-परिणीता आदरणीया विजया जी(माँ विजया जी)अभी-अभी इंटर की परीक्षा दी थीं।भविष्य में दिव्य शक्तियों के स्वामी होने वाले सुंदर, सफल और योग्य पुरुष के लिए, निश्चय हीं,सुयोग्य कन्या होनी चाहिए। कहते हैं-जोड़ियाँ ऊपर बनायी जाती है।औरों के बारे में तो नहीं कह सकते,किंतु आपकी जोड़ी 'शिव-पार्वती' की जोड़ी सिद्ध हुई। माताजी बाल्य-काल से हीं आध्यात्मिक रुझान रखती थी। अस्तु दोनों के संगम की पृष्ठ-भूमि पहले से तैयार थी।सो नैसर्गिक रूप से दोनों ही अध्यात्म के पथ पर भी साथ-साथ बढ़े।ईश्वर के प्रति उनकी विपुल भक्ति ने निश्चय हीं प्रभु को अपनी ओर खींचा था। उन्हें बाल्य-काल से हीं अलौकिक अनुभूतियाँ होती थी।साधना के मार्ग में एक पथ-प्रदर्शक की आवश्यकता पड़ती है।एक महात्मा ने दोनों को दीक्षा भी दी तथा साधना का मार्ग बी बताया। किंतु कुछ हीं कालों में आपने यह अनुभव किया कि,यदा-कदा गुरु रूप में कोई ऐसा विलक्षण व्यक्तित्व आता है,और आप दोनों को अलौकिक स्थितियों में ले जाता है,जैसा कि,आपके लौकिक-गुरु नहीं कर सकते थे। बाद में आपने अनुभूत किया कि, लौकिक गुरु के रूप में स्वयं सद्गुरु भगवान शंकर आकर साधना का मार्ग प्रशस्त करते चलते थे।कालांतर में,भगवान शिव स्वयं प्रकट होने लगे और आपने अध्यात्म की वह ऊँचाई पायी,जिसके लिए युगों-युगों तक,जनमों-जनम तक प्राणी भटकता फिरता है।महात्मा जी तथा माताजी ने केवल स्वयं हीं उस परम तत्त्व को नहीं प्राप्त किया,बल्कि उन्होंने जिज्ञासु पात्रों एवं जन-साधारण को भी प्रभु से सीधे जुड़ने का 'इस्सयोग' के रूप में एक महान और सरल मार्ग प्रशस्त किया।इस साधना-पद्धति का आश्रय लेकर सामान्य साधक भी, सहज में हीं वह सहजावस्था प्राप्त करने लगता है,जिसके लिए बड़े-बड़े संत अपना जीवन खपाते रहे हैं। आप नें 'इस्सयोग' को ' न भूतों न भविष्यति: आध्यात्मिक क्रांति' इस्सयोग की एक मिनट की लयावस्था साधना 6 वर्षों के बाह्य पुजा पाठ के बराबर फलदायी होती है।आप ने घोषणा की इस्सयोग एक दिन दो तिहाई भु मण्डल पर छायेगा।इस्सयोग के समर्पित साधक साधिकायें हम घर घर पहुँचा चें कहा।वर्ष2002 के23-24अप्रैल की मध्य-रात्रि में महात्मा जी ने अपने लौकिक-देह का त्याग किया।इसके एक-दो वर्ष पूर्व से हीं वे अपने महाप्रयाण के संकेत देने शुरू कर दिए थे।वे गुरुधाम(बी-108,कंकड़बाग हाउसिंग कॉलोनी ,पटना) में प्रत्येक संध्या में 2-3घंटा समय साधक-साधिकाओं को देते थे। संध्या 6 बजे से भजन-कीर्तन, फिर पौने आठ बजे से,जगत- कल्याण हेतु,'ब्रह्मांड-साधना' और उसके पश्चात आशीर्वचन,यह प्रतिदिन का नियम था।माताजी के साथ महात्मा जी आसान पर विराजते थे तथा साधक-गण की समस्याएँ सुनते और निराकरण करते थे। प्राय: हीं कुछ न कुछ नए लोग,भाँति-भाँति की समस्या लेकर आते और निदान पाते। महात्माजी सबके कष्ट हरा करते थे।अपने महाप्रयाण के कुछ दिन पहले से वे यह कहने लगे थे कि-"अब आप में से(साधक- साधिकाओं में से)अनेक उस उच्चावस्था को प्राप्त कर चुके हैं,जिसके आगे की यात्रा के लिए आप समर्थ हैं तथा कालांतर में आप में से अनेक 'इस्सयोग' को आगे बढ़ाने का कार्य करेंगे, जिससे 'ईश्वर से सीधा संपर्क' का यह मार्ग आगे भी मानव-समुदाय को मिलता रहेगा"।अंतत: 23-24 अप्रैल की मध्य-रात्रि में आपने मुद्रा लगाकर चिर समाधि ले ली!इस्सयोग के साधक यह मानते है कि,महात्मा जी पार्थिव-देह का त्याग कर, सूक्ष्म रूप से निखिल ब्रह्मांड में व्याप्त हो गए हैं तथा अपने साधक-साधिकाओं के साथ,सूक्ष्म रूप में सदैव बने रहते हैं।उनका यह भी मानना है कि,वे सूक्ष्म रूप से माताजी में(माँ विजया जी के तन में)उपस्थित रहते हैं तथा उनके माध्यम से आज भी जगत का कल्याण कर रहे हैं।

इस्सयोग के संस्थापक व आध्यात्मिक क्रान्ति के जनक महात्मा सुशील कुमार कुमार जी के महा र्निमाण महोत्सव भारत के विभिन्न राज्यों के अलावे विदेशों से बडी संख्या में श्रद्धालु जन अपनी श्रद्धा सुमन अर्पित करने के लिए दो दिवसीय महानिर्वाण महोत्सव शरीक होने आ रहे है।खबरीलाल भी अपने सद्गुरुदेव-माँ जी के युगल श्रीचरणो में अपनी श्रद्धा समर्पण की अश्रु पूर्ण श्रद्धाजंली अर्पित करते है तथा आप से यह कहते हुए विदा लेते है – जिन हथेलियों पर दिये थें,छड़ी के निशान। आप हमें कराते रहते थें,पल-पल बह्म का ज्ञान॥ हम थें आप से अजान। आप ही थें मेरे कृपा निधान ॥

नाट ही काहूँ से दोस्ती ,ना ही काहूँ से बैर खबरी लाल तो मांगे सबकी खैर

(स्वतंत्र पत्रकार/स्तम्भकार)

**- विनोद तकियावाला**

# इन्दौर बाजार की साप्ताहिक समीक्षा –

इन्दौर । दिसावरी सुस्ती से आलौच्य सप्ताह के दौरान किराना जिंसों में कालीमिर्च बाजार सुस्ती पर रहे। शक्कर में उछाल दर्ज हुआ। खाद्य तेलों में व्यापार ठंडा-ठंडा ही रहा। तिलहनों में सोयाबीन मजबूती पर रहा। दलहनों में चना लेवाली के अभाव में बाजार 50 रू. प्रति क्विंटल घटाकर बोला गया।

**किराना** – शनिवार को समाप्त हुए आलौच्य सप्ताह के दौरान स्थानीय सियागंज किराना बाजार में व्यापार की मात्रा सामान्य ही रही। शक्कर में लेवाली निकलने से बाजार 100-120 रू. प्रति क्विंटल तक का उछाल आया और शक्कर में बाजार 3970-4000 रू. प्रति क्विंटल पर आ गया। कालीमिर्च में दिसावरी मंदी से भावों में सुस्ती रही। कालीमिर्च में उत्पादन अच्छी मात्रा में रहने से भावों में मंदी का रूख देखा गया। इस दौरान कालीमिर्च में एटम क्वालिटी मालों में बाजार 575-580 रू. प्रति किलो पर आ गये। जीरे में भी दिसावरी मंदी से भावों में 4-5 रू. प्रति किलो की नरमी आयी। जीरा राजस्थान 285-290 से घटकर 280-290 रू. प्रति किलो पर आ गये। सूखे मेवों में पूछपरख ठंडी रहने से भावों में नरमी की स्थति रही। बादाम मगज में बाजार 630-750 रू. प्रति किलो पर आ गये। काजू व अन्य सूखे मेवों में भी बाजार नरमी के रहे। नारियलों में ताजा माँग से बाजार सुर्खी पर देखे गये। आलौच्य सप्ताह के दौरान नारियल में बाजार 100-150 रू. प्रति थैले तक की तेजी आयी। अन्य किराना जिंसों में व्यापार सामान्य ही देखा गया।

**तेल तिलहन** – समीक्षा सप्ताह के दौरान खाद्य तेलों में बाजार नरमी के रहे। बाजार सूत्रों के अनुसार खाद्य तेलों में व्यापार सामान्य से अधिक नहीं रहा। देशी मालों की आपूर्ति सुधरने व आयातित मालों में नरमी की स्थति से भावों में मंदी के रहे। खाद्य तेलों में बीते सप्ताह के दौरान सींगदाना तेल इन्दौर लाइन पर 1500-1520 रू. प्रति 10 किलो पर बना रहा। सोया तेलों में बाजार 10-15 रू. प्रति 10 किलो की नरमी आयी और सोया तेल रिफाइंड मालों में बाजार 967-970 रू. से 950-955 रू. प्रति 10 किलो पर आ गये। तिलहनों में सोयाबीन 4600-4700 रू. प्रति क्विंटल पर बना रहा।

**दाल दलहन** – समीक्षा सप्ताह के दौरान दाल-दलहनों में व्यापार की मात्रा सामान्य ही रही। चने में आवकें अच्छी है। यद्यपि दालों में लेवाली है, जिसके चलते भावों में सुधार की स्थति है। समीक्षा सप्ताह के दौरान चना 6250 रू. प्रति क्विंटल पर आ गये। तुअर में भी आवक विशेष नहीं है। जिसके चलते बाजार तेजी के रहे। तुअर में बढ़िया माल 9800-11200 रू. प्रति क्विंटल पर मजबूत देखे गये। मसूर में पूछपरख ठंडी रहने से भावों में 125-150 रू. प्रति क्विंटल तक की गिरावट आयी और मसूर में बाजार 6000 रू. प्रति क्विंटल पर आ गये। उड़द व मूंग में पूछपरख से बाजार सुधार पर देखे गये।

# बीते सप्ताह सरसों, सोयाबीन तेल तिलहन की कीमतों में गिरावट रही

नई दिल्ली । बीते सप्ताह विदेशों में कच्चा पामतेल (सीपीओ), पामोलीन और सोयाबीन डीगम तेल कीमतों में आई गिरावट के बीच देश के तेल-तिलहन बाजारों में सरसों एवं सोयाबीन तेल तिलहन, सीपीओ और पामोलीन तेल के दाम नरमी के साथ बंद हुए। बीते सप्ताह सरसों दाने का थोक भाव 105 रुपये की गिरावट के साथ 5,235-5,275 रुपये प्रति क्विंटल पर बंद हुआ। सरसों दादरी तेल का भाव 75 रुपये घटकर 10,000 रुपये प्रति क्विंटल पर बंद हुआ। सरसों पक्की और कच्ची घानी तेल का भाव क्रमश:15-15 रुपये की गिरावट के साथ क्रमश: 1,705-1,805 रुपये और 1,705-1,820 रुपये टिन (15 किलो) पर बंद हुआ। समीक्षाधीन सप्ताह में सोयाबीन दाने और लूज का भाव क्रमश: 110-110 रुपये की गिरावट के साथ क्रमश: 4,800-4,820 रुपये प्रति क्विंटल और 4,600-4,640 रुपये प्रति क्विंटल पर बंद हुआ। इसी तरह सोयाबीन दिल्ली, सोयाबीन इंदौर और सोयाबीन डीगम तेल का भाव क्रमश: 250 रुपये, 250 रुपये और 150 रुपये की गिरावट के साथ क्रमश: 10,150 रुपये और 9,800 रुपये और 8,550 रुपये प्रति क्विंटल पर बंद हुआ। समीक्षाधीन सप्ताह में मूंगफली तेल तिलहन में सुधार आया। मूंगफली तिलहन का दाम 65 रुपये की तेजी के साथ 6,170-6,445 रुपये क्विंटल पर बंद हुआ। मूंगफली गुजरात और मूंगफली साल्वेंट रिफाइंड तेल के भाव भी क्रमश: 75 रुपये और 15 रुपये की तेजी के साथ क्रमश: 14,825 रुपये क्विंटल और 2,255-2,520 रुपये प्रति टिन पर बंद हुए। समीक्षाधीन सप्ताह में कच्चा पाम तेल (सीपीओ) 500 रुपये की गिरावट के साथ 8,925 रुपये प्रति क्विंटल पर बंद हुआ। पामोलीन दिल्ली का भाव 375 रुपये की गिरावट के साथ 10,250 रुपये प्रति क्विंटल तथा पामोलीन एक्स कांडला तेल का भाव 375 रुपये की गिरावट के साथ 9,275 रुपये प्रति क्विंटल पर बंद हुआ। गिरावट के आम रुख के विपरीत बिनौला तेल 50 रुपये मजबूत होकर 9,775 रुपये प्रति क्विंटल पर बंद हुआ।

# अदालत ने महाराष्ट्र के परिवहन आयुक्त का परिपत्र खारिज किया

मुंबई । बंबई उच्च न्यायालय ने महाराष्ट्र के परिवहन आयुक्त द्वारा जारी परिपत्र को खारिज कर दिया है, जिसमें बीएच श्रृंखला के तहत वाहनों के पंजीकरण के लिए आवेदनों पर निर्णय लेते समय कुछ शर्तें लगाई गई थीं। न्यायमूर्ति गिरीश कुलकर्णी और न्यायमूर्ति फिरदौस पूनीवाला की खंडपीठ ने 12 अप्रैल को अपने फैसले में कहा कि परिपत्र बिना किसी अधिकार के जारी किया गया था और इसलिए गलत और अवैध है। अदालत एक दीवानी न्यायाधीश की याचिका पर सुनवाई कर रही थी, जिसमें परिपत्र को चुनौती दी गई थी। परिवहन विभाग ने बीएच श्रृंखला के तहत वाहन पंजीकरण की मांग करने वाले उनके आवेदन को अस्वीकार कर दिया गया था। भारत सरकार ने 2021 में विभिन्न राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में वाहनों के सुविधाजनक हस्तांतरण के लिए बीएच श्रृंखला की शुरुआत की थी। परिवहन आयुक्त ने एक परिपत्र के तहत यह शर्त लगाई थी कि कोई भी सरकारी कर्मचारी जो बीएच श्रृंखला का पंजीकरण चाहता है, उसे आधिकारिक पहचान पत्र के अलावा, एक प्रमाण पत्र और देना होगा, जिसमें दिखाया गया हो कि उनके विभाग के अन्य राज्यों में कार्यालय हैं, और सेवा अवधि के दौरान उन्हें इन राज्यों की यात्रा करनी पड़ी है।

# आज का राशिफल



**मेष** – आज का दिन आपके लिए प्रसन्नता दिलाने वाला रहेगा। आपके परिवार में किसी सदस्य के विवाह प्रस्ताव पर मोहर लग सकती है। आपको एक के बाद खुशखबरी सुनने को मिलती रहेगी। संतान को आज किसी सम्मान की प्राप्ति हो सकती हैं। यदि आप अपनी आर्थिक स्थिति को लेकर परेशान चल रहे थे, तो बिजनेस में आपको अच्छा मुनाफा मिलने की संभावना है। आपके घर किसी नए मेहमान का आगमन हो सकता है।

**वृष** – आज का दिन आपके लिए मिला जुला रहने वाला है। आप अपने मन में यदि नकारात्मक विचारों को रखेंगे, तो इससे समस्या आ सकती है। आपको कोई महत्वपूर्ण निर्णय बहुत ही सावधानी से लेना होगा। जीवनसाथी की सलाह आपके कामों में आपका खूब साथ देगी। जो लोग प्रेम विवाह करना चाहते हैं वह साथी के मन को अच्छे से जाने, नहीं तो बाद में उनके प्रेम प्रस्ताव में कोई समस्या खड़ी हो सकती है।

**मिथुन** – आज आप कोई भी कार्य सोच समझकर ही करें। आर्थिक दृष्टिकोण से आप कुछ परेशान रह सकते हैं, लेकिन जल्द ही वो समस्या दूर होगी। व्यापार में वृद्धि हो सकती है। परिवार के सदस्यों के साथ आप कुछ समय मौज मस्ती करने में व्यतीत करेंगे। इस दौरान कोई ऐसी बात ना करें, जिससे किसी सदस्य को आपकी बात बुरी लगे। आप अपने घर किसी नए वाहन को लेकर आ सकते हैं, लेकिन संतान को यदि आप कोई जिम्मेदारी देंगे, तो वह उसमें दिल दे सकते हैं। आपको अपनी माताजी से कुछ कामों को लेकर सलाह मशवरा करना पड़ सकता है।

**कर्क** – आज का दिन आपके लिए अपने काम को लेकर बजट बनाकर चलने के लिए रहेगा। आपकी आय तो सीमित रहेगी, लेकिन आपका कुछ अनावश्यक खर्च बढ़ेंगे, जो आपको परेशान रहेंगे। आप किसी को बिना मांगे सलाह देने से बचें। यदि आप अपने से ज्यादा दूसरे कामों पर ध्यान लगाएंगे, तो आपके काफी कम लटक सकते हैं। आपको अपने परिवार में किसी सदस्य से किए हुए वादे को पूरा करना होगा।

**सिंह** – आज का दिन आपके चारों ओर का वातावरण खुशनुमा रहेगा। आपको संतान पक्ष की ओर से आपको कोई खुशखबरी सुनने को मिल सकती है। संतान और परिवार में किसी सदस्य को नई नौकरी के मिलने से माहौल खुशनुमा रहेगा। आपके घर किसी जश्न का आयोजन रहेगा। आप कामों को लेकर मनमर्जी ना चलाएं, नहीं तो इससे कोई आपसे नाराज हो सकते है।

**कन्या** – आज का दिन आपके लिए तनावग्रस्त रहने वाला है। आपको अपनी आर्थिक स्थिति की चिंता सता सकती है। परिवार के किसी सदस्य की बातो से माहौल अच्छा नहीं रहेगा। आप अपने आसपास रह रहे लोगों से सावधान रहें। आपको अपने बिजनेस में बहुत ही सोच विचार कर योजनाओं को बनाना होगा, नहीं तो कोई नुकसान हो सकता है। आपके भाई बहनों से यदि कुछ अनबन चल रही है, तो उसे बातचीत के जरिए दूर करने की कोशिश करें।

**तुला** – आज का दिन आपके लिए ऊर्जावान रहने वाला है। आप ऊर्जा से भरपूर रहेंगे, लेकिन आप उसे इधर-उधर खाली बैठकर समय बर्बाद ना करें। आपकी कुछ प्रभावशाली लोगों से मुलाकात होगी। राजनीति में कार्यरत लोगों को किसी बड़े नेता से मिलने का मौका मिलेगा। आज आपके पास पॉवर तो रहेगी, लेकिन आप उसका कोई गलत इस्तेमाल न करें।

**वृश्चिक** – आज का दिन आपके लिए लंबे समय से रुके हुए काम को पूरा करने के लिए रहेगा। आपको अपने पारिवारिक काम को समय रहते निपटना होगा। आपके आसपास में कोई वाद विवाद होने की संभावना है। आप छोटे बच्चों के साथ कुछ समय मौज मस्ती करने में व्यतीत करेंगे। नौकरी में कार्यरत लोगों को अपने बॉस के व्यवहार में बदलाव आने के कारण काम में समस्या आ सकती है।

**धनु** – आज का दिन आपके लिए निर्णय लेने की क्षमता का पूरा लाभ लेकर आएगा। आप व्यापार में कोई महत्वपूर्ण निर्णय ले सकते हैं। आपने यदि पहले किसी को धन उधार दिया था, तो वह आपको वापस मिल सकता है। इससे आपकी आर्थिक स्थिति को मजबूती मिलेगी। शेयर मार्केट में निवेश करने वाले लोग दिल खोलकर निवेश कर सकते हैं। आप यदि किसी प्रॉपर्टी की खरीदारी करने जा रहे हैं, तो उसमें जरूरी कागजातों पर पूरा ध्यान दें।

**मकर** – आज आप धार्मिक कार्यक्रमों से जुड़ें रहेंगे। आपके मन में सकारात्मकता बनी रहेगी। आर्थिक दृष्टिकोण से दिन थोड़ा कमजोर रहेगा, इसलिए आप किसी से धन संबंधित मुद्दे में ना पड़ें, तो आपके लिए अच्छा रहेगा। यदि पहले किसी से धन उधार लिया था, तो वह भी आपसे वापस मान सकते हैं। आप अपने घर किसी पूजा पाठ व भजन कीर्तन अधिकारी का आयोजन कर सकते हैं, जिसमें परिजनों का आना-जाना लगा रहेगा।

**कुंभ** – आज का दिन आपके लिए खुशनुमा रहने वाला है। आपके मन में काम के पूरा होने से प्रसन्नता रहेगी। भाई व बहनों का आपको पूरा सहयोग मिलेगा। आपके घर किसी मित्र का आगमन हो सकता है। आप पारिवारिक समस्याओं को मिल बैठकर सुलझाएं, जिससे सदस्यों में आपसी प्रेम भी बना रहेगा।

**मीन** – आज का दिन विशेष रूप से फलदायक रहने वाला है। आप अपने जीवनसाथी के व्यवहार को लेकर थोड़ा चिंतित रहेंगे। आपकी लड़ाई झगड़े होते रहेंगे। बिजनेस में आपको कुछ समस्याएं आएंगी और अचानक से चली जाएंगी। आपको आत्मविश्वास से कार्य करने की जरूरत है। इस समय आप कोई बड़ा जोखिम न उठाएं।

## शब्दजाल - 7516

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| शा | स | दौ | जॉ | न | अ | ब्रा | ह | म | ल्ली | क |
| ग | ह | ह | ग | ला | अ | जै | जी | ग | झ | क |
| स | क | रु | म | ह | झ | की | ना | ण | घ | को |
| ल | इ | ल | ख | हैं | प | श्रॉ | ला | र | ला | न |
| मा | श्क | ल | प | खा | रा | फ | गी | ण | ग | म |
| न | दा | ल | श | सं | न | ही | रं | व | ला | स |
| वि | वे | क | ओ | बे | रॉ | य | दे | या | ज | न्नी |
| अ | मि | ता | भ | ला | गु | य | रा | य | प | दे |
| ऋ | र | ल | प | व | ज | ना | ल | ओ | के | ओ |
| क | ति | ल | प | अ | या | दि | व्य | ब | स | ल |
| ज | जं | क | प | ख | सं | ज | य | द | त्त | म |

*शब्द जाल में 10 अभिनेताओं के नाम ढूंढिए. दिए गए नाम उपर से नीचे एवं तिरछे भी हैं.*


शाहरुख खान, सलमान, ऋतिक, विवेक ओबेरॉय, सन्नी देओल, जॉन अब्राहम, अजय देवगन, अमिताभ, संजय दत्त, जैकीश्रॉफ .

### शब्दजाल - 7515 का हल

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| त | स | ही | त्म | ली | अ | ल | बे | ला | प | दे |
| क | अ | अ | रो | त | अ | ला | र | न | र | जू |
| आ | स | शौ | क | ही | न | भि | द | गू | जू | वत |
| गे | अ | की | आ | र | रा | गु | अं | प | दे | ल |
| की | अ | न | त | अ | ला | ला | न | श | मा | क |
| सो | चा | ल | बा | ज | न | द | ल | ल | व | त |
| च | अ | सौ | र | जा | ला | गु | गो | प | दे | आ |
| ह | पु | मो | व | दो | वा | द | ह | झू | वी | ग |
| क | ष्प | ह | व | प | जा | द | व | प | र | र |
| र | क | ब्ब | फा | प | स | सू | ह | वि | बा | क |
| स | बा | तें | व | न | ज | द | स | गा | ह | र |

Jagrutidaur.com, Bangalore

## फिल्म वर्ग पहेली- 6460



**बायें से दायें:-**

१. 'तू मिले दिल खिले और' गीत वाली नागार्जुन, रमैया, मनीषा की फिल्म-४
३. राजकपूर, माला की 'आँसू भरी हैं ये जीवन की राहें' गीत वाली फिल्म-५
६. 'केसरिया बालम' गीत वाली श्रेयस तलपदे, आयशा टाकिया की फिल्म-२
७. शाहरूख, माधुरी की 'अठरा बरस की कँवारी कली थी' गीत वाली फिल्म-३
९. 'वो चाँद जैसी' गीत वाली शाहरूख खान, माधुरी, ऐश्वर्या की फिल्म-४
११. जैकी श्रॉफ, डिम्पल कपाड़िया की 'फूल ये कहाँ से' गीत वाली फिल्म-२
१२. शॉवर अली, तरूण अरोड़ा, मेघना की फिल्म-३
१४. संजय दत्त, फरहा की 'मेरा प्यार तेरे जीवन के संग' गीत वाली फिल्म-३
१५. विनोद मेहरा, बिंदिया की फिल्म-३
१७. हिमालय, भाग्यश्री की 'तेरा ही प्यार मेरे इस दिल में' गीत वाली फिल्म-३
१८. फिल्म 'कभी कभी' में ऋषि की नायिका कौन थी-३
२०. अनिल, अक्षय खन्ना, ऐश्वर्या की 'इश्क बिना क्या' गीतवाली फिल्म-२
२२. दिलीप कुमार, रेखा, ममता कुलकर्णी की फिल्म-२
२४. अमिताभ, रेखा की 'कोई गाता मैं सो जात' गीत वाली फिल्म-३
२६. 'बागां मां जब मोर बोले' गीत वाली अक्षयकुमार, करीना की फिल्म-३
२७. विनोद खन्ना, हेमा की अरूणा राजे द्वारा निर्मित एवं निर्देशित फिल्म-३
२८. 'क्यूं मेरा दिल तुझको' गीत वाली करण नाथ, मनीषा की फिल्म-२
२९. नसीर, ओमपुरी, स्मिता की 'शमशीर बजे ना' गीत वाली फिल्म-२
३०. 'बंधन' में सलमान का नाम?-२
३१. फिल्म 'काफी हाउस' में शम्मी कपूर की नायिका?-२,२

**ऊपर से नीचे:-**

१. 'दिल ना दिया' गीत वाली फिल्म-२
२. विनोद खन्ना, बिंदू की फिल्म-३
३. 'दो दिल मिल रहे' गीत वाली फिल्म-४
४. विनोद मेहरा, रीना राय की फिल्म-४
५. 'आप से प्यार हुआ' गीत वाली फिल्म-२
७. 'सिर्फ संडे को करती हूँ मैं' गीत वाली अब्बास, शर्बाणी मुखर्जी की फिल्म-२
८. देव आनंद, आशा पारेख की 'ये दुनिया वाले पूछेंगे' गीत वाली फिल्म-३
१०. 'बड़ी दूर से आये हैं प्यार' गीत वाली अनिल घवन, योगिता की फिल्म-४
११. देव आनंद, मधुबाला की 'उन के खयाल आए तो' गीत वाली फिल्म-२,२
१३. 'जब लिया हाथ में हाथ' गीत वाली राजेंद्रकुमार, गीताबाली की फिल्म-३
१५. जयराज, निरूपा की 'ना किसी की आँख का नूर हूँ' गीत वाली फिल्म-२,२
१६. फिल्म 'शिवा' में नागार्जुन के साथ नायिका कौन थी-३
१९. 'लेके पहला पहला प्यार गीत वाली फिल्म-१,२,१
२१. मिथुन, आदित्य, डिम्पल, मंदाकिनी की फिल्म-३
२३. अनिल घवन, रश्मि वर्मा, सोनिका गिल की एक सस्पेंस फिल्म-२
२५. 'पियू बोले जिया' गीत वाली फिल्म-४
२६. बिस्वजीत, माला की 'अजी हो ताश के बावन पत्ते' गीत वाली फिल्म-३
२९. 'चालबाज' में श्रीदेवी के एक किरदार का नाम अंजू था दूसरे किरदार का नाम?-२

### फिल्म वर्ग पहेली- 6459

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| बा | बु | ल | | आ | का | श | | यु | द्ध |
| रि | | गा | य | ब | | मीं | | गां | |
| श | गु | न | | रू | दा | ली | | ध | र्म |
| | स | | फू | | ग | | डो | र | |
| गु | | दि | ल | से | | मि | ली | | भा |
| म | श | ल | | ह | म | | | जं | ग |
| श | | ज | य | श | ज | | माँ | | म |
| ह | म | ला | | | बू | म | | र | भा |
| | ह | | स | फ | र | | दे | | ग |
| य | ल | गा | र | | | बे | व | फा | |

Jagrutidaur.com, Bangalore

## शब्द पहेली - 7984



**बाएँ से दाएँ**

1. सुरक्षित, संरक्षित-4
4. उत्सुकता, जिज्ञासा-3
6. पिता के पिता-2
7. नमस्कार, प्रणाम-3
9. आखेट मंच-3
11. आत्मबलिदानी-5
12. प्लेट, तश्तरी-3
15. रहस्य, भेद-2
16. जी, चित्त-2
18. जुड़वा-3
20. मन का मिलना-5
22. नल, टोंटी-3
24. देवर्षि, देवमुनि-3
26. गुप्तचर, जासूस-2
27. गमन, विदा होना-3
28. ईश्वर, रब-4

**ऊपर से नीचे**

1. सद्चरित्रता-3
2. इच्छा, मर्जी-2
3. अंधकार, अंधेरा-3
5. धार्मिक आयोजन स्थल तक मंगल कलश ले जाना-5
6. मोल, कीमत, दर-2
8. नरक के समान-5
10. बेकार, अयोग्य-3
13. बुआई करना-2,3
14. विश्वविजेता, संसार जीतने वाला (उर्दू-5)
17. प्रणाम, नमस्कार-3
19. जल में रहने वाला-4
21. स्वर्ग का विलोम-3
23. छोटी सवारी गाड़ी-2
25. कीमत, भाव-2

### शब्द पहेली -7983 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| श | ब | न | म | | | आ | का | श |
| रा | | | स्त | र | ही | न | | म |
| रा | त | | | सी | ना | | | शी |
| | र | ग | | ला | | क | बी | र |
| | का | ज | ल | | अ | स | र | |
| क | री | ब | | मि | | र | ब | |
| रा | | | चा | रा | | | ल | ब |
| मा | | रा | ह | ज | नी | | | हा |
| त | र | ह | | | म | ज | बू | र |

Jagrutidaur.com, Bangalore

## दैनिक पंचांग

**22 अप्रैल 2024 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति**




| ग्रह स्थिति | | लग्नारंभ समय | |
|---|---|---|---|
| सूर्य | मेष में | वृष | 06.51 बजे से |
| चंद्र | कन्या में | मिथुन | 08.49 बजे से |
| मंगल | कुंभ में | कर्क | 11.03 बजे से |
| बुध | मीन में | सिंह | 13.19 बजे से |
| गुरु | मेष में | कन्या | 15.31 बजे से |
| शुक्र | मीन में | तुला | 17.42 बजे से |
| शनि | कुंभ में | वृश्चिक | 19.56 ब.से |
| राहु | मीन में | धनु | 22.12 बजे से |
| केतु | कन्या में | मकर | 00.17 बजे से |
| राहुकाल | | कुंभ | 02.04 बजे से |
| 7.30 से 9.00 | | मीन | 03.37 बजे से |
| बजे तक | | मेष | 05.07 बजे से |

**सोमवार** 2024 वर्ष का 113 वां दिन **दिशाशूल** पूर्व **ऋतु** ग्रीष्म। **विक्रम संवत्** 2081 **शक संवत्** 1946 **मास** चैत्र **पक्ष** शुक्ल **तिथि** चतुर्दशी 03.26 बजे रात्र को समाप्त। **नक्षत्र** हस्त 20.00 बजे को समाप्त। **योग** हर्षण 04.28 बजे रात्र को समाप्त। **करण** गर 14.21 बजे तदनन्तर वणिज 03.26 बजे रात्र को समाप्त।
**चन्द्रायु** 13.2 घण्टे
**रवि क्रान्ति** उत्तर 12° 17'
**सूर्य** उत्तरायन
**कलि अहर्गण** 1871957
**जूलियन दिन** 2460422.5
**कलियुग संवत्** 5125
**कल्पारंभ संवत्** 1972949123
**सृष्टि ग्रहारंभ संवत्** 1955885123
**वीरनिर्वाण संवत्** 2550
**हिजरी सन्** 1445
**महीना** सव्वाल
**तारीख** 12
**विशेष** रेणुका चतुर्दशी, पृथ्वी दिवस।

| दिन का चौघड़िया | | | रात का चौघड़िया | | |
|---|---|---|---|---|---|
| अमृत | 05.53 से | 07.22 बजे तक | चर | 05.43 से | 07.14 बजे तक |
| काल | 07.22 से | 08.50 बजे तक | रोग | 07.14 से | 08.45 बजे तक |
| शुभ | 08.50 से | 10.19 बजे तक | काल | 08.45 से | 10.17 बजे तक |
| रोग | 10.19 से | 11.48 बजे तक | लाभ | 10.17 से | 11.48 बजे तक |
| उद्वेग | 11.48 से | 01.17 बजे तक | उद्वेग | 11.48 से | 01.19 बजे तक |
| चर | 01.17 से | 02.45 बजे तक | शुभ | 01.19 से | 02.51 बजे तक |
| लाभ | 02.45 से | 04.14 बजे तक | अमृत | 02.51 से | 04.2 बजे तक |
| अमृत | 04.14 से | 05.43 बजे तक | चर | 04.22 से | 05.53 बजे तक |

**चौघड़िया शुभाशुभ- शुभत्व श्रेष्ठ** शुभ, अमृत व लाभ, **मध्यम** चर, **अशुभ** उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अत: आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें। Jagrutidaur.com, Bangalore

## प्रसंगत: सेवा की भावना बनाती है महान

उड़ीसा के कटक शहर के उड़िया बाजार में एक बार प्लेग फैला। मच्छर और गंदगी के कारण लोग बहुत दुखी थे। केवल बापूपाड़ा मोहल्ला इससे बचा था क्योंकि वहां बहुत सारे वकील और बुद्धिजीवी रहते थे। वे अपने घरों और आसपास गंदगी नहीं रहने देते थे। वहां के कुछ लड़कों ने सफाई अभियान चलाने के लिए एक दल बनाया, जिसमें दस साल के बच्चों से लेकर अठारह साल तक के नौजवान शामिल थे। उस दल का मुखिया था बारह साल का बालक। उड़िया बाजार में हैदर अली नाम का एक कुख्यात व्यक्ति रहता था। बापूपाड़ा के लड़के जब उड़िया बाजार में साफ-सफाई करने आए तो हैदर अली ने उन्हें भगा दिया। असल में बापूपाड़ा के प्रति उसके मन में कटुता भरी हुई थी क्योंकि वहां के वकीलों ने उसे कई बार जेल भिजवाया था। लेकिन कुछ ही दिनों के बाद हैदर अली की पत्नी और उसके बेटे को भी प्लेग हो गया। यह सुनते ही अभियान दल का मुखिया उनकी तीमारदारी में लग गया। हैदर अली ने उस लड़के से पूछा, 'तुमको डर नहीं लगता'? लड़के ने जवाब दिया, 'मैं क्यों डरूं?' हैरद अली ने कहा 'मैं तो बापूवाड़ावालों को गालियां देता हूं। सेवामंडल के लड़कों को तो मैंने अपना शत्रु समझकर भगा दिया और तुम मेरी पत्नी और बच्चे की सेवा कर रहे हो। हम तुम्हारी इस हिम्मत और उदारता से बड़े प्रभावित हैं। बेटा! मुझे माफ कर देना। मैंने तुम्हारी सेवा की कद्र नहीं की।' बालक ने कहा, 'आप तो हमारे पिता तुल्य हैं। माफी देने का अधिकार हमें नहीं है, हमें तो आपसे आशीर्वाद लेना चाहिए। आपकी पत्नी मेरी मां जैसी हैं और बेटा मेरे भाई जैसा है।' हैदर अली उस बच्चे की निष्काम सेवा और मधुर वाणी से इतना प्रभावित हुआ कि फूट-फूटकर रोने लगा। लड़के ने कहा, 'चाचा, आप फिक्र न करें। हमें सेवा का मौका देते रहें।' वह एक असाधारण बालक था जो आगे चलकर नेताजी सुभाष चंद्र बोस के नाम से विख्यात हुआ।

## सूडोकु नवताल- 6769

★★★✯☆ मध्यम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 9 | | | | 4 | | | |
| 8 | 4 | | | 6 | | 9 | | 5 |
| 5 | | 6 | 8 | 2 | | 3 | | |
| | 1 | 5 | 6 | 3 | | | 9 | 7 |
| | | | | | | | | |
| 3 | 6 | | | 9 | 7 | 1 | 4 | |
| | | 1 | | 4 | 8 | 7 | | 6 |
| 9 | | 4 | | 7 | | | 2 | 1 |
| | | | 2 | | | | 8 | |

Jagrutidaur.com, Bangalore

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल -6768 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 5 | 4 | 7 | 3 | 2 | 6 | 1 | 9 |
| 6 | 7 | 1 | 9 | 5 | 4 | 3 | 2 | 8 |
| 2 | 9 | 3 | 8 | 6 | 1 | 7 | 5 | 4 |
| 4 | 3 | 9 | 2 | 1 | 7 | 8 | 6 | 5 |
| 5 | 6 | 2 | 3 | 8 | 9 | 4 | 7 | 1 |
| 7 | 1 | 8 | 6 | 4 | 5 | 9 | 3 | 2 |
| 3 | 2 | 6 | 5 | 9 | 8 | 1 | 4 | 7 |
| 9 | 4 | 7 | 1 | 2 | 6 | 5 | 8 | 3 |
| 1 | 8 | 5 | 4 | 7 | 3 | 2 | 9 | 6 |

# सेंसेक्स की छह प्रमुख कंपनियों का मार्केट कैप 1.40 लाख करोड़ घटा

नई दिल्ली। बीते सप्ताह सेंसेक्स की प्रमुख 10 सबसे मूल्यवान कंपनियों में छह के संयुक्त बाजार पूंजीकरण (मार्केट कैप) में 1,40,478.38 करोड़ रुपये की गिरावट आई। इस दौरान आईटी कंपनियों टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) और इंफोसिस को सबसे ज्यादा नुकसान हुआ। दूसरी ओर टीसीएस, आईसीआईसीआई बैंक, भारतीय स्टेट बैंक, इंफोसिस, आईटीसी और हिंदुस्तान यूनिलीवर के मूल्यांकन में गिरावट आई। टीसीएस का बाजार मूल्यांकन 62,538.64 करोड़ रुपये घटकर 13,84,804.91 करोड़ रुपये रह गया। इंफोसिस को अपने पूंजीकरण में 30,488.12 करोड़ रुपये की गिरावट का सामना करना पड़ा। कंपनी का पूंजीकरण 5,85,936.45 करोड़ रुपये था। आईसीआईसीआई बैंक का बाजार पूंजीकरण 26,423.74 करोड़ रुपये घटकर 7,49,023.89 करोड़ रुपये और भारतीय स्टेट बैंक का बाजार पूंजीकरण 14,234.76 करोड़ रुपये घटकर 6,70,059.86 करोड़ रुपये रह गया। आईटीसी का मूल्यांकन 6,616.9 करोड़ रुपये घटकर 5,30,350.97 करोड़ रुपये




और हिंदुस्तान यूनिलीवर का मूल्यांकन 176.22 करोड़ रुपये घटकर 5,24,487.51 करोड़ रुपये रह गया। दूसरी ओर भारती एयरटेल का बाजार पूंजीकरण 37,797.09 करोड़ रुपये बढ़कर 7,30,658.36 करोड़ रुपये और एचडीएफसी बैंक का बाजार पूंजीकरण 9,420.17 करोड़ रुपये बढ़कर 11,63,314.93 करोड़ रुपये हो गया। रिलायंस इंडस्ट्रीज का बाजार पूंजीकरण 4,397.82 करोड़ रुपये बढ़कर 19,90,195.52 करोड़ रुपये और एलआईसी का बाजार पूंजीकरण 1,201.75 करोड़ रुपये बढ़कर 6,15,453.90 करोड़ रुपये हो गया।

# इस सप्ताह बाजार में 4 नए आईपीओ आएंगे

नई दिल्ली । इस सप्ताह बाजार में चार नए आईपीओ आने वाले हैं। जेनए इंडिया का आईपीओ सब्सक्रिप्शन के लिए 23 अप्रैल को खुलेगा। इसमें बोली लगाने के लिए 25 अप्रैल तक का मौका है। इस पब्लिक इश्यू के लिए प्राइस बैंड 395-415 रुपये प्रति शेयर रखा गया है। कंपनी इससे 649.47 करोड़ रुपये जुटाना चाहती है। शिवम केमिकल्स का आईपीओ 23 अप्रैल को खुल रहा है। इसके बंद होने की तारीख 25 है। 20.18 करोड़ रुपये के इस पब्लिक इश्यू के लिए प्राइस बैंड 44 रुपये प्रति शेयर रखा गया है। पहले से खुले पब्लिक इश्यू की बात करें तो मेनबोर्ड सेगमेंट में वोडाफोन आईडिया लिमिटेड एफपीओ और एसएमई सेगमेंट में फालकान कंसेप्ट आईपीओ है, जो अगले सप्ताह बंद होंगे।

# कर्मचारी दफ्तर में आने के बाद काम करें, किसी बात पर बहस नहीं पिचाई

वाशिंगटन । बीते दिनों इजराइल के साथ काम करने के विरोध में गूगल कर्मचारियों के गिरफ्तारी के बाद कंपनी ने 28 लोगों को नौकरी से निकाल दिया। जिसके बाद गूगल सीईओ सुंदर पिचाई ने इस पूरे घटनाक्रम के लेकर अपने कर्मचारियों के लिए एक ब्लॉग पोस्ट लिखा है। इस ब्लॉग पोस्ट के माध्यम से कर्मचारियों को सख्त हिदायत देते हुए कहा गया कि वो दफ्तर में आने के बाद काम करें, ना कि राजनीति के चक्कर में उलझें। बीते कुछ दिनों से गूगल कंपनी में चल रहे उथल-पुथल को लेकर सुंदर पिचाई ने कर्मचारियों के नाम एक संदेश लिखा है। उन्होंने अपने ब्लॉग पोस्ट में गूगल का कल्चर शुरू से खुली बातचीत को बढ़ावा देने वाला रहा है। यही एक वजह हमें बेहतरीन प्रोडक्ट बनाने और अच्छे आइडियाज पर एक्शन लेने के काबिल बनाता हैं। कंपनी की अपनी कुछ पॉलिसी है जिसका पालन सभी को करना है। उन्होंने लिखा कि यहां पर बिजनेस से संबंधित काम किए जाते है इसलिए यहां पर ना तो व्यवधान पहुंचाने वाले मुद्दों को लेकर आपस में लड़ें ना ही राजनीति पर कोई चर्चा करें। बता दें कि सुंदर पिचाई के इस संदेश से पहले ऐसी ही हिदायत गूगल के हेड ऑफ सिक्योरिटी क्रिस रैको ने भी दी थी। उन्होंने भी कर्मचारियों से कहा था कि उन्हें तार्किक रहना चाहिए क्योंकि उनका हमारा लक्ष्य दुनिया की इंफॉर्मेशन को ऑर्गनाइज करना और भरोसेमंद जानकारी उपलब्ध कराने वाला बने रहना है। दरअसल गूगल की पेरेंट कंपनी अल्फाबेट इंक और अमेजन डॉट कॉम ने इजराइल को एआई और क्लाउड सर्विस देने के लिए एक जॉइंट कॉन्ट्रैक्ट पर दस्तखत किया था। इसी प्रोजक्ट का नाम निम्बस है जिसको लेकर कुछ कर्मचारियों ने विरोध किया, जिसके बाद उन्हें कंपनी से निकाल दिया गया। ऐसे में गूगल के कर्मचारी वहां के वर्क कल्चर को लेकर सवाल कर रहे है जिसके बाद सुंदर पिचाई ने ब्लॉग पोस्ट लिखा।


# अल्ट्राटेक सीमेंट ने इंडिया सीमेंट से ग्राइंडिंग यूनिट खरीदी

नई दिल्ली (ईएमएस)। आदित्य बिड़ला समूह की कंपनी अल्ट्राटेक सीमेंट ने इंडिया सीमेंट से 315 करोड़ रुपये में एक ग्राइंडिंग यूनिट का खरीदने की घोषणा की है। कंपनी ने साथ ही कहा कि वह दो इकाइयों की क्षमता बढ़ाने के लिए अतिरिक्त 504 करोड़ रुपये का निवेश करेगी। अल्ट्राटेक सीमेंट ने शेयर बाजार को बताया कि उसके बोर्ड ने 315 करोड़ रुपये में इंडिया सीमेंट लिमिटेड से महाराष्ट्र के परली में एक कैप्टिव रेलवे साइडिंग के अलावा 11 लाख टन प्रति वर्ष की स्थापित क्षमता वाली एक ग्राइंडिंग इकाई के अधिग्रहण को मंजूरी दी है। कंपनी ने कहा कि उसने विक्रेता के साथ एक परिसंपत्ति खरीद समझौता किया है। इस खरीद से कंपनी को तेजी से बढ़ते महाराष्ट्र के बाजारों में अपनी उपस्थिति मजबूत करने में मदद मिलेगी।

# ठेकेदार व विभाग मिलकर लगा रहे नल जल योजना को पतीला

## पाइप लाइन बिछने के बाद खराब हो गई किन्तु नहीं आया पानी

लांजी (पद्मेश न्यूज)। प्रदेश में प्रधानमंत्री नल जल योजना जो कि एक महत्वकांक्षी और अति महत्वपूर्ण योजना है जो कि सीधे जनता को सबसे अधिक महत्वपूर्ण जल है तो जीवन के कहावत को साथर्क करते हुये घरों घर पानी पंहुचाई जाने वाली योजना है जिसकी बाट हर ग्रामीण और ग्राम पंचायतें जोह रही है। लेकिन इस नल जल योजना को ठेकेदार और विभाग मिलकर पलीता लगा रहे है। बतादे कि लांजी क्षेत्र में करोड़ो रूपये की नल जल योजना संचालित है जो कि लांजी विकास खण्ड के लगभग सभी ग्रामो में संचालित किये जाना है और अनेको ऐसे ग्राम है जहां नल जल योजना का कार्य प्रारंभ भी लेकिन कई वर्ष बीत जाने के बाद भी ग्रामीणो को इन योजनाओं का लाभ नही मिल पा रहा है। नल जल योजना का कार्य तो बडे जोर शोर से प्रारंभ हुआ था लेकिन अब यह योजना गढ्डे में




जाते दिखाई दे रही है। लांजी क्षेत्र की अनेको पंचायते है जहां पर ठेकेदार इस योजना पर पलीता लगाते दिखाई दे रहे है। ऐसे अनेको ग्राम है जहां पर पानी की टंकी बन कर तैयार है तो पाईप लाईन नही बिछाई गई, बिछाई गई तो कनेक्शन नही हुये, नल नही लगे है, कंही विद्युत कनेक्शन ट्रांसफार्मर नही लगाये गये है और वर्षो वर्ष ठेकेदारों की इस लापरवाही का खामियाजा क्षेत्र की जनता का भुगतना पड़ रहा है।

### नल जल योजना का लाभ नही मिल पाने से हो गया चुनाव का बहिष्कार

इसी नल जल योजना के चलते इस लोकसभा चुनाव में लोकतंत्र के महापर्व में ग्राम बहेला निवासियों ने मत रूपी आहुति नही डाली, बतादे कि ग्राम बहेला निवासियों के द्वारा इस बार लोकसभा चुनाव का बहिष्कार किया गया जिनमें उनकी कुछ प्रमुख मांगो में से ये भी एक मांग थी ग्राम में 2 वर्ष बीत जाने के बाद भी नल जल योजना का कार्य पूर्ण नही हुआ है। जिसको लेकर ग्राम वासियों ने निर्वाचन का ही बहिष्कार कर दिया। इस विषय को क्षेत्र के जनप्रतिनिधि एवं वरिष्ठ अधिकारियों ने संज्ञान में लेना चाहिये और ठेकेदारों और संबधित विभाग के अधिकारी इंजीनियर पर कार्यवाही की जाने की मांग भी ग्राम वासियों ने की है।

# कल आस्था व श्रृद्धा भाव से मनाया जाएगा श्री हनुमान प्रकटोत्सव


लांजी (पद्मेश न्यूज)। लांजी क्षेत्र में पूर्ण आस्था श्रृद्धा भाव के साथ प्रतिवर्ष श्री हनुमान प्रकट उत्सव मनाया जाता है, नगर के धार्मिक संगठन के अतिरिक्त क्षेत्र के श्री हनुमान मंदिरो में संपूर्ण विधि विधान से पूजा अर्चना की जाती है। नगर के प्रमुख मंदिरो जिसमें पूराना श्रीराम मंदिर, नया श्रीराम मंदिर, पुलिस थाना परिसर में स्थापित श्री हनुमान मंदिर, पुरानी ग्राम पंचायत भवन स्थित हनुमान मंदिर, बालाजी धाम कटंगी, दुलापुर श्री हनुमान मंदिर सहित क्षेत्रो में स्थापित श्री हनुमान मंदिरों 23 अप्रैल को भक्ति भाव के साथ प्रकटोत्सव मनाया जायेगा। लांजी नगर में बजरंगबली के भक्तों में हनुमान जयंती को लेकर खासा उत्साह दिखाई दे रहे विभिन्न धार्मिक संगठनो के द्वारा श्री हनुमान जंयती पर्व मनाया जा रहा है इसी कडी धार्मिक संगठन रामदल के द्वारा लगातार 10 वर्षो से श्री हनुमान जन्मोत्सव बडी धुम धाम भक्ति भाव के साथ मना रही है। इस 10 वें वर्ष में भी रामदल के समस्त सदस्यो के द्वारा 23 अप्रैल को सर्वप्रथम समस्त श्री हनुमान मंदिरो में पूजा अर्चना की जावेगी, शाम 4 बजे भव्य शोभा यात्रा का आयोजन किया किया जायेगा। शोभा यात्रा माँ काली मंदिर प्रांगण से सालेटेकरी मार्ग होते है बस स्टैण्ड पंहुचेगी तत्पश्चात बस स्टैण्ड में प्रसाद वितरण कर पुराने राम मंदिर के लिये मेन रोड होते हुये प्रस्थान करेगी, राम दल संगठन के द्वारा



समस्त धर्म प्रेमी भक्तों से हिन्दु जागरण वाहन रैली एवं भव्य शोभा यात्रा में अपनी मित्र मंडली के साथ अधिक से अधिक संख्या में शामिल होने की अपील की है।

# श्री शांतिनाथ जैन मंदिर में मनाई गई महावीर जयंती

लांजी (पद्मेश न्यूज)। लांजी नगर में बालाघाट मार्ग पर स्थित श्री शांतिनाथ जैन श्वेतांबर मंदिर में 21 अप्रैल



को महावीर स्वामी जी का जयंती पर्व धूम धाम से मनाया गया। जैन मंदिर में नगर के दुग्गड़ परिवार जिनमे श्रीमती सुशीला दुग्गड, आशीष दुग्गड़, विशाल दुग्गड़ एवं संपूर्ण परिवार के द्वारा प्रात: 6 बजे महावीर स्वामी जी का अभिषेक, स्नात्रपूजन, श्रृंगार, भगवान महावीर जन्म कल्याण पूजन, ध्वज पूजा, दस दिगपाल की पूजा की गई। तत्पश्चात भगवान की विधि-विधान से भजन-पूजन व पूजा आरती की गई। इसके पश्चात परिवार के द्वारा सिद्धेश्वर मंगल भवन में स्व.अशोक दुग्गड़ की तृतीय पुण्यतिथि मनाई गई, इस अवसर पर भोज का आयोजन किया गया।

# पिपलेश्वर दक्षिणमुखी हनुमान मंदिर में होगें विविध आयोजन

कटंगी (पद्मेश न्यूज़)। क्षेत्र की मॉयल नगरी तिरोड़ी में प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी पिपलेश्वर दक्षिणमुखी हनुमान मंदिर में रामभक्त हनुमान जी का जन्मोत्सव बड़े ही धूमधाम और हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा। श्री पिपलेश्वर दक्षिणमुखी हनुमान मंदिर समिति ने बताया कि 22 अप्रैल से जयंती समारोह की शुरुआत होगी। आज सुबह 10 बजे संपूर्ण रामायण पाठ का प्रारंभ किया जाएगा। वहीं 23 अप्रैल को सुबह 05 बजे से श्री हनुमान प्रकटोत्सव मनाया जाएगा। प्रकटोत्सव पर हनुमान जी को विशेष चोला अर्पित किया जाएगा। सुबह 09 बजे महाआरती के बाद विशाल वाहन रैली निकाली जाएगी। दोपहर 12 बजे हवन पूजन किया जाएगा और शाम 05 बजे हनुमान जन्मोत्सव विशेष श्रृंगार और महाआरती के साथ भव्य चल समारोह शोभायात्रा निकाली जाएगी। 24 अप्रैल को दोपहर में 03 बजे से सुंदरकांड पाठ भजन प्रस्तुति और शाम 06 बजे महाआरती और नगर भोज का आयोजन होगा।

# गर्मी के दौर शीतल पेय पदार्थों की बढ़ी मांग

लांजी(पद्मेश न्यूज)। भीषण गर्मी का दौर प्रारंभ हो चुका है ऐसे मे लोगो का ठंडे पेय पदार्थ की ओर ज्यादा ध्यान आकर्षित होता है। लेकिन क्या हम ये जानते है कि हमें क्या पीना चाहिये और क्या नही। क्योंकि वर्तमान दौर ने फायदेमंद शीतल पेय पदार्थो से किनारा कर केमिकल युक्त पेय पदार्थो की जद में आ चुके है जो कि शरीर के लिये काफी नुकसान दायक है। जबकि हमारे आस पास ही इतने फायदे मंद पेय पदार्थ है जो कि ना सिर्फ हमें इस भीषण गर्मी से राहत दिलाते है बल्कि हमारे सेहत का भी भरपुर ध्यान रखते है। जबकि बाजारों मे बिकने वाले केमिकल युक्त शीतल पेय पदार्थ कोल्ड ड्रीक्स ना ही इस भीषण गर्मी मे राहत का काम करते है उल्टा हमारे सेहत को नुकसान पंहुचाकर हमारे शरीर को बिमारियों का घर बना देते है इसलिये जनता इस बात को सबझे की हमे गर्मीयो मे क्या पीना चाहिये और क्या नही। गर्मी के मौसम में शरीर में पानी की मात्रा कम होने लगती है बार बार प्यास लगने के कारण हम शीतल पेय पदार्थो की ओर रूख करते है ऐसे में हमारे इर्द गीर्द ऐसे बेहद लाभदायक पेय पदार्थ है जिसका सेवन कर हम अपने आप को एवं अपने शरीर को बेहतर बना सकते है। गर्मीयो मे सर्वाधिक आप सेवन करे आम पन्ना का जो भोजन को जल्दी पचने मे मदद मिलती है और इसमे विटामिन बी आंतो से संबधित समस्याओं को दुरूस्त करता है। बच्चों को आम पना देने से पेट की गैस, पेट के कीड़े, जैसी दिक्कतों



को आसानी से दुर किया जा सकता है। आम पन्ना पीन से हाजमा बेहतर होता है। गन्ने के रस में सोडियम, पोटेशियम, कैल्शियम, मैग्नीशियम और आयरन जैसे पोषक पाय जाते है गर्मियों में शरीर को हाईड्रेटेड रखने के अलावा गन्ने का रस आपको कैंसर से बचाने, पाचन को दुरूस्त रखने, किडनी के कामकाज को बढाने, हड्डियों को मजबूत बनाने और खून की कमी से बचाने आदि में सहायक है। इसी कड़ी में नींबू पानी भी हमारे शरीर के लिये बहुत लाभ दायक है नींबु जो गर्म मौसम मे शरी को हाईड्रेटेड रखने मे सहायत होता है। विटामिन सी का बढावा देता है, इलेक्ट्रोलाई संतुलन करता है। पाचन में सहायत होता है, पीएच संतुलन शरीर में बनाये रखता है, लीवर का शुद्ध करता है, शरीर के वजन से संबधी समस्या दुर करता है, शरीर में यदि सूजन हो और सही मात्रा में डाक्टर्स की सलाह पर नींबू पानी लिया जाये तो लाभदायक होता है। इसके अतिरिक्त सुबह सबसे पहले गुनगुने पानी में नींबू डालकर पीने से भी शरीर को बेहद लाभ मिलता है। इसके अलावा गर्मी में आप आम रस का सेवन करे, लस्सी, छांछ का सेवन करे और पानी भरपूर मात्रा में पीये ताकि आप अपने शरीर को बेहतर रख सके और यह वह पदार्थ है जो कि आसानी से आपके आस पास मिल सकते है। कई माह तक चलते वाले शीतल पेय पदार्थ कोन्ड ड्रींक्स से तो यह कई अधिक बेहतर और लाभदायक है जबकि कोल्ड ड्रींक्स जो बाजारो मे मिलते है ना जाने उनमे क्या क्या केमिकल मिलाकर बनाया जाता है जो शरीर को बेहद नुकसान प्रदान करते है। अब आपको चुनना है कि हमें अपने सेहत के लिये क्या पीना चाहिये और क्या नही।

**आया चाहिए**
15 से 20 वर्ष की
लड़की की आवश्यकता है
3½ वर्ष के बच्चे को संभालने के लिए
समय सुबह 9 से 1, पैसे-3000/-
मो. 7694954746

**दुकान किराये से देना है**
सर्किट हाऊस रोड बालाघाट
होटल कलश के नीचे चार
दुकाने किराये से देना है
संपर्क करें-अरूण जायसवाल
9425448043

**आवश्यकता है**
होटल कलश में
काम करने के लिए
लड़कों की आवश्यकता है
संपर्क करें-अरूण जायसवाल
9425448043

# आपदा में मेडिकल प्रबंधन से जवान को समय पर मिली सुविधा

## कार्डियक अटैक से उभरे गनिराम मार्को को मिला नया जीवन, करीब 10 सेकेण्ड के लिए हार्ट काम करना बंद कर चुका था- सीएमएचओ डॉ. पांडे

बालाघाट (पद्मेश न्यूज़)। जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा द्वारा लोकसभा निर्वाचन-24 में की गई व्यवस्थाओं के लिहाज से सदैव याद किया जाएगा। चुनाव से पहले एक रिपोर्ट आयी थी, जिसमें देश के 12 जिलों में नक्सल गतिविधियां सक्रिय होना बताया गया था। इसमें बालाघाट भी शामिल है, ऐसी स्थिति में निर्वाचन सम्पन्न कराना चुनोती भरा टॉस्क था। कलेक्टर व जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा ने आपदा में मेडिकल प्रबंधन के पुख्ता इंतजाम के लिए विशेष योजना बनाई। इस योजना के क्रियान्वयन से जीआरपी भोपाल के सब इंस्पेक्टर गनिराम मार्को की जान बचाने में कामयाबी मिली है। सीएमएचओ डॉ. मनोज पाण्डे ने बताया कि मेडिकल की पूरी व्यवस्थाएं समय पर होने से जवान की जान बचाने में कामयाबी मिली है। सुरक्षा के जवान को कार्डियक अटैक होने से करीब 10 सेकेण्ड के लिए हार्ट काम करना बंद कर चुका था। पम्पिंग और सीपीआर मैथड से उपचार देने के बाद पुन: सांसे चलने लगी। इसके बाद सारी व्यवस्थाएं समय पर मौजूद होने से जान बचाई जा सकी है। शनिवार को गोंदिया के आरक्षित अस्पताल में उनकी एंजियोग्राफी की गई। जिला अस्पताल 108 से लाया गया, जहां मेडिकल विशेषज्ञ डॉ. अंकित राणा, डॉ. आशुतोष बांगरे, डॉ. वर्षा चौबे और आईसीयू स्टॉप अंकित गुप्ता की समय पर मौजूदगी से



उपचार में आसानी हुई।

### 19 अप्रैल को सामग्री जमा करते समय आया कार्डियक अटैक

19 अप्रैल को करीब रात 11 बजे लांजी के दल द्वारा जब सामग्री जमा की जा रही थी। लांजी क्षेत्र में ड्यूटी कर वापस आये जवान गनिराम मार्को पॉलीटेकनिक कॉलेज में बेहोश हो गए। ययोजनानुरूप 108 मौके स्थल पर मौजूद थी। अस्पताल में आईसीयू बेड आरक्षित होने से उपचार प्रारम्भ हैं लेकिन यहां कुछ समय के लिए उनके हार्ट ने काम करना बंद कर दिया था। तभी पम्पिंग और सीपीआर मेथड का उपयोग करने के बाद तुरंत हार्ट पम्पिंग करने लगा। यहां डॉ. लोकेश वासनिक ने ईसीजी किया तो कार्डियक अटैक के साथ ही फेफड़े भी काम करना बंद कर चुके थे। होश आने के बाद तुरंत गोंदिया के आरक्षित निजी अस्पताल में शिफ्ट किया गया। योजनानुसार यहां एक नोडल अधिकारी प्रशांत ठाकुर पहले से ही व्यवस्थाएं जैसे- डॉक्टर नर्स और तमाम मेडिकल फैसिलिटी के साथ तैयार थे। मरीज गनिराम का तुरन्त उपचार प्रारम्भ हुआ। साथ ही जरूरत पड़ने पर 20 अप्रैल को उनकी एंजियोग्राफी की गई। अस्पताल में मौजूद नोडल अधिकारी डीपीओ श्री ठाकुर ने बताया कि योजनानुसार सभी कार्य समय पर होने से गनिराम की एंजियोग्राफी के बाद अब वे बिल्कुल स्वस्थ लग रहें है।

### मेडिकल प्रबंधन तीन स्तर पर बनाया गया

कलेक्टर व जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ.गिरीश कुमार मिश्रा ने आपदा में मेडिकल व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के लिए तीन स्तर पर योजना बनाई। पहली-नक्सल प्रभावित क्षेत्र के अमले को तत्काल मेडिकल सुविधा देने के लिए विशेष किट तैयार किया गया। साथ ही 20 से 30 मिनट के भीतर चिकित्सकीय सुविधा देने में लिए चुनिंदा स्थलों पर डॉक्टरों की एम्बुलेंस के साथ उपलब्धता सुनिश्चित की गई। दूसरी- सुरक्षा से लिहाज से आपात रूट और सुरक्षा पर भी ध्यान दिया गया। कोई अप्रिय घटना दुर्घटना होने की स्थिति में अस्पताल तक पहुँचाने के लिए सुरक्षित मार्ग तैयार किया गया। तीसरा-अत्यंत नाजुक/ मुठभेड़ या नक्सली हामला में हताहत होने वालो के उपचार के लिए स्थानीय व अन्य अस्पतालों में उपचार देने की योजना तैयार की गई। इसमें जबलपुर, गोंदिया और नागपुर के अस्पताल आरक्षित किये गए।




# महावीर स्वामी की जयंती पर निकाला गया भव्य वरघोड़ा

कटंगी (पद्मेश न्यूज़)। विश्व को सत्य, अहिंसा, जीव दया और करुणा का पाठ पढ़ाने वाले जैन धर्म के 24 वें तीर्थंकर भगवान महावीर के जन्म कल्याणक यानी अवतरण दिवस को कटंगी में जैन समाज के लोगों में बेहद उत्साह और धूमधाम के साथ मनाया. इस मौके पर रविवार को कटंगी शहर में वरघोड़ा निकाला गया। जैन मंदिर में महामस्तकाभिषेक के साथ शांति धारा का पाठ किया गया. वहीं समाज के लोगों ने बाजे-गाजे के साथ महावीर स्वामी का भव्य वरघोड़ा निकाला. जिसमें जैन समाज के सभी वर्ग महिला-पुरुष, युवक-युवतियों और बच्चों ने भी उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया। धर्मध्वजा को हाथों में उठाए जैन समाज के लोग भगवान महावीर के संदेश अहिंसा परमो धर्म, जियो और जीने दो पर नृत्यमय आराधना करते आगे बढ़ रहे थे। जैन मंदिर से वरघोड़ा की शुरूआत हुई थी। जिसने पूरे शहर का भ्रमण कर यथास्थान पर विराम लिया। महावीर जयंती के मौके पर जैन समाज के लोगों ने सरकारी अस्पताल कटंगी में मरीजों को फल वितरण भी किया। इसके पूर्व जैन समाज के युवाओं ने शहर में बाइक रैली भी निकाली. समता बहुमंडल एवं जागृति मंडल की महिलाओं ने वृद्धाश्रम और अनाथालय बालाघाट में जरूरत की कंबल और कपड़े और वारासिवनी गौशाला में पशु आहार की व्यवस्था कराई। इसके साथ ही कटंगी अस्पताल में मरीजों को कंबल वितरण किया।

लांजी में ''पद्मेश''
इंटरनेट (ब्राडबेंड) कनेक्शन के लिये संपर्क करें
Mo. 8319969927

भानेगांव में ''पद्मेश''
इंटरनेट (ब्राडबेंड) एवं केबल टीवी कनेक्शन के लिये संपर्क करें
Mo. 8319969927

बोलेगांव में ''पद्मेश''
इंटरनेट (ब्राडबेंड) एवं केबल टीवी कनेक्शन के लिये संपर्क करें
Mo. 8319969927

# तीसरे चरण के 3 दिग्गज नेताओं की प्रतिष्ठा दांव पर

## सिंधिया, शिवराज और दिग्विजय की सीटों पर सबकी नजर

भोपाल। मध्य प्रदेश में पहले चरण में छह सीटों पर 63.33 फीसदी मतदान हुआ। हालांकि यहां इससे अधिक मतदान होने की उम्मीद थी। पहले चरण को पार करके मध्य प्रदेश का चुनावी रण अब दूसरे और तीसरे चरण की ओर बढ़ गया है। मध्य प्रदेश में दूसरे चरण में 7 लोकसभा सीटों पर मतदान होगा। इस चरण में कुल 93 प्रत्याशी मैदान में हैं। दूसरे चरण में टीकमगढ़, दमोह, खजुराहो, सतना, रीवा, होशंगाबाद और बैतूल लोकसभा सीट पर 26 अप्रैल को मतदान होगा। मध्य प्रदेश में तीसरे चरण यानी 7 मई को मुरैना, भिंड, ग्वालियर, गुना, राजगढ़, सागर, विदिशा, बैतूल और भोपाल में चुनाव होंगे। पहले तीसरे चरण में केवल आठ सीटों पर मतदान होना था लेकिन बैतूल में बहुजन समाज पार्टी के उम्मीदवार की मृत्यु के कारण दूसरे





चरण में इस सीट पर होने वाले चुनाव को स्थगित कर दिया गया था और इस प्रकार अब तीसरे चरण में कुल नौ सीटों पर मतदान होगा। इस चरण की नौ सीटों पर भारतीय जनता पार्टी और विपक्षी दल कांग्रेस सहित कुल 144 उम्मीदवारों ने नामांकन दाखिल किया।

तीसरे चरण में गुना, विदिशा और राजगढ़ जैसी हाई-प्रोफाइल सीटों पर मुकाबला होगा। गुना सीट से केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया और विदिशा सीट से पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान भाजपा के टिकट पर चुनाव लड़ रहे हैं। कांग्रेस ने राजगढ़ सीट से पूर्व मुख्यमंत्री और अपने राज्यसभा सदस्य दिग्विजय सिंह को चुनाव मैदान में उतारा है। तीसरे चरण की नौ सीटों के लिए 144 उम्मीदवारों ने कुल 223 नामांकन पत्र दाखिल किये। शुक्रवार को नामांकन के अंतिम दिन 61 उम्मीदवारों ने 99 नामांकन पत्र दाखिल किये।

### पहले चरण में छह लोकसभा सीटों पर 63 फीसदी मतदान

लोकसभा चुनाव के पहले चरण में मध्य प्रदेश की छह सीट पर शुक्रवार को 63.33 प्रतिशत मतदान हुआ। राज्य की 29 लोकसभा सीट में से शहडोल, मंडला, जबलपुर, बालाघाट, छिंदवाड़ा और सीधी सीट पर पहले चरण में मतदान हुआ। ये छह लोकसभा क्षेत्र 13 जिलों में तथा 47 विधानसभा क्षेत्र में फैले हैं। मध्य प्रदेश में 29 लोकसभा सीटों पर चार चरणों में मतदान सम्पन्न होगा। पहले चरण में छह सीटों पर मतदान हो चुका है। दूसरे चरण में 26 अप्रैल को छह सीट टीकमगढ़, दमोह, खजुराहो, सतना, रीवा और होशंगाबाद लोकसभा सीट के लिए वोट डाले जाएंगे। तीसरे चरण में 7 मई को मुरैना, भिंड, ग्वालियर, गुना, राजगढ़, सागर, विदिशा, बैतूल और भोपाल में चुनाव होंगे। चौथे चरण में 13 मई को देवास, उज्जैन, मंदसौर, रतलाम, धार, खरगोन, खंडवा और इंदौर लोकसभा सीट पर वोट डाले जाएंगे।

# कांग्रेस को भगवा पर आपत्ति, सोच पर शर्म आती है

### मोहन यादव ने कहा-कांग्रेस अपने झंडे में से भगवा रंग हटाए

भोपाल। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कांग्रेस पर बड़ा हमला बोला है। भोपाल में महावीर जयंती के कार्यक्रम में शामिल होने के बाद मीडिया से चर्चा में सीएम ने कांग्रेस के झंडे में से भगवा रंग हटाने की बात कही है। सीएम ने कहा कि कांग्रेस और वामपंथी सोच पर शर्म भी आती है, हंसी भी आती है और नाराजगी भी है। भगवा रंग के ऊपर कांग्रेस को आपत्ति है। कांग्रेस चाहती क्या है? वामपंथी और विरोधी दल को ये समझ नहीं आता कि भगवा हमारा त्याग, वैराग्य का प्रतीक है, सूर्य संस्कृति के वाहक हैं। दूरदर्शन के लोगो पर सफेद की जगह नारंगी कलर, भगवा कलर आया है। ये तो त्याग का प्रतीक है। मैं उम्मीद करता हूं कि कांग्रेस अपने बोले गए शब्दों के लिए माफी मांगेगी।



सीएम ने कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी के अग्निवीर योजना बंद करने के बयान पर कहा कि कांग्रेस और उनके नेता राहुल गांधी की सोच ही देश के लिए बड़ा ही चिंताजनक है। वे सदैव सेना के पराक्रम पर प्रश्न उठाते हैं। अग्निवीर योजना पर प्रश्न उठाते हैं। जिस ढंग से उनका सोच है, वो हमेशा देश को दुर्भाग्यपूर्ण व्यवस्था में ले जाता है। उम्मीद करता हूं। मध्यप्रदेश में आकर के वह अपनी भूल सुधार करेंगे।

# मप्र में दूसरे चरण की छह सीटों पर मतदान 26 को

### सतना में मुकाबला टाइट, 5 पर भाजपा फर्स्ट च्वाइस

भोपाल। मप्र में लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण की छह सीटों दमोह, होशंगाबाद, खजुराहो, रीवा, सतना और अनुसूचित जाति वर्ग के लिए सुरक्षित टीकमगढ़ पर 26 अप्रैल को मतदान होना है। 2019 में भाजपा ने इन सभी सीटों को जीता था। वहीं 2023 में हुए विधानसभा चुनाव में भी भाजपा इन क्षेत्रों में मजबूत रही। ऐसे में अनुमान लगाया जा रहा है कि इस बार के लोकसभा चुनाव में भी भाजपा की स्थिति बेहतर रहेगी। हालांकि वर्तमान प्रत्याशियों की स्थिति और विधानसभा के चुनाव परिणामों के अनुसार सतना में मुकाबला टाइट नजर आ रहा है, जबकि पांच अन्य सीटों पर मतदाताओं की फर्स्ट च्वाइस भाजपा ही है। बता दें, इन छह सीटों पर कुल 80 प्रत्याशी चुनाव मैदान में है। इनमें से 75 पुरुष, चार महिला और एक थर्ड जेंडर प्रत्याशी भी है।

मप्र में दूसरे चरण की छह संसदीय सीटों के अंतर्गत आने वाले 47 विधानसभा क्षेत्रों में से 40 पर भाजपा कांग्रेस के लिए बड़ी चुनौती है। ऐसा इसलिए क्योंकि इन लोकसभा सीटों के अंतर्गत आने वाली विधानसभा सीटों पर पांच माह पहले संपन्न हुए विधानसभा चुनाव में 47 में से 40 सीटों पर भाजपा ने बड़े अंतर से जीत दर्ज की थी। वहीं कांग्रेस केवल सात सीटों पर ही बढ़त बना पाई थी। वर्ष 2019 के लोकसभा चुनाव में भी भाजपा ने इन छह संसदीय सीटों पर विधानसभावार बड़े अंतर से जीत दर्ज की थी। वर्ष 2014 के लोकसभा चुनाव में केवल सतना सीट पर भाजपा को सात विधानसभा सीटों में से चार पर हार का सामना करना पड़ा था।

विंध्य क्षेत्र की सतना सीट पर इस बार मुकाबला कांटे का नजर आ रहा है। भाजपा ने फिर सतना सांसद गणेश सिंह को टिकट दिया है। गणेश सिंह विधानसभा चुनाव में मतदाताओं का भरोसा नहीं जीत पाए थे। सिंह ओबीसी कुर्मी समाज से आते हैं। सतना लोकसभा और विंध्य क्षेत्र में कुर्मी पटेल और ब्राह्मण समुदाय निर्णायक है। गणेश सिंह का मुकाबला कांग्रेस विधायक सिद्धार्थ कुशवाहा से होगा। कुशवाहा ने विधानसभा चुनाव में गणेश सिंह को हराया था। विंध्य की सियासत का गढ़ रीवा को माना जाता है। इस सीट पर भाजपा की स्थिति मजबूत है। ब्राह्मण और ओबीसी वर्ग निर्णायक है। पार्टी ने यहां से तीसरी बार जनार्दन मिश्र को मैदान में उतारा है। वहीं यूपी की सीमा से सटे मप्र के बुंदेलखंड में खजुराहो सीट आती है। इस सीट पर पिछड़ा वर्ग और ब्राह्मण मतदाता निर्णायक भूमिका अदा करते हैं। 2004 से इस सीट पर भाजपा का दबदबा है। भाजपा की तरफ से पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष वीडी शर्मा मैदान में हैं। जबकि कांग्रेस ने यह सीट गठबंधन सहयोगी सपा को दी है। सपा प्रत्याशी का नामांकन निरस्त हो गया है। ऐसे में माना जा रहा है कि वीडी शर्मा को वाक ओवर मिल गया है। खजुराहो से दूसरी बार वीडी शर्मा चुनाव लड़ रहे हैं।

### दमोह-टीकमगढ़ भाजपा का गढ़

दमोह लोकसभा सीट लंबे अरसे से भाजपा का गढ़ बन चुकी है। लोधी समुदाय यहां सबसे अधिक है। इसलिए भाजपा ने राहुल सिंह लोधी के तौर पर समाज को प्रतिनिधित्व देने की कोशिश की है। लोकसभा क्षेत्र में लोधी समाज के वोटर निर्णायक भूमिका में हैं। दमोह, जबेरा, पथरिया, देवरी, बनडा और बड़ा मलहरा में लोधी समाज की संख्या अधिक है। इसका फायदा भाजपा को मिल सकता है। बुंदेलखंड की टीकमगढ़ लोकसभा सीट भाजपा का गढ़ है। अनुसूचित जाति वर्ग के लिए आरक्षित लोकसभा सीट में सबसे ज्यादा अनुसूचित जाति के मतदाता हैं। इसके अलावा ओबीसी वर्ग के मतदाता निर्णायक भूमिका है। लोधी और ब्राह्मण मतदाता भी अच्छी संख्या में हैं। भाजपा ने जहां अपने केंद्रीय मंत्री वीरेंद्र कुमार पर लगातार चौथी बार भरोसा जताया है। वहीं, कांग्रेस ने नए चेहरे के तौर पर पंकज अहिरवार को मैदान में उतारा है।

### हांशंगाबाद-बैतूल में भाजपा मजबूत

होशंगाबाद लोकसभा सीट बीजेपी का मजबूत गढ़ मानी जाती है। मध्य भारत अंचल में आने वाली इस लोकसभा सीट पर 1989 से 2004 तक बीजेपी ने लगातार चुनाव जीता था। 2009 में इस सीट पर कांग्रेस को जीत मिली। लेकिन 2014 में फिर भाजपा ने ये सीट कांग्रेस से छीन ली। ओबीसी बहुल सीट पर एससी-एसटी निर्णायक भूमिका अदा करते हैं। इस सीट से दर्शन सिंह चौधरी को भाजपा ने उम्मीदवार बनाया है। भाजपा का गढ़ बैतूल लोकसभा सीट आदिवासी वर्ग के लिए आरक्षित है। इस सीट पर एससी और एसटी वर्ग के मतदाता ही निर्णायक भूमिका में नजर आते हैं। भाजपा ने दुर्गादास उइके को मैदान में उतारा है। कांग्रेस ने पिछला चुनाव हार चुके आदिवासी कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष रामू टेकाम को दोबारा प्रत्याशी बनाया है।

# 1500 बूथों पर कंट्रोल रूम से नजर रखेंगे अफसर

### 75 फीसदी मतदान केंद्रों पर लगाए जाएंगे सीसीटीवी कैमरे

भोपाल। लोकसभा चुनाव में वोटिंग के दौरान भोपाल के 75 प्रतिशत यानी, डेढ़ हजार से ज्यादा पोलिंग बूथों पर कंट्रोल रूम से अधिकारी नजर रखेंगे। यहां पर सीसीटीवी कैमरे लगेंगे। जिसकी वेब कास्टिंग होगी और अफसर कंट्रोल पर बैठकर हर स्थिति पर नजर रख सकेंगे। वहीं, कुल 510 बूथ ऐसे हैं, जो संवेदनशील और अति संवेदनशील की कैटेगिरी में है। इन पर अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया जाएगा। भोपाल में कुल 2034 मतदान केंद्र हैं। इनमें से संवेदनशील केंद्र 464 है, जबकि अति संवेदनशील केंद्रों की संख्या 46 है। इन पर अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया जाएगा। ताकि, किसी प्रकार की गड़बड़ न हो। यहां आर्म्स फोर्स तैनात की जाएगी।

### 7 मई को मतदान

भोपाल लोकसभा सीट पर 7 मई को मतदान होगा। नॉमिनेशन की जांच के बाद कुल 25 कैंडिडेट बचे हैं। 22 अप्रैल को नाम वापसी होगी। संभावना है कि कुछ उम्मीदवार अपने नामांकन वापस ले लेंगे। इस प्रक्रिया के बीच पोलिंग बूथ पर सुरक्षा के लिहाज से सीसीटीवी कैमरे, बैरिकेडिंग की जा रही है। इनमें सबसे खास सीसीटीवी कैमरे हैं।

कलेक्टर कौशलेंद्र विक्रम सिंह ने बताया, 75 प्रतिशत केंद्रों पर वेब कास्टिंग करेंगे। इसके जरिए 7 मई को वोटिंग प्रक्रिया ऑनलाइन ही देख सकेंगे। कंट्रोल रूम से ही मॉनिटरिंग होगी और बूथ पर किसी भी तरह की दिक्कत होने पर उसे तुरंत दूर कर लिया जाएगा। यदि किसी बूथ पर लंबी लाइन भी लगी होगी तो वह भी कंट्रोल रूम से देख सकेंगे। इसे लेकर मीटिंग भी की है।

# इंदौर कांग्रेस में बड़ी संख्या में टूट की आशंका

### 25 तारीख को ही मुख्यमंत्री के सामने आएंगे, भाजपा की गुपचुप रणनीति कर रही काम

भोपाल। 25 अप्रैल को एक ओर शंकर लालवानी भाजपा प्रत्याशी के रूप में नामांकन फार्म जमा करेंगे, वहीं भाजपा कांग्रेस के एक बड़े किले में सेंध लगाएगी। बताया जा रहा है कि इस दिन कांग्रेस के चुनिंदा पार्षदों सहित कांग्रेस के कुछ नेता भाजपा में शामिल होने जा रहे हैं। दावा तो लंबा-चौड़ा किया जा रहा है, लेकिन सही संख्या बताने में भाजपा नेता पीछे हट रहे हैं।

कांग्रेस के पूर्व विधायक संजय शुक्ला और विशाल पटेल दोनों ने कांग्रेसियों को भाजपा में लाने की कमान संभाल रखी है। हालांकि भाजपा स्थापना दिवस पर तय किया गया था कि अकेले इंदौर से बड़ी संख्या में कांग्रेसियों को भाजपा में शामिल किया जाएगा, जिसमें कुछ बड़े नेता भी होंगे, लेकिन भाजपा के नगर संगठन का दावा खोखला साबित हुआ। केवल एक बड़े नेता



के रूप में महू के रामकिशोर शुक्ला को भाजपा में शामिल करवाया गया, लेकिन वह मामला भी अधर में है। अब एक बार फिर 25 अप्रैल को एक बड़ा कार्यक्रम करके कांग्रेसियों को भाजपा में शामिल कराने की तैयारी की जा रही है। इसके पीछे भाजपा के कई वरिष्ठ नेता और मौजूदा मंत्रियों को भी उनसे संपर्क करने को कहा गया है, ताकि वे बाद में पीछे नहीं हटे। कांग्रेस के दो पार्षद और उनके समर्थकों के भी भाजपा में आने की खबर उड़ रही है। हालांकि जाहिर तौर पर वे मना कर रहे हैं, वहीं कांग्रेस के कुछ पदाधिकारी जो संजय शुक्ला और विशाल पटेल से सीधे जुड़े हुए हैं, उनकी सूची तैयार कर ली गई है। सूची को लेकर भी एहतियात बरती जा रही है। मुख्यमंत्री मोहन यादव की मौजूदगी में 10 हजार कांग्रेसियों को भाजपा में शामिल करने की बात की जा रही है। हालांकि कांग्रेसियों का कहना है कि जिनको जाना था, वे चले गए हैं और अब कोई भी निष्ठवान कांग्रेसी भाजपा में नहीं जा रहा है। अपने गृह जिले में हो रही तोडफ़ोड़ को लेकर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी भी लगातार फीडबैक ले रहे हैं और कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं से ऐसे संदिग्ध नेताओं से संपर्क में रहने के लिए कहा गया है।

# लोकसभा चुनाव के चलते टला सिविल सर्विस डे कार्यक्रम

भोपाल। मध्य प्रदेश में आईएएस, आईपीएस और आईएफएस सर्विस मीट के बाद अब 17वें सिविल सर्विस डे पर भारतीय प्रशासनिक सेवा के अफसरों का होने वाला कार्यक्रम चुनाव के चलते टाल दिया गया है। हर साल सिविल सर्विस डे पर आईएएस अफसरों का प्रबोधन कार्यक्रम आईएएस ऑफिसर्स एसोसिएशन की ओर से प्रशासन अकादमी में किया जाता था, जिसमें बदलते दौर में आईएएस अफसरों की भूमिका पर एक्सपर्ट्स के साथ चर्चा कराई जाती रही है।

मध्यप्रदेश आईएएस ऑफिसर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष जेएन कंसोटिया और सामान्य प्रशासन विभाग के प्रमुख सचिव मनीष रस्तोगी से बताया कि लोकसभा चुनाव के चलते सभी अधिकारी चुनाव कार्य में व्यस्त हैं। इसलिए इस साल सिविल सर्विस डे कार्यक्रम का आयोजन नहीं किया गया है। दूसरी ओर, यह बात भी सामने आई है कि एमपी के तीन दर्जन से अधिक आईएएस, आईपीएस और आईएफएस अधिकारी दूसरे राज्यों में आब्जर्वर बनकर गए हैं। कलेक्टर और सीईओ जिला पंचायत चुनाव कार्यों में व्यस्त हैं। ऐसे में यहां सिविल सर्विस डे के राज्य स्तरीय कार्यक्रम के लिए अधिकारियों का भी टोटा है। इसके पहले 2019 के लोकसभा चुनाव के दौरान भी इसी तरह की दिक्कत आई थी। गौरतलब है कि इसके पहले 2023 की आईएएस सर्विस मीट भी विधानसभा चुनावों के कारण टाल दी गई थी। आईएएस आफिसर्स एसोसिएशन ने दिसम्बर में होने वाली मीट को पहले एक माह के लिए टाला था लेकिन बाद में यह साल भर के लिए टाल दी गई। इसी तरह आईपीएस और आईएफएस सर्विस मीट भी 2023 में नहीं हो पाई। इन अधिकारियों की मीट भी बार-बार टलने के बाद सालभर के लिए टाल दी गई है। देश में सिविल सर्विस डे का पहला आयोजन साल 2006 में 21 अप्रैल को किया गया था जिसके बाद से यह लगातार मनाया जाता रहा है। वर्ष 2020 में कोविड बीमारी के दौरान लॉकडाउन में भी इस सर्विस डे का आयोजन किया था, हालांकि तब इसका आयोजन वर्चुअल रूप से किया था। इसके बाद 2021 में कोरोना के सेकेंड फेज पीक पर होने के कारण सिविल सर्विस डे नहीं मना था। बताया जाता है कि देश के आजाद होने के बाद भारत के पहले गृहमंत्री सरदार वल्लभ भाई पटेल ने 21 अप्रैल को ही सिविल सेवकों के पहले बैच को दिल्ली स्थित मैटकाफे हाउस में संबोधित किया था जिसके बाद से यह दिवस मनाया जाने लगा। उन्होंने सिविल सेवकों को भारत का स्टील फ्रेम कहा था।

# गढ़ से निकल अब दूसरी सीटों पर कमलनाथ का फोकस



भोपाल। अपने गढ़ छिंदवाड़ा में कांग्रेस प्रत्याशी और अपने पुत्र नकुलनाथ के लिए डेरा डाले रहे पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ ने अब दूसरी सीटों पर फोकस करना शुरू कर दिया है। 19 अप्रैल को छिंदवाड़ा सहित प्रदेश की छह सीटों पर मतदान संपन्न हो गया है। इसलिए कमलनाथ ने अब कांग्रेस के अन्य प्रत्याशियों के लिए चुनाव प्रचार अभियान शुरू कर दिया है। अब पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ का फोकस छिंदवाड़ा से लगी नर्मदापुरम और बैतूल सीट पर है। मतदान के दिन से ही उन्होंने अन्य सीटों पर प्रचार शुरू कर दिया है। गौरतलब है कि मप्र की 29 लोकसभा सीटों पर चार चरणों में मतदान होना है। 19 अप्रैल को छिंदवाड़ा समेत 6 लोकसभा सीटों पर मतदान हो चुका है। इसके बाद अगले तीन चरणों के चुनाव में कमलनाथ दूसरी सीटों पर ध्यान दे पाएंगे। सूत्रों का कहना है कि वे छिंदवाड़ा की सीमा से लगी सीटों पर ज्यादा सक्रीय रहेंगे। 19 अप्रैल को जब छिंदवाड़ा में मतदान हो रहा था, दूसरी तरफ कमलनाथ नर्मदापुरम लोकसभा सीट की पिपरिया विधानसभा सीट पर आमसभा कर रहे थे। दरअसल कमलनाथ ने रणनीति के तहत ऐसा किया। स्टार प्रचारक होने के नाते उन्होंने छिंदवाड़ा लोकसभा छिदवाड़ा सीट से लगे पिपरिया में आमसभा की, ताकि मतदान के दिन वें अपनी बात छिंदवाड़ा के मतदाताओं तक पहुंचा सके। दूसरी तरफ नर्मदापुरम में संजय शर्मा के समर्थन में आमसभा भी कर सके।

### होशंगाबाद और बैतूल पर फोकस

कमलनाथ का बैतूल और नर्मदापुरम पर फोकस किए जाने की वजह उनके समर्थकों का चुनाव लडऩा भी है। बैतूल से कांग्रेस में तमाम विरोध के बावजूद कमलनाथ समर्थक रामू टेकाम को प्रत्याशी बनाया गया। वहीं नर्मदापुरम में भी उनके उनके समर्थक संजय शर्मा को टिकट दिया गया है। ऐसे में इन प्रत्याशियों को जिताने की जिम्मेदारी भी कमलनाथ ने ही ली है। उल्लेखनीय है कि नर्मदापुरम लोकसभा सीट पर दूसरे चरण में मतदान होना है। 26 अप्रैल को यहां मतदान होगा। यानि प्रचार के लिए अभी सभी दलों के पास तीन दिन का समय है। ऐसे में कमलनाथ की दो सभाएं नर्मदापुरम लोकसभा सीट पर हो सकती हैं। बैतूल में बसपा प्रत्याशी के निधन के बाद अब तीसरे चरण में यहां 7 मई को मतदान होना है। लिहाजा प्रचार के लिए बैतूल में ज्यादा समय मिलेगा। बताया जा रहा कि यहां पर भाजपा और कांग्रेस में कांटे की टक्कर है। शनिवार को कमलनाथ ने भारतीय जनता पार्टी पर हमला करते हुए कहा कि आपके पास राम मंदिर का पट्टा नहीं है। ये जनता के चंदे से बनाया गया है। बैतूल जिले के अंतर्गत आने वाली आमला विधानसभा के चुटकी ग्राम में आज शनिवार को आम सभा का संबोधन किया गया, इस दौरान कमलनाथ ने बैतूल के लोगों को अपना प.ौसी बताया। उन्होंने आगे कहा मैंने रामू टेकाम को प्रत्याशी चुना है। आपको इतिहास बदलने के लिए मुझपर विश्वास करना होगा।

# ईडी के रडार पर आबकारी विभाग : फर्जी बैंक गारंटी मामले में ईडी ने दर्ज की प्राथमिकी

भोपाल। दिल्ली में हुए शराब घोटाले के बाद अब ईडी (डायरेक्टरेट ऑफ एनफोर्समेंट)ने अब मप्र के शराब ठेकों में हुए करोड़ों की फर्जी बैंक गारंटी मामले को अपने रडार में लिया है। आठ साल पहले इंदौर जिले के शराब ठेकों में 42 करोड़ रुपए के फर्जी बैंक गारंटी लगाने के मामले में इंडी ने प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। दरअसल, करीब सात साल पहले हुए 42 करोड़ रुपये के फर्जी बैंक चालान के घपले से भी अधिकारियों ने सीख नहीं ली। उस समय हुए घोटाले में शराब ठेकेदारों के साथ ही कुछ अधिकारियों की भी मिलीभगत सामने आई थी और कई अधिकारी निलंबित भी हुए थे। उस मामले की जांच अब तक चल रही है और उसके बाद फर्जी एफडीआर के कई मामले सामने आ चुके हैं। इन मामलों में भी शराब ठेकेदारों ने बैंक की फर्जी एफडीआर बनवाकर शासन को करोड़ों रुपये का नुकसान पहुंचाया। ऐसे में जैसे ही ईडी ने इस दिशा में जांच शुरू की है आबकारी विभाग के अधिकारियों और ठेकेदारों में हडक़ंप मच गया है।

गौरतलब है कि पिछले कुछ वर्षों में मप्र में ठेकेदारों द्वारा बैंक गारंटी के रूप में फर्जी एफडीआर (सावधि जमा रसीद) बनवाकर शराब दुकानों का ठेका लेने के मामले बढ़े हैं। जानकारों का कहना है कि इसमें आबकारी विभाग के अधिकारियों की भी मिलीभगत है। बार-बार हो रही गलतियों और घोटालों के कारण वाणिज्यकर विभाग की बदनामी हो रही है। लेकिन अब ईडी ने इंदौर में हुए 42 करोड़ रूपए के फर्जी बैंक चालान मामले में एफआईआर दर्ज कर लिया है। साथ ही जांच में प्रदेश के विभिन्न जिलों में पिछले वर्षों में हुए फर्जी बैंक गारंटी के आधार पर शराब ठेके लेने के मामलों को भी शामिल कर लिया गया है।

### ईडी ने मांगी जानकारी, मचा हडक़ंप

गौरतलब है की आबकारी विभाग प्रदेश के सबसे कमाऊ विभागों में से एक है। इस विभाग में घपले-घोटाले होते रहते हैं। लेकिन पिछले कुछ सालों से फर्जी बैंक गारंटी लगाकर शराब ठेका लेने के मामले बढ़ गए हैं। अब प्रदेश में इस तरह के मामलों में जितनी एफआईआर हुई है, उसकी जानकारी भी ईडी ने मांगी है। ईडी की कार्रवाई की भनक लगते ही आबकारी विभाग के अधिकारियों तथा ठेकेदारों में




हडक़ंप मच गया है। ईडी की टीम कुछ आईएएस अधिकारियों की भूमिका की भी जांच कर सकती है। मध्यप्रदेश में पहली बार शराब ठेके में फर्जी बैंक गारंटी लगाने के मामले में ईडी ने कार्रवाई शुरू की है।

### 7 साल पहले आया था बड़ा मामला

उल्लेखनीय है कि वर्ष 2016-17 में इंदौर जिले में फर्जी बैंक गारंटी के तर पर 42 करोड़ रुपए के ठेके आधार का मामला सामने आया था। फर्जी बैंक गारंटी का मामला तब उजागर हुआ, जब आबकारी विभाग ने संबंधित बैंकों को पत्र लिखकर एफडी की पुष्टि की। बैंकों ने सहायक आयुक्त आबकारी के पत्र के जवाब में बताया कि संबधित नंबरों की एफडी उनके बैंक द्वारा नहीं बनाई गई है। इसके बाद इंदौर जिले की रावजी बाजार पुलिस थाने में प्रकरण दर्ज किया गया। मामला सामने आने के बाद ठेकेदारों द्वारा तेईस करोड़ रुपए की राशि जमा कराई गई। यही नहीं राज्य सरकार ने मामले की गंभीरता से लेते हुए सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए। पुलिस ने चौदह शराब ठेकेदारों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर दो दर्जन से अधिक लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। अधिकारियों के खिलाफ भी कार्रवाई की गई। लेकिन पुलिस कार्रवाई के बाद जमा की गई नगद राशि का हिसाब नहीं मिला कि 23 करोड़ रुपए की राशि कहां से आई और इस राशि को जुटाने में किसका योगदान है। लगभग सात साल बाद एक शिकायत के आधार पर केन्द्रीय जांच एजेंसी इंडी ने मामले की पड़ताल की तो कई सनसनी खेज जानकारियां सामने आई। सभी कागजातों की छानबीन करने के बाद ईडी ने मध्यप्रदेश के इंदौर जिले में हुए बहुचर्थित शराब ठेके में फर्जी बैंक गारंटी लगाने के मामले में प्राथमिकी दर्ज कर ली है। साथ ही अन्य जिलों में हुए फर्जी बैंक गारंटी के मामले की भी जानकारी मांगी है।

### कई मामले आ चुके हैं सामने

फर्जी बैंक गारंटी के मामले में प्रदेशभर में हुई एफआईआर की भी जानकारी जुटाई जा रही है। इंदौर जिले में वर्ष 2022 में भी इसी तरह लगभग साढ़े छह व करोड़ रुपए की फर्जी बैंक गारंटी लगाकर ठेका लेने का प्रयास किया गया था। इस मामले में भी ठेकेदारी और अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की गई, लेकिन यह सिलसिला समाप्त नहीं हुआ। वर्ष 2023 में भोपाल जिले में लालघाटी की दो दुकानों के लिए राठौर एंड मेहता एसोसिएट्स ने दुकान के लिए 2 करोड़ 84 लाख की बैंक गारंटी लगाई गई थी। सात अप्रैल 2023 को बनाई गई बैंक गारंटी क्रमांक 0789 जीईएफ 00010 दो करोड़ चौरासी लाख रुपए की थी। भोपाल के सहायक आबकारी आयुक्त ने यूनियन बैंक ऑफ इंडिया अरेरा हिल्स भोपाल शाखा को पत्र लिखकर बैंक गारंटी के मामले में जानकारी चाही तो पता चला की उक्त नंबर की कोई बैंक गारंटी शाखा द्वारा जारी ही नहीं की गई। इसके बाद भोपाल के तत्कालीन कलेक्टर आशीष सिंह ने दुकानों का ठेका निरस्त कर एफआईआर दर्ज करने के निर्देश दिए थे। पुलिस ने मामले में एफआईआर दर्ज कर आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की थी।

# कोलकाता की एक रन से रोमांचक जीत

कोलकाता। आईपीएल 2024 के 36वें मैच में कोलकाता नाइटराइडर्स ने रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु को रोमांचक मुकाबले में 1 रन से हरा दिया।

बेंगलुरु को आखिरी ओवर में 21 रन चाहिए थे। मिचेल स्टार्क के इस ओवर में कर्ण शर्मा ने चार बॉल में तीन छक्के लगाकर मैच को रोमांचक बना दिया। लेकिन, ओवर की पांचवीं बॉल पर वे आउट हो गए।

कर्ण शर्मा के विकेट के बाद टीम को आखिरी बॉल पर 3 रन चाहिए थे। यहां लॉकी फर्ग्यूसन ने कवर्स की दिशा में शॉट खेला और 2 रन के लिए दौड़ पड़े। उन्होंने एक रन पूरा किया लेकिन दूसरा रन लेने से पहले रन आउट हो गए। इस तरह बेंगलुरु एक रन से हार गया।

इससे पहले ईडन गार्डन्स स्टेडियम में बेंगलुरु ने टॉस जीतकर पहले बॉलिंग का फैसला लिया। कोलकाता ने पहले बैटिंग करते हुए 20 ओवर में 6 विकेट के नुकसान पर 222 रन बनाए और बेंगलुरु को 223 रन का टारगेट दिया। जवाब में बेंगलुरु 20 ओवर में 221 रन पर ऑल आउट हो गई।

बेंगलुरु के लिए विल जैक्स (55) और रजत पाटीदार (52) ने अर्धशतक लगाया। उनके अलावा दिनेश कार्तिक ने 25 और सुयश प्रभुदेसाई ने 24 रन किन पारी खेली। कर्ण शर्मा ने 7 बॉल पर 20 रन बनाए। कोलकाता की ओर से आंद्रे रसेल ने सबसे ज्यादा तीन विकेट झटके। सुनील नरेन और हर्षित राणा ने दो-दो विकेट लिए। रुण चक्रवर्ती और मिचेल स्टार्क को एक-एक विकेट मिला।

पहले बल्लेबाजी करते हुए कोलकाता के लिए कप्तान श्रेयस अय्यर ने सबसे ज्यादा रन बनाए। उन्होंने 36 बॉल पर 50 रन बनाए। उनके अलावा फिल सॉल्ट ने 48 रन की पारी खेली। आंद्रे रसेल ने 27 रन बनाए। रिंकू सिंह और रमनदीप सिंह ने 24-24 रन का योगदान दिया। बेंगलुरु की ओर से यश दयाल और कैमरन ग्रीन ने दो-दो विकेट झटके। मोहम्मद सिराज और लॉकी फर्ग्यूसन को एक-एक विकेट मिला। इस जीत के साथ कोलकाता पॉइंट्स टेबल में दूसरे नंबर पर आ गई है।




# आईपीएल में आज होगा राजस्थान रॉयल्स और मुंबई इंडियंस में मुकाबला

जयपुर । कप्तान संजू सैमसन की राजस्थान रॉयल्स की टीम आईपीएल में सोमवार को मुंबई इंडियंस से खेलेगी। इस मैच में नंबर एक स्थान पर चल रही राजस्थान का पलड़ा भारी है क्योंकि उसे अपने घरेलू मैदान का भी लाभ होगा। टीम ने अब तक 7 मैचों में 6 मैच जीते हैं और वह अंक तालिका में नंबर एक स्थान पर है। टीम का प्लेऑफ में पहुंचना तय है। वहीं दूसरी ओर हार्दिक पंड्या की कप्तानी में मुंबई इंडियंस का प्रदर्शन अब तक उम्मीद के अनुरुप नहीं रहा है। मुम्बई की टीम ने अब तक 3 मुकाबले ही जीते हैं। 3 जीत हासिल की है।

यह इस सत्र का आखिरी मुकाबला होगा। अभी तक यहां की पिच बल्लेबाजी के लिए अच्छी रही है। इसमें किसी भी मैच में 200 का स्कोर नहीं बना। यहां 197 का लक्ष्य भी हासिल हो चुका है। ऐसे में पिच एक बार फिर बल्लेबाजी के लिए आसान होने वाली है। यही वजह है कि 200 रन बनने पर किसी को हैरानी नहीं होनी चाहिए। पहले गेंदबाजी यहां लाभदायक होगी।

जयपुर में तेज गरमी से खिलाड़ियों के लिए खेलना आसान नहीं रहेगा। इस मैच में राजस्थान की



बल्लेबाजी सैमसन के अलावा पराग , जोस बटलर और यशस्वी जायसवाल पर आधारित रहेंगी। टीम के पास ट्रेंट बोल्ट, युजवेंद्र चहल जैसे गेंदबाज हैं।

मुंबई की बल्लेबाजी पंड्या के अलावा रोहित शर्मा और सूर्यकुमार पर आधारित रहेगी जबकि गेंदबाजी की कमान जसप्रीत बुमराह के पास रहेगी।

दोनो ही टीमें इस प्रकार हैं।

**राजस्थान रॉयल्स**- संजू सैमसन (कप्तान), जोस बटलर, शिमरोन हेटमायर, यशस्वी जायसवाल, ध्रुव जुरेल, रियान पराग, डोनोवन फरेरा, कुणाल राठौड़, रविचंद्रन अश्विन, कुलदीप सेन, नवदीप सैनी, संदीप शर्मा, ट्रेंट बोल्ट, युजवेंद्र चहल, आवेश खान , रोवमैन पॉवेल, शुभम दुबे, टॉम कोहलर-कैडमोर, आबिद मुश्ताक, नांद्रे बर्गर, तनुष कोटियन और केशव महाराज।

**मुंबई इंडियंस**- हार्दिक पंड्या (कप्तान), रोहित शर्मा, सूर्यकुमार यादव, डेवाल्ड ब्रेविस, जसप्रीत बुमराह, पीयूष चावला, गेराल्ड कोएट्जी, टिम डेविड, श्रेयस गोपाल, इशान किशन, अंशुल कंबोज, कुमार कार्तिकेय, आकाश मधवाल, क्वेना मफाका, मोहम्मद नबी, शम्स मुलानी, नमन धीर, शिवालिक शर्मा, रोमारियो शेफर्ड, अर्जुन तेंदुलकर, नुवान तुषारा, तिलक वर्मा, हार्विक देसाई, नेहल वढेरा, ल्यूक वुड।

## नौकायन में बलराज को मिला पेरिस ओलंपिक टिकट

चुंगजू। भारत के बलराज पंवार ने एशियाई और ओसनियाई रोइंग ओलंपिक क्वालिफिकेशन रेगाटा में पुरुष एकल स्कल्स (एम1एक्स) स्पर्धा में कांस्य पदक जीता है। इस जीत के साथ ही बलराज ने ओलंपिक टिकट भी हासिल कर लिया है। वह नौकायन से ओलंपिक टिकट हासिल करने वाले पहले खिलाड़ी हैं। बलराज ने दक्षिण कोरिया के चुंगजू में आयोजित स्पर्धा में हीट में 7ः17.87 और सेमीफाइनल में 7ः16.29 का समय निकालकर फाइनल में जगह बनायी। बलराज इस स्पर्धा में 7ः01.27 का समय निकालकर तीसरे स्थान पर रहे। वहीं कजाकिस्तान के व्लादिस्लाव याकोवलेव ने 6ः59.46 का समय निकालकर स्वर्ण जबकि इंडोनेशिया के मेमो ने 6ः59.74 का समय निकालकर रजत पदक अपने नाम किया। इसके अलावा अरविंद सिंह और उज्जवल कुमार ने भी पुरुषों की लाइटवेट डबल स्कल्स (एलएम2एक्स) में कांस्य पदक हासिल किया। इस स्पर्धा में केवल शीर्ष दो खिलाड़ियों को ही पेरिस ओलंपिक के लिए टिकट मिला।

## विनेश को पेरिस ओलंपिक टिकट मिला

नई दिल्ली। भारतीय महिला पहलवान फोगाट को आगामी पेरिस ओलंपिक के लिए प्रवेश मिल गया है। विनेश ने एशियाई ओलंपिक क्वालीफायर में महिलाओं के 50 किग्रा सेमीफाइनल मुकाबले में कजाकिस्तान की लॉरा गनिक्यज़ी को 10-0 से हराकर ओलंपिक टिकट हासिल किया।फोगाट ने लॉरा गनिक्यजी के खिलाफ तकनीकी श्रेष्ठता के आधार पर 4 मिनट 18 सेकंड में ही मुकाबला जीत लिया। वह एशियाई और राष्ट्रमंडल में पदक विजेता भी रही हैं।

# टी20 विश्वकप के लिए भारतीय टीम की घोषणा शीघ्र करेगा बीसीसीआई

### 27 या 28 अप्रैल को कप्तान रोहित शर्मा के साथ बैठक करेंगे चयनकर्ता

मुम्बई। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) 2 से 29 जून तक वेस्टइंडीज और अमेरिका में होने वाले आगामी टी20 विश्व कप के लिए शीघ्र ही टीम की घोषणा करेगा। बीसीसीआई को टी20 विश्वकप के लिए आईसीसी को खिलाड़ियों की सूची एक मई तक देनी है। वहीं एक रिपोर्ट के अनुसार इसके लिए चयनकर्ता 27 या 28 अप्रैल को दिल्ली में कप्तान रोहित शर्मा के साथ बैठक कर सकते हैं.

बीसीसीआई प्रमुख अजीत अगरकर भी विदेश से लौट गये हैं। टीम चयन को लेकर अभी तक कोई आधिकारिक बयान नहीं आया है। इस रिपोर्ट के अनुसार टीम में 10 खिलाड़ियों का चयन पक्का है, वहीं कुछ खिलाड़ियों पर फैसला उनकी फिटनेस पर आधारित रहेगा। टीम में शामिल दस खिलाड़ियों में ऑलराउंडर हार्दिक पंड्या शामिल नहीं हैं। पंड्या को गेंदबाजी किये जाने की स्थिति में ही शामिल किया जाएगा। आईपीएल सत्र में अब तक पंड्या अधिक गेंदबाजी नहीं कर पाये हैं। टीम इस प्रकार होने की संभावना है।

रोहित शर्मा (कप्तान), विराट कोहली, ऋषभ पंत, सूर्यकुमार यादव, जसप्रीत बुमराह, रवींद्र जडेजा, अर्शदीप सिंह, मोहम्मद सिराज और कुलदीप यादव आदि, वहीं पंड्या की टी20 विश्व कप में जगह आईपीएल में उनके प्रदर्शन पर आधारित रहेगी। चयनकर्ता हार्दिक के प्रदर्शन पर नजरें रखें हुए हैं। आईपीएल के इस सत्र में अभी तक वह विफल रहे हैं। भारतीय टीम टी20 विश्व कप 2024 में अपने अभियान की शुरुआत 5 जून को आयरलैंड के खिलाफ करेगी।

# पाक ने न्यूजीलैंड को दूसरे टी20 में हराया, सीरीज में 1-0 की बढ़त हासिल की

लाहौर। बाबर आजम की कप्तानी में उतरी पाकिस्तान क्रिकेट टीम ने न्यूजीलैंड को दूसरे टी20 मैच में हराकर पांच मैचों की सीरीज में 1-0 की बढ़त हासिल कर ली है। पाक टीम ने सीरीज के दूसरे टी20 मैच में मेहमान टीम न्यूजीलैंड को 90 रनों पर ही आउट कर आसानी से जीत हासिल की। पाकिस्तान ने कीवी टीम को 90 पर आउट करने के बाद जीत का लक्ष्य 12.1 ओवर में 3 विकेट पह ही हासिल कर लिया। सीरीज का पहला टी20 मैच बारिश के कारण नहीं हो पाया था। दूसरे टी20 मैच में तेज गेंदबाज शाहीन अफरीदी और मोहम्मद आमिर के बाद शादाब खान और अबरार अहमद ने जबरदस्त गेंदबाजी की।

इस मैच में लक्ष्य का पीछा करते हुए पाक टीम की शुरुआत अच्छी नहीं रही। युवा सलामी



बल्लेबाज सैम अयूब 4 रन बनाकर ही आउट हो गये। इसके बाद कप्तान बाबर आजम भी विफल रहे। बाबर 14 रन ही बना पाये। इसके बाद मोहम्मद रिजवान और युवा इरफान खान ने अच्छी साझेदार कर अपनी टीम को जीत दिलायी। रिजवान ने 34 गेंदों पर नाबाद 45 रन बनाए जबकि इरफान खान 18 रन नाबाद रहे। वहीं कीवी टीम की ओर से बेन लिस्टर, माइकल ब्रेसवेल और ईश सोढ़ी ने एक एक खिलाड़ी को आउट किया।

इस मैच में पाक ने टॉस जीतकर न्यूजीलैंड को पहले बल्लेबाजी के लिए बुलाया। मेहमान टीम 18.1 ओवर में ही 90 रनों पर ही आउट हो गयी। मार्क चैपमैन ने सबसे ज्यादा 19 रन बनाये जबकि कोले मैककोंची ने 13 रन बनाए। न्यूजीलैंड की शुरआत अच्छी नहीं रही। सलामी बल्लेबाज ओपनर टिम सेइफर्ट शुरआत में ही पेवेलियन लौट गये। इसके बाद उसके विकेट एक के बाद एक गिरते चले गये।

# दिल्ली में सीएसके का मैच नहीं होने से प्रशंसक निराश

नई दिल्ली। आईपीएल के इस सत्र में यहां चेन्नई सुपरकिंग्स का कोई भी मैच नहीं होने से प्रशंसकों में निराश है। प्रशंसकों का कहना है कि वह इस बार अपने पसंदीदा खिलाड़ी महेंद्र सिंह धोनी और उनकी टीम को नहीं देख पा रहे। दिल्ली कैपिटल्स ने अपने शुरुआती दो मैच विशाखापत्तनम के मैदान पर खेले थे। टीम ने इस मैदान पर सीएसके और कोलकाता नाइट



राइडर्स (केकेआर) के खिलाफ मुकाबले खेले थे। धोनी और सीएसके के साथ ही दिल्ली कैपिटल्स के प्रशंसकों को भी इस बात भी दुख है कि वह इस बार धोनी की आक्रामक बल्लेबाजी नहीं देख पाये हैं। धोनी इस सत्र में जबरदस्त लय में है पर ये आईपीएल में उनका अंतिम सत्र होने की संभावनाएं हैं जिससे भी प्रशंसकों को लग रहा है कि उन्हें अब धोनी को खेलते देखने का अवसर नहीं मिलेगा। धोनी के कप्तानी ऋतुराज गायकवाड़ को देने से भी तय है कि वह अगला तय शायद ही खेलें। प्रशंसकों का मानना है कि आज धोनी से बड़ा कोई क्रिकेटर नहीं है। एक प्रशंसक ने कहा, '' मुझे इस बात की शिकायत है कि दिल्ली कैपिटल्स ने सीएसके के खिलाफ अपना मैच विशाखापत्तनम में खेला। वे किसी और टीम के साथ वहां खेलते तो हमें हमें दुख नहीं रहता पर धोनी को स्टेडियम में नहीं देखने की निराशा तो रहेगी।'' धोनी इस आईपीएल में शानदार लय में है। वह आखिरी ओवरों में बल्लेबाजी के लिए आकर टीम के लिए तेजी से रन बना रहे है। उन्होंने मौजूदा सत्र के सात मैचों की पांच पारियों में 255.88 के शानदार स्ट्राइक रेट से 87 रन बनाये हैं।

# भुवनेश्वर ने टी नटराजन को मैच विजेता खिलाड़ी बताया

नई दिल्ली। सनराइजर्स हैदराबाद के तेज गेंदबाज भुवनेश्वर कुमार युवा तेज गेंदबाज टी नटराजन की जमकर प्रशंसा करते हुए कहा कि वह एक मैच विजेता खिलाड़ी है। दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ शानदार जीत पर भुवनेश्वर ने कहा कि टीम को भारोसा है कि इसी प्रकार काफी सारे रन बनाने में सफल रहेगी।



भुवी ने कहा कि नटराजन शानदार यॉर्कर गेंदबाजी करते हैं। वह एक शांत व्यक्ति हैं और कड़ा अभ्यास करते हैं। साथ ही कहा कि इतने साल में पहली बार उनके बल्लेबाजों ने इतनी अच्छी बल्लेबाजी की है पर कहा कि गेंदबाजी में टीम जरुर कुछ पीछे रही है। हमार बल्लेबाजों के कारण ही 220-200 स्कोर कम लग रहा है।

उन्होंने कहा कि हालात से फर्क नहीं पड़ता। हैदराबाद के बल्लेबाज नेट्स में भी इसी प्रकार की आक्रामक बल्लेबाजी करते हैं। साथ ही कहा कि नेट्स में गेंदबाजी करते समय हमें इस बारे में ज्यादा नहीं सोचते कि गेंद कहां जा रही है पर अभिषेक और ट्रैविस हेड के सामने हमें शीर्ष स्तर की गेंदबाजी करनी पड़ती है। साथ ही कहा कि गेंदबाजी आपको मैच जिताती है जबकि बल्लेबाज आपके लिए अवसर बनाते हैं। सनराइजर्स की टीम सत्र में 5 जीत के साथ अंक तालिका में दूसरे स्थान पर पहुंच गयी है। उसने इस इस में लगातार चौथी जीत हासिल की है। उन्होंने इससे पहले चेन्नई, पंजाब और बेंगलुरु को भी हराया था।

## विश्व एथलेटिक्स के मिश्रित युगल में जीत के इरादे से उतरेंगे प्रियंका-अक्षदीप

अंताल्या । भारत की प्रियंका गोस्वामी और अक्षदीप सिंह यहां अंताल्या में विश्व एथलेटिक्स पैदल चाल टीम चैम्पियनशिप के मिश्रित युगल में बेहतर प्रदर्शन कर पेरिस ओलंपिक के लिए कोटा हासिल करने का प्रयास करेंगी। अक्षदीप और प्रियंका ने पहले ही पुरुषों और महिलाओं की 20 किमी पैदल चाल स्पर्धा के एकल वर्ग से पेरिस ओलंपिक के लिए टिकट हासिल कर लिया है। पेरिस ओलंपिक के लिए अब तीन महीने से भी कम समय है। ऐसे में खिलाड़ियों के लिए भी पेरिस ओलंपिक का कोटा हासिल करने के लिए ये अंतिम अवसर है। प्रियंका ने हाल ही में शानदार प्रदर्शन किया था। वह पिछले महीने चीन पैदल चाल ग्रां प्री में 20 किमी स्पर्धा में सातवें स्थान पर रही थी।

# हैड की धमाकेदार बल्लेबाजी से बने कई रिकार्ड

नई दिल्ली। सनराइजर्स हैदराबाद की ओर से आईपीएल में खेल रहे ऑस्ट्रेलियाई सलामी बल्लेबाज ट्रेविस हेड का तूफान थमने का नाम नहीं ले रहा है। हेड ने आईपीएल के 35वें मुकाबले में केवल 16 गेंदों पर ही अर्धशतक लगा दिया। वहीं सनराइजर्स ने पहले पांच ओवरों में ही अपने 100 रन पूरे कर लिए। यह आईपीएल इतिहास के शुरुआती 5 ओवर में बने सबसे ज्यादा रन हैं। वहीं इससे पहले आईपीएल के शुरुआती 5 ओवर में सबसे ज्यादा रन बनाने का रिकॉर्ड चेन्नई सुपरकिंग्स ने साल 2014 में 6 ओवर में 100 रन का बनाकर किया था। हेड 32 गेंदों पर 89 रन बनाकर आउट हुए. इस बल्लेबाज ने 278.11 के स्ट्राइक रेट से रन बनाए जिसमें 11 चौके और 6 छक्के शामिल थे जबकि उनके जोड़ीदार अभिषेक शर्मा ने 12 गेंदों पर 46 रन बनाये। इसमें 2 चौके और 6 छक्के थे। अभिषेक ने 383.33 के स्ट्राइक रेट से रन बनाये। इससे हैदराबाद ने शुरुआती 6 ओवर पावरप्ले में बिना कोई विकेट गंवाये 125 रन बनाये। यह आईपीएल इतिहास में पावरप्ले में सबसे बड़ा स्कोर है। इससे पहले 2017 में कोलकाता नाइटराइडर्स ने आरसीबी के खिलाफ बिना कोई विकेट गंवाए 105 रन बनाए थे। आईपीएल में पावरप्ले में सबसे ज्यादा रन बनाने का रिकॉर्ड हेड ने बनाया है। उन्होंने शुरुआती 6 ओवर में 26 गेंदों पर 84 रन बना लिए थे। यह आईपीएल इतिहास का पावरप्ले में किसी बल्लेबाजी का सर्वोच्च निजी स्कोर है। इससे पहले यह रिकॉर्ड डेविड वॉर्नर के नाम था जिन्होंने 2019 में केकेआर के खिलाफ 25 गेंदों पर नाबाद 62 रन बनाए थे।



# आईपीएल में किसने मारे सबसे ज्यादा रन, कौन है नंबर वन

### टॉप तीन नाम जिनके खाते में रन कम लेकिन स्ट्राइक रेट सबसे ज्यादा

नई दिल्ली। आईपीएल 2024 में अब तक खेले मैचों में रनों का पहाड़ खड़ा हो गया है। एक नहीं बल्कि दो बार इस आईपीएल सीजन में टूर्नामेंट के इतिहास के सबसे बड़े स्कोर का रिकॉर्ड टूट चुका है। बल्लेबाज चौकों छक्कों की बौछार कर रहे हैं। लोगों को यह जानने को उत्सुक हैं कि इस बार के आईपीएल में स्ट्राइक रेट की लिस्ट में किसका नाम टॉप पर है। टॉप तीन नाम जिनके खाते में रन बेहद कम है लेकिन सबसे ज्यादा स्ट्राइक रेट से रन मारने की लिस्ट में नाम ऊपर है। सनराइजर्स हैदराबाद इस बार का आईपीएल पिछले सारे रिकॉर्ड रनों के मामले में तोड़ चुका है। सनराइजर्स हैदराबाद की टीम ने एक बार नहीं बल्कि दो बार टूर्नामेंट के सबसे बड़ा स्कोर बनाकर रिकॉर्ड तोड़ा है। सबसे पहले मुंबई



इंडियंस के खिलाफ 277 रन बनाकर इसे अपने नाम किया और इसके बाद रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर के खिलाफ 287 रन बनाकर अपना ही रिकॉर्ड तोड़ डाला। जब रनों का अंबार लग रहा हो तो सबके मन में यह सवाल भी उठता है कि आखिर इस सीजन सबसे तेजी से किस बल्लेबाज ने रन बनाए हैं।

कम गेंदों पर ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज का स्ट्राइक रेट सबसे ज्यादा ऊपर रहता है। इस बार की लिस्ट में सनराइजर्स हैदारबाद के खिलाड़ी जयदेव उनादकट ने सिर्फ 1 गेंद खेली और छक्का लगाकर 600 रन स्ट्राइक रेट हासिल की है। तो उनका नाम लिस्ट में टॉप पर है। दूसरा नाम मुंबई के रोमारियो शेफर्ड का है 280 की स्ट्राइक रेट से बैटिंग करने वाले इस खिलाड़ी ने 20 गेंद पर 56 रन हैं। पंजाब किंग्स के कगिसो रबादा का स्ट्राइक रेट 266 का है, 3 गेंद पर 8 रन बनाए हैं। कम से कम 50 गेंद का सामना करने वाले बल्लेबाज की सूची में सबसे ऊपर आरसीबी के दिनेश कार्तिक का नाम है। 16 चौके और 18 छक्के मारकर इस बैटर ने 110 बॉल का सामना कर 205 की स्ट्राइक रेट से 226 रन बनाए हैं। पंजाब किंग्स के आशुतोष शर्मा का नाम लिस्ट में दूसरे स्थान पर है। 76 गेंदों में 205 की स्ट्राइक रेट से इस खिलाड़ी ने 156 रन बनाए हैं। इसके बाद कोलकाता नाइटराइडर्स के आंद्रे रसेल का नाम है उन्होंने 64 गेंदों पर 200 की स्ट्राइक रेट से 128 रन बनाए हैं।

# टी20 विश्व कप टीम में पंत का होना जरूरी - ब्रॉड

मुंबई। इंग्लैंड के पूर्व तेज गेंदबाज स्टुअर्ट ब्रॉड ने ऋषभ पंत का साथ देकर कहा कि डीसी कप्तान को आईसीसी टी20 विश्व कप 2024 के लिए भारत की टीम में शामिल किया जाना चाहिए। ब्रॉड ने कहा कि टी20 विश्व कप 2024 टीम के लिए पंत का होना जरूरी है। विभिन्न खिलाड़ियों पर विचार किया जा रहा है। उन्होंने पंत को सबसे बेहतर खिलाड़ियों में से एक के रूप में माना। आईपीएल 2024 में केकेआर के खिलाफ पंत द्वारा लगाए गए एक स्पेशल शॉट पर कहा कि उन्हें टी 20 विश्व कप टीम में जगह मिलनी चाहिए।

ब्रॉड ने कहा कि भारतीय टीम को लेकर थोड़ा विवाद चल रहा है। शायद पंत ही वे खिलाड़ी हैं, जिनके बारे में काफी चर्चा हो रही है। एक शॉट था जिसे मैंने उन्हें केकेआर के खिलाफ खेलते हुए देखा था उन्होंने डीप लेग पर छक्का लगाया। जब उन्होंने वह शॉट खेला, मुझे लगा कि



उस टी20 विश्व कप टीम में शामिल होना चाहिए। ब्रॉड ने पंत के खेलने के तरीके की बहुत सराहना कि क्योंकि 26 वर्षीय खिलाड़ी एक साल से अधिक समय के बाद वापसी कर रहा है। आईपीएल 2024 में दिल्ली कैपिटल्स के लिए पंत 7 मैचों में 210 रन बना चुके हैं। वहीं, ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेट कोच होप्स ने भी पंत की तारीफ की। पंत ने सीजन में अब तक 8 कैच और 3 स्टंपिंग किए हैं। होप्स ने कहा कि उनके खेल, उनकी कीपिंग, उनकी कप्तानी सब कुछ बहुत तेज होता जा रहा है। उनकी बल्लेबाजी शुरू से ही बहुत अच्छी रही है। टूर्नामेंट के पिछले हिस्से में उन्होंने काफी अच्छा प्रदर्शन किया है और वह वास्तव में अच्छी तरह से कप्तानी कर रहे हैं।

## जोबर्ग लेडीज ओपन - दीक्षा संयुक्त पांचवें स्थान पर पहुंची

जोहानिसबर्ग। भारत की दीक्षा डागर जोबर्ग लेडीज ओपन में अच्छे प्रदर्शन के साथ ही संयुक्त रूप से पांचवें स्थान पर पहुंच गयीं हैं। दीक्षा ने यहां तीसरे दौर में चार अंडर 69 का कार्ड खेला। इससे पहले दीक्षा ने लेडीज यूरोपीय टूर में दो बार 73, 71 और 69 के कार्ड खेले थे। इससे उनका कुल स्कोर छह अंडर हो गया है। ऐसे में अब दीक्षा को अपने करियर का तीसरा खिताब हासिल करने के लिए और बेहतर प्रदर्शन करना होगा। वहीं भारत की ही त्वेसा मलिक ने 71, 75 के बाद तीसरे दौर में 72 का कार्ड शीर्ष 25 में जगह बनायी है। इन सभी को कट में स्थान मिला था।

# मप्र-छग समेत 9 राज्यों में तापमान 42 डिग्री पहुंचा


## ओडिशा में 45 डिग्री के पार; बिहार-झारखंड में लू का प्रकोप

नई दिल्ली। देश में क्लाइमेट चेंज का असर देखने को मिल रहा है। मौसम की आंख मिचौली से जनता हालाकान है। कहीं बेमौसम बारिश हो रही है तो कहीं गर्मी का सितम है। देश के 4 राज्यों बिहार, झारखंड, ओडिशा और पश्चिम बंगाल में हीटवेव के कारण लोग परेशान हो रहे हैं। इन राज्यों में तापमान 42 डिग्री के पार पहुंचा। इसके अलावा छत्तीसगढ़, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, आंध्र प्रदेश, तमिलनाडु, पुडुचेरी, गुजरात और महाराष्ट्र में भी तापमान 42 डिग्री के करीब रिकॉर्ड किया गया। उधर, ओडिशा के कुछ जिलों में तापमान 45 डिग्री के करीब पहुंच गया है। बारिपाड़ा जिले में टेम्प्रेचर 45.2 डिग्री रिकॉर्ड किया गया। मौसम वैज्ञानिकों के अनुसार यहां आने वाले 3-4 दिन ऐसे ही हालात रहेंगे।

वहीं देश में गर्मी के दौर के साथ-साथ 26 राज्यों में बारिश का अनुमान भी जताया गया है। इनमें जम्मू कश्मीर, हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड, पंजाब, हरियाणा, राजस्थान, उत्तर प्रदेश, अरुणाचल प्रदेश, असम, मेघालय, नगालैंड, मणिपुर, मिजोरम, त्रिपुरा, सिक्किम, पश्चिम बंगाल, ओडिशा, महाराष्ट्र, गोवा, छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश,केरल, कर्नाटक, आंध्र प्रदेश, तमिलनाडु और तेलंगाना शामिल हैं।

### लू से लोगों का जीना मुहाल

देशभर में बढ़ती गर्मी और लू से लोगों का जीना मुहाल हो गया है। कोलकाता में तापमान 37.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। लू को लेकर मौसम विभाग ने बंगाल में रेड अलर्ट जारी किया है। जबकि ओडिशा और बिहार के लिए ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। वैज्ञानिकों का कहना है कि




आने वाले चार पांच दिनों तक गर्म हवाओं का प्रकोप रहेगा।

### पूर्वी भारत में लू चल रही

बढ़ती गर्मी और हीटवेव को लेकर भारतीय मौसम विभाग (आईएमडी) के वरिष्ठ वैज्ञानिक नरेश कुमार ने कहा, इस समय पूर्वी भारत में लू चल रही है। आने वाले चार-पांच दिनों तक ऐसा ही मौसम रहेगा। हीटवेव को देखते हुए पश्चिम बंगाल में रेड अलर्ट जारी किया गया है। वहां का तापमान सामान्य से पांच-छह डिग्री अधिक है। पश्चिम बंगाल में न्यूनतम तापमान भी सामान्य से अधिक है। अनुमान है कि कल से तापमान में गिरावट हो सकती है। उसके बाद चार दिनों के लिए ऑरेंज अलर्ट दिया गया है।

### ओडिशा में ऑरेंज अलर्ट

उन्होंने आगे कहा कि ओडिशा में ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। बिहार में आने वाले पांच दिनों में लू का प्रकोप रह सकता है, जिसके लिए हमने ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। झारखंड में भी हीटवेव की संभावना है। कुमार ने कहा, ओडिशा के लिए दो दिन का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। इसके बाद अनुमान हैं कि तापमान में थोड़ी गिरावट हो सकती है। दो दिन के कमी के बाद फिर ओडिशा में गर्मी की स्थिति होगी। बिहार में आने वाले पांच दिनों में लू की स्थिति बने रहने की उम्मीद है। हमने पांच दिनों के लिए अलर्ट जारी किया है। रात और सुबह का तापमान सामान्य से अधिक है। झारखंड में भी गर्मी की कुछ संभावना है। अगर दक्षिण प्रायद्वीपीय की बात करें तो वहां लू का कोई अनुमान नहीं है, लेकिन हमारे द्वारा दी गई चेतावनी गर्म और आर्द्र के लिए है और अधिकतम तापमान सामान्य से अधिक है। केरल, तमिलनाडु और आंध्र प्रदेश के लिए हमने अगले चार-पांच दिनों के लिए गर्म एवं आर्द्र चेतावनी जारी की है।

### हल्की बारिश की संभावना

आईएमडी दिल्ली के वरिष्ठ वैज्ञानिक ने राजधानी के मौसम के बारे में भी जानकारी दी। उन्होंने कहा, दिल्ली में हमारा अनुमान है कि आने वाले दो-तीन दिनों में तापमान 38 डिग्री सेल्सियस के आसपास रहने की संभावना है। इसके बाद इसमें धीरे-धीरे एक-दो डिग्री की वृद्धि हो सकती है और इसके साथ ही कल हल्की बारिश की संभावना है। फिलहाल पूर्वी भारत की बात करें तो एक-दो स्टेशनों में तापमान 44 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच चुका है। अगले चार-पांच दिनों में, पूर्वी भारत में तापमान 44 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच सकता है और उत्तर-पश्चिम भारत में इसके 40 या 41 डिग्री सेल्सियस से अधिक होने की कोई उम्मीद नहीं है।

### चीन में भारी बारिश

चीन में सोमवार को भारी बारिश और बाढ़ आने की संभावना है। चीन के राष्ट्रीय मौसम विभाग के मुताबिक 21 अप्रैल की शाम को साउथ चीन के तटीय क्षेत्रों से एक तूफान टकरा सकता है। इस तूफान को लेकर चेतावनी जारी कर दी गई है। मौसम विभाग को आशंका है कि इस तूफान के कारण चीन में सदी की सबसे बड़ी बाढ़ आ सकती है। अनुमान लगाया जा रहा है कि इस बाढ़ के कारण 12 करोड़ लोग प्रभावित होंगे। चीन के किंगयुआन शहर में शनिवार रात 8 बजे से लगातार मूसलाधार बारिश हो रही है। तूफान को देखते हुए 20,000 लोगों को सुरक्षित स्थान पर भेजा जा चुका है। इमरजेंसी सेवाएं अलर्ट मोड़ पर हैं।

### समुद्री इलाकों में जाने से रोक


गुआंग्शी के हेझोउ शहर में 65 भूस्खलन की घटनाएं हो चुकी हैं। 18 अप्रैल से चीन के गुआंग्डोंग शहर में मूसलाधार बारिश हो रही है, जिससे पर्ल रिवर डेल्टा पानी से भर गया है। कई रिहायशी इलाकों में बाढ़ का पानी घुस गया है और एक मंजिला तक घर डूब गए हैं। सरकार ने हालत ठीक होने तक समुद्री इलाकों में जाने पर रोक लगा दी है। साउथ चीन की सबसे मुख्य बेई नदी उफान पर है, यहां सोमवार तक रिहायशी इलाकों में 19 फीट ऊपर तक पानी भर सकता है। यहां हर 50 साल में एक बार ऐसी बाढ़ आती है। गुआंग्डोंग में प्रशासन इमरजेंसी मोड की तैयारी में है। इसके अलावा जियांग्शी और फुजियान में भी आज भारी बारिश की संभावना है।

### अगले आदेश तक स्कूल बंद

तूफान का असर झाओकिंग, शोगुआन, किंगयुआन और जियांगमेन शहरों पर भी दिखने लगा है। यहां 12 घंटों से भारी बारिश हो रही है। झाओकिंग के पूरे शहर में बिजली गायब है। किंगयुआन में अगले आदेश तक स्कूल बंद कर दिए गए है। शहर में मोबाइल सिग्नल भी गायब हो गए है। गुआंग्डोंग में किंगयुआन और शोगुआन में सेना को मदद के लिए भेजा गया है।

## 141 विपक्षी नेताओं पर छापे डाले, 125 भाजपा में चले गए

रीवा । शनिवार को रीवा में आयोजित जनसभा को संबोधित करते हुए सांसद विवेक तंखा ने दावा किया। ईड़ी और सीबीआई ने देश के 141 विपक्षी नेताओं के यहां छापे डाले। छापे डालकर उन्हें प्रताड़ित किया गया। जिसके कारण विपक्षी दलों के 125 नेताओं ने भारतीय जनता पार्टी में प्रवेश लेकर अपनी जान बचाई है। तन्खा ने कहा, मध्य प्रदेश में 265 अधिकारियों पर भ्रष्टाचार के आरोप हैं। उनकी संपत्ति को करने की कार्रवाई शुरू हुई। सरकार ने अपने 52 चहेते अधिकारियों के केस वापस ले लिए। उन्होंने कहा, भ्रष्टाचार को लेकर बड़ी-बड़ी बातें की जाती हैं। विवेक तंखा ने कहा कि ईड़ी और सीबीआई के द्वारा विपक्षी दलों के नेताओं को डराया और धमकाया जा रहा है। पहले आरोप लगाते हैं, फिर छापे डलवाते हैं। उसके बाद जीने भ्रष्टाचारी बताते थे उन्हीं को भाजपा में लेकर आ जाते हैं। जनसभा में कहा गया, पिछले 10 सालों में 58000 महिलाओं के साथ बलात्कार हुआ है। 2 लाख आदिवासी महिलाएं मध्य प्रदेश से गायब हैं। वक्ताओं ने भाजपा नेताओं की कथनी और करनी को उजागर करते हुए कहा, अब भाजपा 400 पार की बात कर रही है। ताकि वह संविधान को बदल सके।



इस जनसभा में प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी, राज्यसभा के सांसद विवेक तंखा पूर्व अध्यक्ष अरुण यादव मौजूद थे।


## प्रधानमंत्री को अपशब्द कहने वाले झामुमो नेता ने मांगी माफी

### एसडीओ कोर्ट ने नजरूल इस्लाम को जारी किया था नोटिस

साहिबगंज। पीएम मोदी पर आपत्तिजनक टिप्पणी करने वाले झारखंड मुक्ति मोर्चा के नेता एसडीओ की कोर्ट में पेश होकर लिखित माफीनामा पेश कर माफी मांगी है। पीएम नरेंद्र मोदी पर आपत्तिजनक टिप्पणी करने वाले झारखंड मुक्ति मोर्चा के नेता नजरूल इस्लाम ने कोर्ट में माफी मांग ली है। उन्होंने सदर एसडीओ की कोर्ट में पेश होकर लिखित माफीनामा पेश किया। नजरूल इस्लाम की पीएम पर की गई टिप्पणी के बाद बीडीओ सुबोध कुमार ने आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन करने सहित अन्य मामलों में साहिबगंज नगर थाने में केस दर्ज कराया था। इसके बाद एसडीओ कोर्ट ने उन्हें नोटिस जारी किया था। नजरूल इस्लाम शनिवार को अपने समर्थकों के साथ थाने पहुंचे और बयान दर्ज कराया। इसके बाद एसडीओ कोर्ट में पेश होकर लिखित में अपना पक्ष रखा। नजरूल इस्लाम झामुमो की केंद्रीय कमेटी का सदस्य हैं। बता दें 14 अप्रैल को अंबेडकर जयंती पर एक कार्यक्रम में नजरुल इस्लाम के भाषण का वीडियो वायरल हो गया था इसके बाद विवाद खड़ा हो गया था।

## छग में नक्सलवाद और घोटालों को लेकर योगी आदित्यनाथ ने कांग्रेस को घेरा

राजनांदगांव, कोरबा, बिलासपुर। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को छत्तीसगढ़ में तीन लोकसभा सीटों पर प्रचार अभियान की कमान संभाली। बीजेपी के स्टार प्रचारक योगी छत्तीसगढ़ में पूरे तेवर में दिखे। वहीं छत्तीसगढ़ की जनता ने भी योगी आदित्यनाथ का जोरदार स्वागत किया। इस दौरान श्बुलडोजर बाबा की जयश् और श्योगी-योगीश् के नारों से छत्तीसगढ़ की रैली गूंज उठी। योगी आदित्यनाथ ने एक तरफ जहां छत्तीसगढ़ को प्रभु श्रीराम का ननिहाल बताते हुए यूपी के साथ आध्यात्मिक संबंधों की चर्चा की तो वहीं कांग्रेस को पर भी योगी जमकर गरजे। उन्होंने राजनांदगांव लोकसभा सीट से भाजपा उम्मीदवार संतोष पांडेय, कोरबा में बीजेपी प्रत्याशी सरोज पांडेय और बिलासपुर में पार्टी के उम्मीदवार तोखन साहू के पक्ष में भारी मतदान की अपील की। योगी आदित्यनाथ के निशाने पर कांग्रेस के घोटाले और नक्सलवाद रहे। उन्होंने पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल पर भी जमकर प्रहार किया। कहा कि बघेल सरकार के दौरान 18 लाख गरीबों के मकान रोक दिये गये थे, जो अब मिलेंगे।



राजनांदगांव में जनसभा को संबोधित करते हुए योगी आदित्यनाथ ने कहा कि कांग्रेस घोटाले, आतंकवाद, नक्सलवाद का नाम है। जिस आयु में युवाओं के हाथों में पुस्तक, टैबलेट, दुनिया को आगे बढ़ाने का जज्बा होना चाहिए, कांग्रेस ने उस आयु के बच्चों के हाथों में तमंचे पकड़ा दिए। उन्हें भारत के खिलाफ ही लड़ने के लिए नक्सलवाद, आतंकवाद, उग्रवाद के नाम पर उकसाया। कांग्रेस शासन के समय यहां लव जेहाद की घटनाओं को छूट दे दी गई थी। सामान्य नागरिक भुवनेश्वर साहू के साथ हुई घटना कोई भूला नहीं है। छत्तीसगढ़ की जनता का अभिवादन करता हूं कि उनके पिता ईश्वर साहू को विधायक बनाकर भुवनेश्वर की स्मृतियों को जीवंत बनाने का कार्य किया है। भुवनेश्वर ने लव जेहाद और कांग्रेस की तुष्टिकरण की नीति का विरोध करते हुए अपना बलिदान दे दिया था। योगी ने कहा कि इस सीट पर कांग्रेस ने पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को प्रत्याशी बनाया है। उनके ऊपर पहले से शराब, कोयला, पब्लिक सर्विस कमीशन, महादेव ऐप आदि के घोटाले का आरोप और एफआईआर हो, वह व्यक्ति ठसक के साथ चुनाव लड़ने का दुस्साहस कर रहा है। वह मानकर चलता है कि कितना भी बड़ा अपराध करेंगे और समाज की आंखों में धूल झोंककर सत्ता हथिया लेंगे। वे यह जान लें कि नए भारत में घोटालेबाज नहीं चलेंगे। कोरबा में जनसभा को संबोधित करते हुए योगी आदित्यनाथ ने कहा कि आज का भारत नक्सलवाद के सामने घुटने नहीं टेकता, बल्कि उसे नेस्तनाबूद करने का माद्दा रखता है। उन्होंने कांग्रेस पर हमला बोलते हुए कहा कि तमाम घोटाला करने वाली कांग्रेस ने यहां गोबर घोटाला भी कर दिया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस न सुरक्षा दे सकती है, न सुशासन। योगी आदित्यनाथ ने आरोप लगाया कि कांग्रेस का नक्सलवाद से सांठगांठ किसी से छिपा नहीं है।

## दवा मिल नहीं रही, कैसे होगा टीबी मुक्त भारत

### राज्य दवा उपलब्ध कराने में कर रहे लेट-लतीफी

नई दिल्ली। बीमारी खत्म करने के लिए दवा का होना बेहद जरुरी होता है, ऐसे में जबकि भारत को 2025 तक टीबी मुक्त करने की योजना है, इसे फलिभूत करने दवाओं का होना भी जरुरी है। दरअसल टीबी के मरीजों को दवा देने के मामले में कुछ राज्य गंभीर नजर नहीं आ रहे हैं। अनेक राज्य दवा खरीदी मामले में लेट-लतीफी करते नजर आए हैं, जिस कारण दवा का अभाव देखने में आया है। सूत्रों की मानें तो केंद्र के संबंधित विभागों के पास पर्याप्त दवा का स्टॉक नहीं होना भी एक कारण है।

यहां बतला दें कि टीबी की दवा बनाने वाली देश में प्रमुख 3 से 4 कंपनियां ही हैं। ये कंपनियां ही केंद्र के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग को टेंडर के जरिए दवा उपलब्ध कराती हैं। ऐसे में जब कुछ राज्यों ने कंपनियों से दवा के लिए संपर्क किया तो उन्होंने पंजीयन स्टॉक नहीं होने का रोना रोया, जिससे दवा आपूर्ति नहीं हो सकी। ऐसे में यहां हम मध्?य प्रदेश की ही बात कर लें जहां टीबी की दवा मरीजों को नहीं मिल पा रही है। यह जानकारी राजधानी भोपाल के अस्पतालों में दवा के लिए चक्कर काटते मरीजों ने दी है। ऐसे में सवाल किया जा रहा है कि जब ये हालात प्रदेश की राजधानी के हैं तब सूबे के दूरदराज इलाकों में क्या हो रहा होगा, आसानी से समझा जा सकता है। एक तरफ दवा के लिए मरीज परेशान हैं तो वहीं दूसरी तरफ चिकित्सकों ने इसका हल निकालते हुए बच्चों को दी जाने वाली दवा की खुराक बढ़ा कर बड़े मरीजों को देना शुरु कर दिया है। यहां बतलाते चलें कि इन टीबी मरीजों में ज?यादातर संख्या भोपाल गैस त्रासदी के पीड़ितों वाली है। इन्हें यदि समय पर दवा उपलब्ध नहीं होती तो इनमें टीबी जैसी घातक बीमारी दोबारा आक्रमण कर सकती है। इससे टीबी मरीजों की संख्या कम होने की जगह बढ़ने का अंदेशा भी जतलाया जा रहा है।

विशेषज्ञों की राय है कि टीबी के मरीज समय पर दवा लें नहीं तो छह महीने पहले जो उन्?हें शिकायत थी वह पुन- उभर सकती है। यहां भोपाल टीबी अस्पताल में इलाज कराने वाले और दवा लेने आने वाले अनेक मरीजों का कहना है कि पिछले 12-15 दिनों से दवाएं उन्हें नहीं मिल रहीं हैं।

यहां बतलाते चलें कि साल 2018 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने टीबी मुक्त भारत अभियान की शुरुआत की थी। खास बात यह है कि तब पीएम मोदी ने कहा था कि दुनिया ने टीबी को खत्म करने के लिए 2030 तक का समय तय किया है, लेकिन भारत ने अपने लिए यह लक्ष्य 2025 तय किया है। सूत्र कहते हैं केंद्र ने तो दवाओं का पर्याप्त स्टाक बना रखा है, लेकिन राज्य ही लेट-लतीफी करें तो क्या होगा। अब आसानी से समझा जा सकता है कि केंद्र सरकार ने देश को 2025 तक टीबी मुक?त करने का जो लक्ष?य रखा है, उसे कैसे पूरा किया जा सकता है, जबकि मर्ज सही करने दवा का आभाव बराबर बना हुआ है।

### उमर अब्दुल्ला डेमोक्रेटिक पार्टी की अध्यक्ष महबूबा पर बरसे

## एक सीट के लालच में हमें छोड़ दिया

नई दिल्ली। नेशनल कॉन्फ्रेंस के उपाध्यक्ष उमर अब्दुल्ला इंडिया गठबंधन की सहयोगी पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी की अध्यक्ष महबूबा मुफ्ती पर जमकर बरसे। उन्होंने कहा कि यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि उनकी पार्टी अनंतनाग-राजौरी संसदीय क्षेत्र में ऐसे मित्र के खिलाफ चुनाव लड़ रही है जो एक सीट के लिए लालची बन गया है। अब्दुल्ला ने पीडीपी के दक्षिण कश्मीर की सीट से चुनाव लड़ने पर यह बात कही। उन्होंने कहा कि दक्षिण कश्मीर सीट पर लड़ाई भाजपा से नहीं है। दुर्भाग्य से, वहां नेशनल कॉन्फ्रेंस का मुकाबला हमारे एक मित्र से है जो कुछ दिन पहले तक हमारे साथ था। अब एक सीट के लालच में हमें छोड़ दिया। अब्दुल्ला ने श्रीनगर लोकसभा क्षेत्र से पार्टी उम्मीदवार आगा सैयद रुहुल्लाह मेहदी के समर्थन में चुनावी सभा को संबोधित किया। इसके बाद उन्होंने पत्रकारों से बातचीत में कहा एनसी और पीडीपी विपक्षी इंडिया गठबंधन का हिस्सा हैं। वे पीपुल्स अलायंस फॉर गुपकार डिक्लेरेशन का भी हिस्सा था जिसका गठन अनुच्छेद 370 को निरस्त किए जाने के बाद किया गया था। एनसी की ओर से पीडीपी के लिए एक भी सीट छोड़े बिना कश्मीर घाटी में सभी 3 निर्वाचन क्षेत्रों से उम्मीदवार उतारने की घोषणा किए जाने के बाद यह गठबंधन टूट गया।



## देश ही नहीं अंतरराष्ट्रीय मीडिया भी देख रहा केजरीवाल की हत्या की साजिश

### -मंत्री व आप नेता सौरभ भारद्वाज ने केंद्र पर बोला हमला

नई दिल्ली। दिल्ली में तिहाड़ जेल में बंद अरविंद केजरीवाल को लेकर दिल्ली सरकार के मंत्री और आम आदमी पार्टी के नेता सौरभ भारद्वाज ने फिर केंद्र सरकार पर हमला बोला है। उन्होंने कहा कि भारत की जनता ही नहीं बल्कि अंतरराष्ट्रीय मीडिया देख रहे हैं कि किस तरह जनता द्वारा चुने हुए मुख्यमंत्री की हत्या की साजिश केंद्र सरकार कर सकती है।

उन्होंने कहा कि तिहाड़ जेल के डीजी ने कल एम्स को एक पत्र लिखा जिसमें डीजी ने लिखा कि जेल प्रशासन को एक शुगर विशेषज्ञ की जरूरत है, आज भाजपा की केंद्र सरकार सबके सामने बेनकाब हो गई है। भारद्वाज ने कहा कि कल तक ये लोग (केंद्र सरकार) कह रहे थे कि उनके पास सभी विशेषज्ञ मौजूद हैं। जेल में सब कुछ मौजूद है, अस्पताल है, बेड है, इंसुलिन है, सब कुछ है, अरविंद केजरीवाल झूठ बोल रहे हैं। भारद्वाज ने कहा एक सामान्य डॉक्टर, मुझे नहीं मालूम वो कौन है। उसके कहने पर सारा हेरफेर किया जा रहा है और दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल को दवा नहीं दी जा रही है जो उनके स्वास्थ्य के लिए बहुत जरुरी है।

### सतना में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडगे़ ने सभा को संबोधित करते हुए कहा

## महंगाई और बेरोजगारी से सिर्फ मोदी खुश; गरीब मर रहे हैं

सतना। कांग्रेस के स्टार प्रचारक राहुल गांधी का दौरा कैंसिल होने के बाद कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडगे़ रविवार को सतना में सभा को संबोधित करने पहुंचे। बीटीआई मैदान में मल्लिकार्जुन खडगे़ ने कहा कि मैं पहले माफी चाहता हूं कि राहुल नहीं आ सके। उन्हें फूड पॉइजनिंग हुई है। उन्होंने मुझसे कहा कि मुझे सतना जाना था। अब अगर इसकी भरपाई कोई कर सकता है तो आप ही कर सकते हैं। यहां से मुझे रांची भी जाना है। वहां इंडिया गठबंधन की मीटिंग है। मुझे भी पहुंचना था, लेकिन यहां आने की वजह से मैं वहां लेट पहुंचूंगा।



उन्होंने कहा मैं कई जगह घूमा। जहां भी हम गए, वहां लोगों के प्रमुख मुद्दे महंगाई-बेरोजगारी हैं। महंगाई गरीबों की कमर तोड़ रही है। जान ले रही है। कोई खुश नहीं है। एक ही आदमी मोदी खुश है।

दो आदमी देश के हर सामान को बेच रहे हैं। एयरपोर्ट, रोड, रेलवे बेच रहे। अडाणी और अंबानी लेने वाले हैं, मोदी और शाह बेचने वाले हैं। बैंक बर्बाद कर दिए। 16 लाख करोड़ रु. अमीरों का कर्ज माफ कर दिया, लेकिन गरीब किसानों का माफ नहीं हुआ। खडगे़ ने कमलनाथ की तारीफ की। बोले, जब कमलनाथ की सरकार थी, उसने तो कमाल कर दिया। 27 लाख किसानों का कर्ज माफ किया। ओबीसी को 27 प्रतिशत आरक्षण दिया। 100 यूनिट बिजली 100 रुपए में दी।

### संविधान बदलने के लिए मांग रहे मेजोरिटी

मोदीजी कहते हैं कि डॉ. आंबेडकर ऊपर से नीचे आए तो भी संविधान नहीं बदलेगा। ये मेरे नहीं, उनके अल्फाज हैं। आपने सुना होगा-पढ़ा होगा। मैं पूछता हूं कि अगर ये सच है तो आपके सांसद लोग क्यों कहते हैं, भागवत क्यों कहते हैं, एमएलए क्यों कहते हैं कि हमको टू थर्ड मेजोरिटी दो, हम संविधान बदलेंगे। बोला या नहीं। ये उनका कहना है। क्या ऐसे इंसान के नेतृत्व को आप वोट देंगे।

### मोदी कहते हैं मैं मुफ्त राशन दे रहा

मोदी हमेशा कहते हैं- भाइयों और बहनों, मैं 80 करोड़ लोगों को मुफ्त राशन दे रहा। अरे, हमने खाद्य सुरक्षा कानून बनाया था। इस कानून के मुताबिक हम पहले से राशन देते थे। आपने तो 5 किलोग्राम जोड़ा है और बोले रहे- मैं मुफ्त दे रहा। मोदी खूब झूठ बोलते हैं। वे अपनी पार्टी तक का नाम नहीं लेते, कहते हैं- ये मोदी की देन है, मोदी की गारंटी, सब मोदी-मोदी है...। मोदी ने 15 लाख रुपए देने का वादा किया था, मिला क्या? हर साल 2 करोड़ नौकरी देने का वादा किया था, अब 10 साल हो गए, इस हिसाब से 20 करोड़ नौकरियां मिलीं क्या? किसानों की आमदनी डबल हुई?

### लोग पूछ रहे, कहां है तुम्हारा विकास

मोदी ने स्लोगन दिया- सबका साथ-सबका विकास, बाकी लोगों का सत्यानाश। लोग पूछ रहे- कहां है तुम्हारा विकास? राजीव गांधी ने साइंस और टेक्नोलॉजी को बढ़ावा देकर रॉकेट बनाया। इंदिरा गांधी ने इस रॉकेट को उड़ाया। आप सिर्फ कांग्रेस और गांधी फैमिली को गाली देते हैं। प्रजातंत्र, लोकशाही को मोदी खत्म कर रहे हैं। कहते ये हैं कि डॉ. आंबेडकर ऊपर से नीचे भी आएं तो संविधान नहीं बदलेगा।

### महिला कल्याण विभाग ने सभी विभागाध्यक्षों को जारी किया दिशा निर्देश

## सरकारी कर्मचारियों को अब देना होगा दहेज न लेने का शपथपत्र

वाराणसी। दहेज पर लगाम लगाने के लिए शासन स्तर से सख्ती शुरू हो गई है। सरकारी सेवा में कार्यरत अधिकारी-कर्मचारी अपनी शादी में अब दहेज नहीं ले सकेंगे। उन्हें शादी के समय का जिक्र करते हुए अपने नियुक्ति अधिकारी को यह शपथ पत्र देना होगा कि उन्होंने अपनी शादी में किसी तरह का दहेज नहीं लिया है।

वाराणसी के सबसे बड़े सरकारी सेवा वर्ग से जुड़े शिक्षकों ने इस व्यवस्था का स्वागत करते हुए कहा कि वे दहेज नहीं लेंगे और विद्यार्थियों व अन्य लोगों को भी ऐसा करने के लिए प्रेरित करेंगे। सरकारी अधिकारियों-कर्मचारियों को अपनी शादी में दहेज लेने से रोक लगाने के लिए शासन स्तर से पहल शुरू हो गई है। शासन उत्तर प्रदेश दहेज प्रतिषेध नियमावली 2004 का पालन सख्ती से कराने के लिए सक्रिय हो गया है। महिला कल्याण विभाग की निदेशक संदीप कौर ने सभी विभागाध्यक्षों को दिशा निर्देश जारी किया है कि सरकारी सेवकों से इसका शपथ पत्र लिया जाए। इसके लिए निर्धारित फॉर्मेट में एक शपथ पत्र भरकर देना होगा, जिसमें स्पष्ट करना होगा कि उसने शादी के समय या बाद में दहेज नहीं लिया है।



### दहेज नहीं, पढ़ी-लिखी लडक़ी चाहिए

जिले में सरकारी सेवा के सबसे बड़े वर्ग से जुड़े शिक्षकों ने इस निर्देश का स्वागत करते हुए कहा कि हमें दहेज नहीं, पढ़ी-लिखी लडक़ी को प्राथमिकता देनी चाहिए। उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष सकलदेव सिंह ने कहा कि शासन के इस आदेश का पालन हर शिक्षक करेगा और विद्यार्थियों व अन्य लोगों को भी प्रेरित करेगा। शैक्षिक महासंघ के कार्यकारी जिलाध्यक्ष ज्योतिप्रकाश ने कहा कि समाज के लिए अभिशाप दहेज के कारण कई मासूम लड़कियों ने आत्महत्या कर ली।

# जय महावीर के जयघोष से गुंजा शहर

## भगवान महावीर जन्म कल्याणक महोत्सव पर निकली शोभायात्रा, चांदी के रथ पर सवार होकर निकले श्रीजी, भगवान की पालकी कंधो पर उठा नग्न पैरो से चले भक्त

**बालाघाट( पदमेश न्यूज़ )। प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी जिला मुख्यालय सहित अन्य तहसील व ग्रामीण अंचलों में 21 अप्रैल रविवार को भगवान महावीर का जन्मोत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया गया ।जिसके तहत जगह जगह विभिन्न कार्यक्रमो के अयोजन किए गए ।विश्व वंदनीय शासन नायक सारे जगत को अहिंसा, दया, क्षमा, शांति, मित्रता, जियो और जीने दो, का संदेश देनेवाले भगवान महावीर का 2623 वे जन्म कल्याणक महोत्सव पर नगर में भव्य शोभायात्रा निकाली गई ।वही सुबहा से लेकर देर शाम तक विभिन्न कार्यक्रम सम्पन्न कराए गए।**

### शोभायात्रा रही मुख्य आकर्षण का केंद्र

रविवार 21 अप्रैल को भगवान महावीर के जन्मोत्सव पर नगर में निकाली गई तो भव्य शोभायात्रा मुख्य आकर्षण का केंद्र बनी रही जहां चांदी के रथ और पैदल कंधो पर भगवान महावीर को पालकी पर सवार कराकर नगर में भगवान महावीर की शोभायात्रा निकाली गई। जब नगर भृमण के लिए शोभायात्रा निकली गई तो जय महावीर का जयघोष गुंजायमान हो उठा। भगवान महावीर स्वामी जी के जन्म कल्याणक महोत्सव के तहत प्रात: 7 बजे महावीर चौक में ध्वजारोहण किया गया। जिसके बाद प्रात: 9:30 बजे श्री पार्श्वनाथ भवन से भगवान महावीर की भव्य शोभायात्रा निकाली गई। जो शहर के प्रमुख मार्गो से होकर गुजरी। जिसमें बड़ी संख्या में सकल जैन समाज पारंपरिक वेशभूषा में महावीर के जयकारों लगाते हुए नज़र आए।



### जय महावीर के जयघोष से गूंज उठा शहर

विश्व वंदनीय भगवान महावीर के जन्म कल्याण महोत्सव पर नगर में निकाली गई भव्य शोभायात्रा में रथ के साथ ही पालकी में सवार भगवान महावीर का प्रकाश वातावरण को अलौकिक कर रहा था। पूरी फिजा धर्ममय होकर शांति के अग्रदूत भगवान महावीर के शांतिदूत की तरह शोभायात्रा को चार चांद लगा रही थी। शोभायात्रा में बच्चे घोड़ो पर सवार थे। जहां इस शोभायात्रा के दौरान जय महावीर के जयघोष से पूरा शहर गूंज उठा और भक्तों ने भगवान महावीर की शान में जमकर नारे लगाए। तो वही जगह-जगह इस शोभा यात्रा का स्वागत किया गया। भगवान महावीर जन्म कल्याण महोत्सव समिति द्वारा भगवान महावीर के जन्मोत्सव पर निकाली गई शोभायात्रा में बड़ी संख्या में सामाजिक बंधुओं के साथ ही सकल समाज के लोग, भगवान महावीर के जन्म की खुशियों में सहभागी बने। इस शोभायात्रा में सोहन वैद्य, महेन्द्र सुराना, अभय सेठिया, संतोष जैन, डॉ. चंद्रशेखर चतुरमोहता, सुशील जैन, राकेश बाफना, ज्ञानचंद बाफना, डॉ. आर.के. जैन, अजय लूनिया, श्रेयांस वैद्य, विकल्प चौरड़िया, अतुल वैद्य, पवन बाफना, आशीष कांकरिया, कपिल कांकरिया, मोनिल जैन सहित सकल जैन समाज के लोग मौजूद थे।

### भजन संध्या में भक्ति गीतों पर झूमते नजर आए भक्तगण

ज्ञात हो कि भगवान महावीर जन्म कल्याण महोत्सव समिति के तहत भगवान महावीर के जन्मोत्सव पर 09 दिवसीय सामाजिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया था। भगवान महावीर जन्म कल्याणक महोत्सव के तहत 09 दिनों तक विभिन्न कार्यक्रमों में योग शिविर, स्कूल बैग वितरण, अनाथ बच्चों के लिए चित्रकारी प्रतियोगिता, पौधारोपण, गुरू भक्ति गरबा नाईट, नृत्य नाटिका प्रतियोगिता, आदिवासी आश्रम शाला के बच्चों को स्टेशनरी का वितरण, गमछा और टोपी का वितरण, प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता, भगवान महावीर के संदेशों को प्रदर्शित करते स्लोगन प्रतियोगिता, अहिंसा सायकिल रैली, पशुओं को चारा, गुड़ एवं दवाई, छात्रावास में फल, दवाई एवं भोजन तथा शाम म्यूजिकल हाउजी कार्यक्रम आयोजित किया गया ।इसके अलावा विभिन्न सामाजिक और सेवीभावी कार्य किए गए ।भगवान महावीर जन्मोत्सव पर 21 अप्रैल रविवार को प्रात: 9:30 बजे शोभायात्रा के साथ ही दिन भर विभिन्न कार्यक्रमो के आयोजन किए गए तो वही इन्ही कार्यक्रमो तहत शाम 06 बजे से कृषि उपज मंडी के सामने इतवारी गंज में सुप्रसिद्ध भजन गायक अंकिल लोढ़ा का भक्ति भजन संध्या का आयोजन किया गया। इस आयोजन में गायको द्वारा एक से बढ़कर एक भक्ति भजन की प्रस्तुति दी गई। जिसमें उपस्थित श्रद्धालु भक्तगण झुमते, गाते नाचते हुए नजर आए।

# पति के लेने आने की पूर्व ही नव विवाहिता ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

## चांगोटोला थाने की ग्राम पादरीगंज की घटना, पिछले माह ही प्रतिमा की अतरसिंह ग्राम जेवनारा निवासी के साथ हुई थी शादी

बालाघाट(पदमेश न्यूज़)। पति के लेने आने के पूर्व ही एक नवविवाहिता ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। यह घटना चांगोटोलाटोला थाना क्षेत्र में आने वाले ग्राम पादरीगंज में हुई ।चांगोटोला पुलिस ने पादरीगंज के जंगल से नवविवाहिता श्रीमती प्रतिमा पति अतर सिंह उइके 18 वर्ष ग्राम पादरीगंज निवासी की लाश बरामद की और जिला अस्पताल बालाघाट में पोस्टमार्टम करवा कर उसके परिजनों को सौंप दिया है इस नवविवाहिता ने किस वजह से फांसी लगाकर आत्महत्या की स्पष्ट नहीं हो पाया है। आगे जांच परसवाड़ा एसडीओपी सतीश साहू द्वारा की जा रही है प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम पादरीगंज में प्रतिमा अपनी दादी के साथ रहती थी। जिसके पिता धनलाल धुर्वे की 12 वर्ष पहले मृत्यु हो चुकी है। इसके बाद उसकी मां अनिता धुर्वे ने दूसरी शादी कर ली। जो अपने पति सचिन श्यामकुवर के साथ परसवाड़ा गोंदिया में रहती है और मजदूरी करती है जिनका एक 6 वर्ष का बेटा भी है। प्रतिमा अपनी दादी के साथ रहकर खेती करती थी। जिसकी करीब 7 एकड़ कृषि भूमि बताई गई है। 19 मार्च को प्रतिमा की शादी उसकी दादी और गांव वालों ने मिलकर अतर सिंह उइके ग्राम जेवनारा थाना नैनपुर जिला मंडला निवासी के साथ सामाजिक रीति रिवाज से की थी। इस शादी में प्रतिमा की माँ अनिता अपने दूसरे पति के साथ आई थी जिसने दहेज खरीदी करीब 18 हजार रुपये शादी में खर्च की थी। शादी के बाद प्रतिमा अपने ससुराल में ही रहती थी। बताया गया है कि गुरुवार को प्रतिमा अपने पति अंतरसिंह के साथ अपने मायके पादरीगंज आई थी। अतर सिंह प्रतिमा को छोड़कर अपने घर चला गया था और उसने शनिवार 20 अप्रैल को लेने आने बोला था। 20 अप्रैल को प्रतिमा ने अपने पति के साथ ससुराल जाने की तैयारी कर ली थी। किंतु पति अतरसिंह के आने के पहले प्रतिमा अचानक लापता हो गई। रात्रि में भी घर वापस नहीं आई। परिवार के लोगों ने गांव मोहल्ले पड़ोस में खोजबीन किया। किंतु प्रतिमा नहीं मिली ।21 अप्रैल को सुबह जब बकरी चराने वाले पादरीगंज काष्टागार के पीछे पहाड़ी जंगल बकरी चराने गये थे तब उन्होंने पेड़ के नीचे प्रतिमा की लाश देखी गई। प्रतिमा ने पेड़ में दुपट्टा बांध कर फांसी लगाई थी किन्तु दुपट्टा टूटने से प्रतिमा नीचे गिर गई थी।



बकरी चराने वालो ने प्रतिमा के परिवार वालो को जाकर बताये । खबर मिलते ही प्रतिमा के परिवार के अलावा गाँव के लोग और पति अतरसिंह भी मौके पर पहुँच गये । सूचना मिलने पर परसवाड़ा एसडीओपी सतीश साहू, चांगोटोला थाना प्रभारी अविनाश कुमार राठौर अपने स्टाफ के साथ मौके पर पहुंचे, जिला मुख्यालय से पहुंची एफएसएल टीम ने मौके पर जांच पड़ताल की। तहसीलदार श्री अहिरवार ने नवविवाहिता प्रतिभा उइके की लाश का पंचनामा कार्यवाही की जिसके बाद लाश पोस्टमार्टम हेतु जिला अस्पताल बालाघाट भिजवायी गई। जहा प्रतिमा की लाश का एक्सरे करवाने के बाद चिकित्सको की टीम द्वारा पोस्टमार्टम किया गया। जिसके बाद प्रतिमा की लाश अंतिम संस्कार हेतु उसके परिजनों को सौंप दिया गया। जानकारी के मुताबिक प्रतिमा को ससुराल और मायके में किसी भी प्रकार की परेशानी नहीं थी। किंतु उसके बाद भी उसने किस वजह से फांसी लगाकर आत्महत्या की अभी स्पष्ट नहीं हो पाया है। आगे मर्ग जांच परसवाड़ा एसडीओपी सतीश साहू द्वारा की जाएगी।

# पिकअप की ठोकर से मोटरसाइकिल में सवार पति-पत्नी सहित उनके तीन बच्चे घायल

## गंभीर रूप से घायल 5 वर्षीय बच्ची की जिला अस्पताल लाते समय मौत

बालाघाट (पदमेश न्यूज़)। बैहर रोड ग्राम चिखलाझोड़ी के पास पिकअप ने मोटरसाइकिल को चपेट में ले लिया पिकअप की जबरदस्त ठोकर से मोटरसाइकिल में सवार ओझाटोला भांडी पिपरिया निवासी उइके दंपत्ति और उनके तीन बच्चे घायल हो गए जिनमे गंभीर रूप से घायल 5 वर्षीय मासूम बच्ची प्रियल पिता राज उइके की जिला अस्पताल लाते समय रास्ते में मौत हो गई। 21 अप्रैल की शाम 5:30 बजे करीब यह दुर्घटना रूपझर थानाक्षेत्र में उस समय हुई जब राज उइके अपने परिवार के साथ मोटरसाइकिल में बिठली से अपने घर आ रहे थे। राज पिता नत्थूलाल उइके 30 वर्ष उनकी पत्नी सोनिका उइके 28 वर्ष बेटी प्रेरणा उइके 9 वर्ष, प्रियंका उइके 16 माह को जिला अस्पताल में भर्ती किया गया है। जिला अस्पताल पुलिस ने मृत बच्ची प्रियल उइके की लाश जिला अस्पताल के फ्रीजर में रखवा दी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार राज उइके होटल में काम करते है। जिनका ससुराल ग्राम बिठली (रूपझर) का है। 20 अप्रैल को बिठली में राज उइके के साले की शादी थी। 17 अप्रैल को राज उइके की पत्नी सोनिका उइके अपने तीन बच्चों को लेकर बस से अपने मायके बिठली चली गई थी। 20 अप्रैल को राज उइके मोटरसाइकिल में ग्राम बिठली अपने ससुराल शादी के कार्यक्रम में शामिल होने के लिए गया था। शादी के कार्यक्रम होने के बाद 21 अप्रैल की शाम 5:30 बजे करीब राज उइके अपने पत्नी सोनिका उइके और तीन बच्चों को लेकर मोटरसाइकिल में बिठली से अपने घर ओझाटोला भांडी पिपरिया आने निकला था। तभी बालाघाट से बैहर रोड पर स्थित ग्राम चिखलाझोड़ी अस्पताल के सामने बालाघाट की ओर से तेज रफ्तार से बैहर की ओर जा रही पिकअप ने मोटरसाइकिल को ठोस मार दी। पिकअप की जबरदस्त ठोकर से मोटरसाइकिल में सवार राज उइके उनकी पत्नी सोनीका उइके और तीन बच्चे घायल हो गए। पांचो घायल को 100 डायल से जिला अस्पताल बालाघाट लाया गया। जहां 5 वर्षीय बच्ची प्रियल उइके को डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। प्रियल उइके की जिला अस्पताल लाते समय रास्ते में ही मौत हो चुकी थी। घटना में घायल राज उइके उनकी पत्नी सोनीका उइके और उनके तीन बच्चों को जिला अस्पताल में भर्ती किया गया है। जिला अस्पताल पुलिस चौकी प्रभारी शिवदयाल पटले ने दुर्घटना में मृत बच्ची प्रियल उइके की लाश जिला अस्पताल के फ्रीजर में सुरक्षित रखवा दी है। जिसका पोस्टमार्टम 22 अप्रैल को किया जाएगा।



# मतदान केंद्र में लापरवाही बरतने पर नियुक्त तीन पीठासीन अधिकारियों को किया निलंबित

बालाघाट (पद्मेश न्यूज़)। लोकसभा निर्वाचन 24 अंतर्गत 19 अप्रैल को हुए मतदान के दौरान मतदान केंद्र क्रमांक- 165, 195 और 242 में मोबाईल प्रतिबंध के बावजूद मतदाताओं द्वारा मोबाइल से प्रवेश किया गया। मतदान केंद्रों में मोबाइल के साथ प्रवेश करने के बाद तीनों बूथों के वीडियो और फोटो वायरल हुई थे। हालांकि तीनों मामलें में पीठासीन अधिकारियों द्वारा कोतवाली में एफआईआर दर्ज कराई का चुकी है। लेकिन पीठासीन अधिकारियों की लापरवाही पर कलेक्टर व जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा ने तीनों पीठासीन अधिकारियों पर कार्यवाही की है। इसमें मतदान केंद्र क्रमांक-165 गर्रा के पीठासीन अधिकारी बलिराम वाकड़े, मतदान केंद्र क्रमांक-195 की पीठासीन अधिकारी रचना पटले और मतदान केंद्र क्रमांक-242 के पीठासीन अधिकारी अमित डाहट को मतदान केंद्र में मप्र सिविल सेवा नियम-1996 के नियम-9 के उपनियम (1)(क) तथा लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा-134 के अंतर्गत तत्काल प्रभाव से निलंबित किया गया है।

# 7376 मतदान अधिकारियों को जारी हुआ मानदेय

बालाघाट (पद्मेश न्यूज़)। लोकसभा निर्वाचन-24 में 19 अप्रैल को हुए मतदान में कुल 7376 मतदान अधिकारी नियुक्त किये गए थे। नियुक्त इन सभी मतदान अधिकारियों को मानदेय की राशि 18 अप्रैल को ही कयाडी कर दी गई है। जिला कोषालय अधिकारी अमित मरावी ने बताया कि 6 विधान सभा में 1819 पीठासीन अधिकारी, 1820 मतदान अधिकारी-एक, 1907 मतदान अधिकारी- दो और 1830 मतदान अधिकारी-3 नियुक्त हुए थे। इसी तरह इन सब को कुल 8103600 रुपये की राशि बैंक खातों में जारी कर दी









स्वत्वाधिकारी, मुद्रक एवं प्रकाशक उमेश बागरेचा द्वारा पद्मेश पब्लिकेशन, वार्ड नं.9, गुजरी चौक, बालाघाट ( म.प्र. ) से मुद्रित कराकर काली पुतली चौक, बालाघाट से प्रकाशित, संपादक- उमेश बागरेचा, मो.नं. - ९४२५१३८७१० रजि. नं. एम.पी. एच. आई. एन. /२००९/३२३११, न्यायालयीन क्षेत्राधिकार बालाघाट